


वाराणसी, बुधवार 19 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 6, वर्ष 14, अंक 14, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित


अन्दर : सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे पांड्या



अन्दर : जद (यू) को बचाने आ रहे हैं निशांत ?


डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# विस में गूंजा 'कुंभ में मौत के आंकड़े जारी करो'

**समाजवादी पार्टी का हंगामा, अभिभाषण पूरा नहीं पढ़ पाईं राज्यपाल आनंदीबेन**

**अंग्रेजी और ऊर्दू पर भी बहस, बेड़ियों में विधानसभा पहुंचे सपा विधायक**

**सीएम योगी बोले, देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है सपा**





**लखनऊ।** विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जैसे ही अभिभाषण पढ़ना शुरू किया, सपा विधायक वेल में आ गए। राज्यपाल वापस जाओ, नकारा है सरकार। कुंभ में मौत के आंकड़े जारी करो, झूठा भाषण बंद करो...जैसे नारे लगाने लगे।

शोर-शराबे के बीच राज्यपाल महज साढ़े 8 मिनट भाषण पढ़कर लौट गईं, जबकि उनका अभिभाषण 59 मिनट का था। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष ने साढ़े 12 बजे तक सदन स्थगित कर दिया, फिर सदन शुरू हुआ तो नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि विधानसभा में अगर अंग्रेजी बोल सकते हैं तो उर्दू भी करना चाहिए। उर्दू भी तो भाषा है। इस पर सीएम योगी गुस्से में नजर आए। कहा, ये लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे। दूसरे के बच्चे के लिए अगर वह सुविधा सरकार देना चाहती है तो कहते हैं कि इसको उर्दू पढ़ाओ। यानी ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं। देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं। यह नहीं चलेगा। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले, विधानसभा के बाहर सपा ने जोरदार प्रदर्शन किया। सपा विधायक अतुल प्रधान खुद को बेड़ियों में जकड़कर पहुंचे। कहा- अमेरिका जिस तरह से भारतीयों का अपमान कर रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा साइकिल से विधानसभा पहुंचे। उन्होंने साइकिल पर मटकी टांग रखी थी, जिस पर लिखा था- नैतिकता का अस्थि कलश।

## विपक्ष का आचरण गैर जिम्मेदाराना : केशव मौर्य



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से प्रदेश में जो सरकार काम कर रही है, उसकी जानकारी दी जाती है। समाजवादी पार्टी का आचरण सदा ऐसा ही रहा है कि वे महामहिम राज्यपाल का आदर करने के बजाय हल्लाबोल करते हैं। सपा ने यह दिखा दिया कि वे एक जिम्मेदार राजनीतिक दल कम और अराजकता फैलाने वाला दल ज्यादा है।

## शिवपाल बोले, सरकार ने झूठा भाषण बनाया था



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर शिवपाल यादव ने कहा, यह सरकार का बनाया हुआ पूरा झूठा भाषण था। राज्यपाल महोदया ने इस झूठे भाषण को पूरा पढ़ा ही नहीं। सपा के सभी विधायकों की भी यही मांग थी कि इस झूठे भाषण को ना पढ़ा जाए।

## विधान सभा के बाहर





### खुद को बेड़ियों में जकड़कर विस पहुंचे सपा विधायक

मेरठ के सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान खुद को बेड़ियों में जकड़कर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने, छोटे से देश कोलंबिया और मैक्सिको ने अमेरिका की आंखों में आंख डालकर कहा कि हम अपने देश का अपमान नहीं सहेंगे। भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर अमेरिका से भेजा जा रहा है, शर्म आनी चाहिए। भारतीयों का अपमान हिंदुस्तान बर्दाश्त नहीं करेगा। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा साइकिल से विधानसभा पहुंचे। उनके हाथ में एक कलश था, जिस पर लिखा था–नैतिकता का अस्थि कलश। उन्होंने कहा, सरकार की नैतिकता मर चुकी है। जो कहती है, वह नहीं करती। गरीब, मजदूर, बुनकर सभी इस सरकार से परेशान हैं।

## अखिलेश बोले-राज्यपाल ने श्रद्धालुओं का किया अपमान

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। कहा- यह नीरस और निराशाजनक है। इसमें जनसामान्य की आशा-आकांक्षाओं की पूरी तरह उपेक्षा की गई है। कुंभ में घोर अव्यवस्था को दिव्य भव्य व्यवस्था का नाम देकर उन तमाम श्रद्धालुओं का अपमान किया है। जिनकी जानें सरकारी कुव्यवस्था ने ले ली है। सरकारी नाकामयाबी से जो घायल हुए और इलाज के लिए तड़प रहे हैं। सरकार ने कुंभ में आने वालों की करोड़ों की संख्या तो बता दी, लेकिन अब तक मृतकों की संख्या पता नहीं क्यों बताई है। आज भी महाकुंभ में तमाम



लोग अपनों को खोज रहे हैं। यह सरकारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

इस अभिभाषण में किसानों, नौजवानों के लिए कुछ भी नहीं है। पढ़े-लिखे नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे है। निवेश के नाम पर सिर्फ आंकड़ेबाजी है। नए उद्योग लग नहीं रहे है, पुराने उद्योग बंद होते जा रहे है। व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे है। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है।

प्रदेश में छुट्टा पशुओं से किसान तबाह है। सांड के हमलों में तमाम लोगों की मौतें हो रही है। राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा। सरकार ने कई योजनाओं में प्रथम स्थान पाने पर अपनी पीठ तो थपथपा ली है लेकिन यह नहीं बताया कि महिलाओं के प्रति अपराध के मामलों में भी वह प्रथम स्थान पर है। महिलाएं-बच्चियां रोज अपमानित हो रही है। अपराधियों पर लगाम नहीं लगी है और दबंग रोज ही कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं।

भाजपा सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया बल्कि उसने समाजवादी पार्टी की सरकार के कामों को बर्बाद करने के अलावा और कुछ नहीं किया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। जनता अब भाजपा की नौटंकी के खेल के झांसे में नहीं आएगी। वह इससे जल्दी ही मुक्ति लेगी।


NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•


## ममता बोलीं, महाकुंभ मृत्युकुंभ में बदल गया



**कोलकाता।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, यह महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया है। मैं महाकुंभ का और पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए कोई प्लानिंग नहीं की गई है। भगदड़ में कई लोग मारे गए, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है। कई लोग मिले ही नहीं। ममता ने कहा, महाकुंभ में अमीरों और वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपए तक के टेंट मौजूद हैं। गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन व्यवस्था करना जरूरी है। ममता ने यह बयान विधानसभा में बजट सत्र के दौरान दिया।

## कुंभ स्पेशल का प्लेटफॉर्म बदला, अनाउंसमेंट से बेकाबू हुई भीड़

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत की हो गई थी। आरपीएफ की एक रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ है। आरपीएफ ने दिल्ली जोन को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें बताया गया है कि 15 फरवरी, रात

**आरपीएफ की रिपोर्ट**

करीब 8.45 बजे घोषणा की गई कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होगी। कुछ देर बाद एक और घोषणा की गई कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। इसके बाद भगदड़ की स्थिति बनी। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर, उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 15 पर खड़ी थी। प्रयागराज एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़ भी प्लेटफॉर्म 14 पर मौजूद थी। यानी तीन ट्रेनों के आने-जाने वालों की भीड़ प्लेटफॉर्म पर पहले से मौजूद थी। भगदड़ की शुरूआती जांच में पता चला था कि नई दिल्ली स्टेशन पर हर घंटे रेलवे ने 1500 जनरल टिकट बेचे गए थे।

## महाकुंभ मेले का एक्टेंशन नहीं

**प्रयागराज।** इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाह फैली है कि प्रयागराज महाकुंभ में भारी भीड़ को देखते हुए प्रदेश सरकार और मेला व जिला प्रशासन की ओर से मेले का एक्सटेंशन करते हुए इसे मार्च तक बढ़ा दिया गया है।

प्रयागराज के डीएम रविंद्र मांदड़ ने ऐसी अफवाहों का सिरे से खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह

**26 फरवरी को ही होगा समापन**

नितांत अफवाह है। महाकुंभ मेले का जो शेड्यूल जारी होता है, वह मुहूर्त के हिसाब से जारी होता है और पहले से तय होता है। 26 फरवरी को निर्धारित तिथि पर ही महाकुंभ का समापन होगा और तब तक जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन सभी के सुगम आवागमन को सुनिश्चित किया जा रहा है।

### महाठग सुकेश की याचिका फिर कोर्ट से खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की जेल बदलने की याचिका खारिज कर दी। महाठग दिल्ली की मंडोली जेल और पंजाब की जेल छोड़कर किसी अन्य जेल में भेजने की मांग कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया।

### अगस्ता वैस्टलैंड मामले में बिचौलिए जेम्स को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वैस्टलैंड हेलिकॉप्टर मामले में ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिचेल जेम्स को मंगलवार को जमानत दे दी है।


## राम मंदिर पर उड़ रहे ड्रोन को मार गिराया

**कार्रवाई**

**भीड़ के ऊपर उड़ रहा था पुलिस को शक-भगदड़ मचाने की साजिश हो सकती है**

**अयोध्या।** राम मंदिर परिसर में भीड़ के बीच उड़ रहे ड्रोन को मार गिराया है। सोमवार शाम गेट नंबर-3 पर ड्रोन उड़ता हुआ पहुंच गया था। उस वक्त रामलला के दर्शन के लिए जबरदस्त भीड़ थी। ड्रोन को मार गिराये जाने के बाद सुरक्षा कर्मी अलर्ट हो गए।

बम स्क्वॉड टीम को बुलाया गया। ड्रोन की जांच की गई। ड्रोन कैमरा उड़ाने वाले की तलाश की जा रही है। अयोध्या



पुलिस को शक है कि यह भगदड़ मचाने की साजिश हो सकती है, क्योंकि राम मंदिर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। यहां तक कि हवाई जहाज तक को मंदिर के ऊपर से उड़ने की परमिशन नहीं है। अयोध्या के कटरा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने राम जन्मभूमि थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने कहा, 17 फरवरी की शाम 7 बजे राम मंदिर परिसर में ड्यूटी पॉइंट, बैचिंग प्लांट के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ड्रोन कैमरे को प्रतिबंधित क्षेत्र में उड़ाते हुए जानबूझकर गिराया गया।

**2.5 किमी रेडियस में ड्रोन को खींच लेता है एंटी-ड्रोन सिस्टम**

सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने इस मामले में कहा–ड्रोन आसपास के किसी शादी समारोह से जुड़ा हो सकता है। राम मंदिर का एंटी–ड्रोन सिस्टम ढाई किमी के रेडियस में कोई भी उड़ता हुआ ड्रोन अपनी तरफ खींच लेता है।

## ज्ञानेश बने मुख्य निर्वाचन आयुक्त

### राममंदिर और 370 मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी

**बदलाव**

**उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा**

**नई दिल्ली।** अयोध्या का राम मंदिर मुद्दा हो या फिर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का। इन दोनों ही मुद्दों में आईएएस ज्ञानेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। अब ज्ञानेश को देश का मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है।

कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के नए कानून के तहत नियुक्त



होने वाले पहले चीफ इलेक्शन कमिश्नर हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा, जिसके कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग अगले लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद निर्णय को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, ज्ञानेश कुमार ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के बारे में सुप्रीम कोर्ट के मामले से संबंधित दस्तावेजों को भी संभाला। उन्होंने 15 मार्च, 2024 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

### महाकुंभ में भीड़... स्थानीय लोग घरों में कैद

**नई दिल्ली।** महाकुंभ 2025 में अब तक 54.31 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ के समापन में केवल 9 दिन शेष हैं, लेकिन भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। इस कारण प्रयागराज, अयोध्या और काशी में स्थानीय लोग पहली बार इतनी अधिक भीड़ का सामना कर रहे हैं, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जहां प्रयागराज में एयरपोर्ट पर हालात किसी रेलवे स्टेशन जैसे हो गए हैं। रविवार को 60 उड़ानों से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। ट्रेनों में भीड़ इतनी अधिक है कि प्रशासन को 179 मेला विशेष ट्रेनें चलानी पड़ीं।

## 'आप लोगों के माता-पिता को बेइज्जत कर रहे, यह गंदे दिमाग की उपज'

**इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, गिरफ्तारी से दी राहत**



**मुंबई।** यू-ट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस बीच कोर्ट ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। हालांकि कोर्ट ने रणवीर को गिरफ्तारी से राहत दी है और निर्देश दिया है कि वे जांच में शामिल हों। इसके अलावा संबंधित एपिसोड पर अब कोई और एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट में रणवीर के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने कहा कि कई राज्यों में मामले दर्ज हैं। उनकी जान को खतरा है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आप लोगों के माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हैं। यह गंदे दिमाग की उपज है। आपके पास भारी संपत्ति है। दो अलग एफआईआर का आप बचाव कर सकते हैं। हम एफआईआर क्यों क्लब करें। जांच और मुकदमा आपके मुताबिक नहीं चलाया जा सकता। अगर आपको खतरा है, तो यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और आप शिकायत करें।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको कैसे व्यवहार करना चाहिए, ये आपको पता है अश्लीलता क्या है आपको पता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सिर्फ दो एफआईआर है। एक मुंबई में है और दूसरी गुवाहाटी में हैं। दोनों एफआईआर भी समान नहीं है। दोनों में अलग आरोप हैं। ऐसे में एकसाथ सुनवाई की मांग कैसे की जा सकती है। रणवीर के वकील चंद्रचूड़ ने जुबान काटने के एवज में 5 लाख के ईनाम का हवाला दिया। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब आप ऐसी सस्ती पॉपुलेरिटी चाहेंगे तो लोग धमकी तो देंगे ही। आपकी भाषा से अच्छी उसकी भाषा है। आपने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है उससे माता-पिता, अभिभावक और पूरा समाज क्षुब्ध होगा। हम इस तरह के व्यवहार को प्रमोट नहीं कर सकते हैं। कानून अपना काम करेगा। आखिर वह पुलिस स्टेशन क्यों नहीं जा रहे, वकील किस हैसियत से गए, हम वकील के खिलाफ बार काउंसिल को बोलेंगे।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को छूट है कि महाराष्ट्र और असम पुलिस से वह धमकी मिलने पर जांच के दौरान सुरक्षा की मांग कर सकता है। जयपुर में भी एफआईआर है। उस पर भी समान आदेश रहेगा। रणवीर सुप्रीम कोर्ट की इजाजत के बिना देश छोड़कर नहीं जा सकता है। वह आगे शो नहीं करेंगे। वकील चंद्रचूड़ ने कहा कि शो उनका नहीं है, इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम जानते हैं। रणवीर के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में एफआईआर दर्ज किया है, जिसको एक साथ क्लब करने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई।

### शिंदे के 20 विधायकों की वाई-सुरक्षा वापस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में दरार पढ़ने की अटकलों के बीच सीएम देवेंद्र फडणवीस के अधीन गृह विभाग ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 20 विधायकों की वाई-सुरक्षा वापस ले ली है। हालांकि बीजेपी और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के कुछ विधायकों की सुरक्षा भी कम की गई है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों ने बताया कि इन विधायकों को वाई-सुरक्षा कवर एक अतिरिक्त भत्ते के रूप में दिया गया था, जबकि वे मंत्री नहीं हैं। इन विधायकों को 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से अलग होने के बाद प्रदान किया था, जिसके कारण महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी।

## 19 से 21 फरवरी के बीच बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** नागालैंड और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है, जिससे मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 19 से 21 फरवरी तक भारी बारिश, तेज आंधी और बिजली गिरने का हाई अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली का मौसम अब बदलने लगा है और तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।

पिछले कुछ दिनों में दिन के समय तापमान में इजाफा हुआ है। अब सुबह और रात की ठंडक में भी कमी देखी जा रही है। दोपहर का तापमान बढ़ने लगा है, जिससे हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में 19 और 20 फरवरी को हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में तापमान बढ़ने के पीछे ठंडी हवाओं का कमजोर पड़ना, दिन में धूप बढ़ना और पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव जैसे कारण हैं। इस बदलाव का असर दिल्ली के लोगों की सेहत, जीवनशैली और पर्यावरण पर भी पड़ सकता है। गर्मी बढ़ने के साथ एयर पॉल्यूशन, स्वास्थ्य समस्याएं और फसलों पर असर हो सकता है।

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0) 87700/inc.GST


चांदी (99.50) 97550/- प्रति किलो


चांदी सिक्का 120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भारत

# आह्वान अखाड़े की हुई पेशवाई, गाजे बाजे संग निकली शोभायात्रा

## नागा साधुओं ने किया शक्ति का प्रदर्शन, प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के बाद साधु-संत पहुंचे काशी

**वाराणसी।** काशी में आवाहन अखाड़े की पेशवाई, गाजे- बाजे के साथ निकाली गई। इस शोभायात्रा के दौरान मंगलवार को आवाहन अखाड़े की पेशवाई के दौरान सड़क पर गजब का नजारा देखने को मिला। महाकुंभ के बाद काशी पहुंचे साधु- संतों ने पेशवाई के दौरान अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते दिखे। वाराणसी में मंगलवार को आवाहन अखाड़े की पेशवाई निकाली गई। पेशवाई में बैंड- बाजे के साथ रथ पर सवार साधु- संत काशी की सड़कों पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए दिखे। प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के बाद साधु- संत काशी पहुंचे हैं। इसके साथ ही अखाड़ों की पेशवाई भी शुरू हो गई है। बता दें कि पेशवाई के माध्यम से साधु- संत अपने मुख्य कार्यालय पहुंचे। महाशिवरात्रि के दिन शाही स्नान अखाड़ों द्वारा किया जाता है। आवाहन अखाड़े की पेशवाई वाराणसी के कबीर चौरा से निकल कर दशाश्वमेध घाट तक पहुंची, जिसमें भारी संख्या में साधु संत सहित नागा बाबा शामिल हुए। कबीरचौरा अखाड़े में साधु-संतों ने सुबह अपने आराध्य देव भगवान गणेश और निशान की पूजा की। खिचड़ी भोज करने के बाद पेशवाई निकाली गई। पेशवाई में बैंडबाजा-घोड़े आदि शामिल हुए। पेशवाई मैदागिन, चौक, गोदौलिया होते हुए दशाश्वमेध घाट पहुंची। घाट पर भगवान प्रथमेश और निशान की पूजा व आरती की गई। साधु-संतों का स्वागत किया गया।



### गुजरात का पानी नहीं पीते हैं नागा साधु

काशी के दशाश्वमेध घाट पर स्थित श्रीशंभू पंचदशनाम आह्वान अखाड़े को छठी शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने स्थापित किया था। इस अखाड़े को पहले आवाहन सरकार के नाम से जाना जाता था। सत्य गिरि महाराज ने बताया कि इस अखाड़े के आराध्य प्रथम पूज्य श्रीसिद्ध गणेश जी हैं, क्योंकि किसी भी देवता का आवाहन गणेश जी से ही करते हैं। उन्होंने बताया कि गुजरात में आवाहन अखाड़े के नागा साधुओं का मुगलों से युद्ध हुआ था। मुगलों ने गुजरात के वीरलगांव के एक स्थान पर नागा साधुओं को जहर देकर मार दिया था। इसलिए नागा साधु गुजरात का पानी नहीं पीते। ऐसे ही मध्यप्रदेश के छतरपुर में भी नागा साधुओं की समाधियां हैं।



# बोली काशी...'अतिथि तुम कब जाओगे'

**वाराणसी।** देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में आने वाले श्रद्धालुओं का सेवा-सत्कार 'अतिथि देवो भवः' की तर्ज पर किया जाता है। यहां के लोग उन्हें गले लगाते और हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने से पीछे नहीं हटते।

यह सावन हो या फिर महाशिवरात्रि। अथवा अन्य विशेष अवसर। श्रीकाशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण व भव्य लोकार्पण के बाद से ही काशी में संपूर्ण भारत से आने वाले भक्तों की भीड़ अनवरत चल रही है। अब प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के पलट प्रवाह ने इसमें अपनी भी उपस्थिति दर्ज करा दी। पिछले एक माह से ज्यादा समय से काशी देश-विदेश के श्रद्धालुओं व पर्यटकों से भरी पड़ी है।

शहर का कोई भी क्षेत्र इनकी भीड़ से छूटा नहीं है। शुरू में तो काशीवासियों ने इन भक्तों के लिए पलक पावड़ें बिछाए रहे। जगह-जगह भंडारे व लंगर के जरिए इन पदयात्रियों की क्षुधा मिटाई गई, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है।



कारण की भारी भीड़ व सड़कों पर भीषण जाम, ध्वस्त हो चुकी यातायात व्यवस्था के चलते पक्के महाल समेत अन्य कई क्षेत्रों के लोग घरों में कैद हो गए। आफिस, दुकान, व्यवसाय हर कुछ प्रभावित होने लगा। स्कूलों में बंदी से बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान, परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को केंद्रों तक जाने की दिक्कत, मैदागिन से गोदौलिया तक के बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कामकाज ठप होने पर लोगों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में लोग सोचने को विवश हो गए कि आखिर यह भीड़ कब थमेगी। कब बनारस में स्थिति सामान्य होगी। लोग यह विचारने लगे कि आखिर 'अतिथि तुम कब जाओगे'।

# अफगानी सेना देख चुकी है रौद्र रूप

नागाओं की युद्ध शैली बहुत ही घातक होती है, इतिहास इस बात का गवाह रहा है। इनके पराक्रम की गाथाओं में सबसे ज्यादा चर्चा 1757 में मथुरा के गोकुल में इनकी अफगान सेना से भिड़त की होती है। जब अहमद शाह अब्दाली के नेतृत्व में मंदिरों को नष्ट करने पहुंची अफगान सेना को कुछ नागाओं ने ऐसा रूप दिखाया था कि हर कोई कांप उठा था। पूरे शरीर पर भभूत, लाल आंखें और दिगंबर नागाओं को देखकर ही अफगानी सेना डर महसूस करने लगी थी। अखाड़ों की ओर से नागा साधुओं में कुछ का चुनाव कर



कुछ अहम जिम्मेदारियां दी जाती हैं। कौन-सा नागा किस जिम्मेदारी को निभाएगा उसके लिए पद भी निर्धारित होते हैं। वो कुछ इस प्रकार से होते हैं। इनमें अखाड़े के हिसाब से बदलाव भी हो सकता है।

# राशन कार्ड के लिए पात्र लोग बनवाएं फैमिली आईडी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के निर्देशन में जिले में एक परिवार, एक पहचान योजना के तहत फैमिली आईडी बनाने का अभियान तेजी से चल रहा है। जिलाधिकारी ने अपील की है कि जो भी राशन कार्ड के पात्र हैं, लेकिन उनका राशन कार्ड नहीं बना है, वे फैमिली आईडी पोर्टल (https://familyid.up.gov.in) के माध्यम से अपनी फैमिली आईडी बनवायें। पात्र लोग जल्द से जल्द फैमिली आईडी के लिए आवेदन करें।

फैमिली आईडी के बनने के बाद पात्रतानुसार कभी भी राशन कार्ड के लिए आवेदन किया जा सकता है। फैमिली आईडी योजना को लेकर यह भ्रम फैल रहा था कि यदि किसी की फैमिली आईडी बन गई है तो वह राशन

**बोले जिलाधिकारी**

### फैमिली आईडी केवल परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का माध्यम : एस. राजलिंगम

कार्ड के लिए पात्र नहीं रहेगा। इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने कहा है कि फैमिली आईडी केवल परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का माध्यम है। इसका राशन कार्ड से कोई सीधा संबंध नहीं है। यदि किसी पात्र व्यक्ति का राशन कार्ड नहीं बना है तो वह फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से अपनी फैमिली आईडी बनवा सकता है और बाद में पात्रतानुसार राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है। जिन परिवारों के पास पहले से राशन कार्ड है, उनकी राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आईडी होगी। वहीं यदि किसी परिवार को बाद में राशन कार्ड प्राप्त होता है तो उनकी फैमिली आईडी उस राशन कार्ड संख्या में बदल जाएगी। यदि किसी परिवार का राशन कार्ड किसी कारणवश निरस्त हो जाता है तो भी उन्हें फैमिली आईडी उपलब्ध कराई जाएगी।

### फैमिली आईडी के लिए आवश्यक नियम

1. परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है।
2. सभी सदस्यों का मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना चाहिए।
3. सभी सदस्यों का मोबाइल ओटीपी के माध्यम से ई-केवाईसी अनिवार्य है।
4. पहले से किसी परिवार में जुड़े व्यक्ति को किसी अन्य परिवार में नहीं जोड़ा जा सकता।

## तमिल दल ने किया प्रभु श्रीराम का दर्शन

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में शामिल होने पहुंचे छात्रों और शिक्षकों का पहला दल अयोध्या के श्रीराम मंदिर पहुंच कर प्रभु श्रीराम लला के का दर्शन-पूजन किया। अयोध्या पहुंचने पर एसडीएम संदीप श्रीवास्तव ने सभी डेलिगेट्स का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद सभी डेलिगेट्स को अयोध्या की भव्यता दिव्यता के बारे में बताया गया। 500 वर्षों बाद प्रभु राम लला के भव्य मंदिर को देखने के बाद तमिल डेलिगेट्स भाव-विभोर हो गए। प्रभु राम के दर्शन कर उन्होंने काफी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ने काफी अच्छी व्यवस्था की है।

# सुब्रमण्यम भारती का विजन था व्यापक





जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-3 के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी के चौथे दिन मंगलवार को सुब्रमण्यम भारती के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उनकी पोती डॉ. जयंती मुरली ने कहा कि उनका विजन काफी व्यापक था।

उन्होंने कहा कि सुब्रह्मण्य भारती ऐसे महान मनीषी थे, जो देश की

**काशी तमिल संगमम**

### नारा लेखन, पोस्टर पेंटिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

आवश्यकताओं को देखते हुए काम करते थे। उन्होंने हर उस दिशा में काम किया, जिसकी जरूरत उस कालखंड में देश को थी।

भारतीजी केवल तमिलनाडु और तमिल भाषा के ही धरोहर नहीं हैं। वो एक ऐसे विचारक थे, जिनकी हर सांस मां भारती की सेवा के लिए समर्पित थी। उन्होंने अपनी बहुत सी रचनाएं गंगा के तट पर काशी में रहते हुए लिखी थीं। इस दौरान विभिन्न स्कूलों से आये विद्यार्थियों के मध्य नारा लेखन, पोस्टर पेंटिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई।

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सीबीसी लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा, पीआईबी चेन्नई के अरुण कुमार एवं डॉ. जयंती मुरली ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### डीएम ने की तमिल दल की आगवानी

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के तहत तमिलनाडु से आए पेशेवर और उद्यमी समूह के लोगों का तिलक लगाकर और फूलों की माला पहनाकर ढोल-नगाड़ों के साथ मंगलवार को बनारस रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया और उन पर पुष्प वर्षा भी की गई। तमिल दल की आगवानी जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने की।

# तीर्थयात्रियों के साथ अभद्रता कर रहे पुलिसकर्मी

## चौराहों-तिराहों पर तैनात पुलिसकर्मी सीएम के आदेश की उड़ा रहे धज्जियां

**वाह रे व्यवस्था**

### पिपलानी कटरा तिराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों की शिकायत सर्वाधिक

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महाकुंभ के पलट प्रवाह से समूची काशी कराह रही है। शहर के प्रमुख मार्गों पर तीर्थयात्रियों का रेला उमड़ा हुआ है। इसके बीच बाहरी वाहनों के आवागमन से यातायात व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो चुकी है। ऐसे में यातायात और सिविल पुलिस के लोग भी संयम और धैर्य का साहस देते हुए तीर्थयात्रियों के साथ सहृदयता का व्यवहार कर रहे हैं। लेकिन इनके बीच के चंद यातायात और सिविल पुलिसकमियों के अभ्रदता के चलते समूची पुलिस प्रशासन की भद्द पीट रही है। कुछ ऐसा ही वाकया पिपलानी कटरा तिराहे पर उस समय देखने को मिला, जहां तैनात यातायात पुलिसकर्मी ने तीर्थयात्रियों के साथ अभ्रदता की। तीर्थयात्रियों के लाख



अनुरोध के बावजूद यातायात पुलिसकर्मी पर कोई असर नहीं पड़ा। सूचना मिलते ही जब वहां पर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा होने लगा तो वह भाग निकला।

दरअसल, महाकुंभ में स्नान-ध्यान करने के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री काशी में श्री काशी विश्वनाथ दरबार में शीश नवाने को पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायद दी है। सीएम के आदेश का अक्षरशः पालन करने का स्थानीय उच्चाधिकारियों ने सिविल और यातायात पुलिसकर्मियों को न सिर्फ सख्त निर्देश दिए हैं। बल्कि यूपी 65 के अलावा अन्य वाहनों को शहर में प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए चौराहों-तिराहों-तिराहों के अलावा हरेक चेक प्वाइंट पर सिविल और यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। लेकिन कुछ यातायात पुलिसकर्मियों की लापरवाहियों के चलते बाहरी गाड़ियां शहर में प्रवेश कर जा रही है। इतना ही नहीं, कुछ यातायात पुलिसकर्मी जान-बूझकर अव्यवस्था फैलाने की नीयत से बाहरी वाहनों को शहर में प्रवेश कराने से बाज नहीं आ रहे हैं, जबकि स्थानीय वाहनों को जबरन रोक दे रहे हैं। ऐसा मामला कैंट रेलवे स्टेशन से मैदागिन मार्ग वाया लहुराबीर, पिपलानी कटरा तिराहा मार्ग पर अक्सर देखने और सुनने को मिलता है।

मंगलवार की शाम को भी ऐसा ही हुआ। पिपलानी कटरा तिराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी बाहरी वाहनों को मैदागिन की तरफ बेरोकटोक जाने दे रहे थे। जबकि स्थानीय वाहनों को रोक दे रहे थे।

इस दौरान तीर्थयात्रियों के अनुरोध को नजरअंदाज कर उनसे अभ्रदता करने से भी बाज नहीं आ रहे थे। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना था कि यहां तैनात यातायात पुलिसकर्मी अक्सर ऐसा करते रहते हैं। इससे न सिर्फ काशी की छवि धूमिल हो रही है। बल्कि मुख्यमंत्री के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ायी जा रही है। ऐसे यातायात पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## नाबालिग के अपहरणकर्ता को पुलिस ने धर दबोचा

जनसंदेश न्यूज

**रामनगर।** एफआईआर दर्ज होने के महज चार दिनों के अंदर रामनगर पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी के अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की और किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। मुखबिर की सूचना पर आरोपित राजू पटेल 21 साल निवासी हसरेव थाना चांद जिला भभुआ बिहार को भभुआ से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उसने बताया कि दोनों एक दूसरे को पहले से ही जानते हैं और शादी करना चाहते थे। बिहार में मन्दिर में शादी कर चुके है। बता दें कि उक्त किशोरी के अपहरण का मुकदमा 14 फरवरी को रामनगर थाने में दर्ज किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी राजू सिंह,एस आई शिवम सोनी,महिला उपनिरीक्षक गरिमा गौतम शामिल थी।

# पोलिंग पार्टियां पहुंची, मतदान आज

**उपचुनाव**

### पिंडरा और चिरईगांव में आज होगा मतदान

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत के उप चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गयी है। मतदान बुधवार को होगा। मतदान सुबह सात बजे से सायं पांच बजे तक होगा।

**पिंडरा प्रतिनिधि** के अनुसार, स्थानीय ब्लॉक के मंगारी ग्राम सभा के रिक्त ग्राम प्रधान पद पर चुनाव बुधवार को होगा। पोलिंग पार्टियां बूथ पर पहुंच गई है। ग्राम प्रधान पद के लिए 3302 मतदाता तीन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मंगारी ग्राम प्रधान रहे नंदलाल जायसवाल के निधन पर रिक्त हुए पद पर चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। अपराह्न बाद पोलिंग पार्टी भी प्राथमिक विद्यालय मंगारी प्रथम पहुंच गई। मतदान के लिए कुल पांच बूथ बनाये गए है। जहां मतदाता तीन प्रत्याशियों डॉ. कमल कुमार पटेल, स्वतंत्र कुमार गुप्ता व विजय कुमार के भाग्य का फैसला करेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि मतदान के तैयारी पूर्ण कर दी गई है। निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी कोई भी पहचान पत्र के आधार पर


चूहरपुर मतदान केन्द्र पर मतदान पत्रों का मिलान करते मतदानकर्मी

### आज बंद रहे मतदान केंद्र वाले विद्यालय

**चिरईगांव।** मतदान केंद्र वाले विद्यालय बुधवार को बंद रहेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति सिंह से इसकी जानकारी के बाबत पूछा गया तो वह बोलीं कि बीडीओ के पास पत्र गया है। लेकिन इतना जरूर है कि जिस विद्यालय में मतदान केन्द्र बने हैं। वहां के अध्यापक बगल वाले विद्यालय में सहयोग करेंगे। बता दें कि 20 से अधिक विद्यालयों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

मतदाता मतदान कर सकते हैं।

**चिरईगांव प्रतिनिधि** के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य के सेक्टर नंबर दो में उपचुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गयी है। निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य सेक्टर नम्बर दो में उपचुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों केन्द्रों पर शाम तक पहुंच गयी।मतदान कराने के लिए 79 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। शांतिपूर्ण मतदान की खातिर छह सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती है। मतगणना 21 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर होगा।

# तमिल प्रतिनिधिमंडल ने देखी बीएचयू की सांस्कृतिक विरासत

काशी तमिल संगमम 3.0

## विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में शिक्षा के योगदान पर शिक्षाविदों ने किया विचारों का आदान-प्रदान




**वाराणसी।** कृत्रिम बुद्धिमता, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के अन्य क्षेत्रों का समागम भविष्य की सृजनात्मकता एवं नवाचार को आकार देगा। काशी तमिल संगमम 3.0 के अंतर्गत बीएचयू में मंगलवार को आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में विद्वानों के विचारों का यही सार रहा। कार्यक्रम में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की भूमिका पर व्यापक चर्चा हुई, जिसमें काशी और तमिलनाडू के शिक्षा जगत के प्रतिभागियों ने विचार साझा किए। साथ ही विभिन्न विभागों का भ्रमण कर बीएचयू की सांस्कृतिक विरासत को देखा।

बीएचयू के मंच कला संकाय स्थित पंडित ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में आयोजित बौद्धिक सत्र के लिए पहुंचे तमिलनाडू के प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईटी बीएचयू के रसायन शास्त्र विभाग के प्रोफेसर वी. रामानाथन के स्वागत भाषण से हुआ। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीएस. राठौर ने विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया। इस दौरान काशी और तमिलनाडु के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंधों पर आधारित वृत्तचित्र भी दिखाया गया। साथ ही आईआईटी बीएचयू द्वारा शिक्षा, चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया।

सम्मेलन के दौरान आईआईटी बीएचयू के गणितीय विज्ञान विभाग की डा. लावण्या ने नई शिक्षा नीति 2020 और विकसित भारत @ 2047: भारत के भविष्य की रूपरेखा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उन बिंदुओं को रेखांकित किया, जो बहु-विषयक और समग्र शिक्षा, शिक्षण में प्रौद्योगिकी का समावेश, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देकर समानता और पहुंच सुनिश्चित करना और शासन प्रणाली में सुधार के माध्यम से नवाचार व जवाबदेही को सुदृढ़ करने की बात कहते हैं।

बीएचयू के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर संजय कुमार ने नेल्सन मंडेला के शब्दों को उद्धृत किया कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा राष्ट्रीय विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि शिक्षा में निवेश से आर्थिक प्रगति, उद्यमिता, नवाचार, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समानता, लैंगिक समावेशिता और जीवन स्तर में सुधार संभव है। टीसीएस एकेडमिक एलायंस ग्रुप के प्रमुख प्रो. केएम सुशिंद्रन ने काशी और कांची के ऐतिहासिक व शैक्षणिक संबंधों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीएचयू और आईआईटी बीएचयू जैसे संस्थानों के कारण काशी ज्ञान, नवाचार और अंतःविषय अनुसंधान का वैश्विक केंद्र बन चुका है। आईआईटी बीएचयू के रासायनिक अभियंत्रण विभाग की डा. दर्शनी जॉर्ज ने निपुण भारत और प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप (पीएमआरएफ) जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। बीएचयू की छात्रा शुभांगी ने भारत के डेमोग्राफिक डिवीडेंड को देश की पूंजी बताया और शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित किया।

भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईवीआर) के शोधार्थी जय सिंह ने बताया कि आईसीएआर-आईआईवीआर का उद्देश्य फसल उत्पादन बढ़ाना और पोषण मूल्य को बनाए रखते हुए भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इतिहास विभाग बीएचयू के दिव्यांग शोधार्थी सत्यप्रकाश मालवीय ने अपनी उद्यमिता यात्रा साझा की और बताया कि कैसे उन्होंने अपनी कठिनाइयों पर विजय पाकर एक सफल उद्यमी के रूप में पहचान बनाई।

सम्मेलन में विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय, केरल की एक छात्रा ने बीएचयू द्वारा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, केंद्रीय विश्वविद्यालय, कर्नाटक की छात्रा वैष्णवी ने आईआरसीटीसी और विश्वविद्यालय प्रशासन के उत्कृष्ट प्रबंधन की सराहना की। बीएचयू के एक अन्य विद्यार्थी रतन सिंह ने भी युवाओं के योगदान पर विचार रखे। बीएचयू वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर शन्मुग सुन्दरम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## संक्षेप

### विद्यापीठ में बाहरी व अराजकतत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में बाहरी एवं अराजकतत्वों का परिसर में प्रवेश करना व घूमना प्रतिबंधित है। कुलानुशासक प्रो. केके सिंह ने कहा कि विश्व विद्यालय परिसर में कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। साथ ही परिसर की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से अपने संकाय, विभाग की कक्षाएं व परीक्षाएं समाप्त होने के बाद उस कक्षा को बंद कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि उस कक्षा में कोई छात्र-छात्रा या अन्य प्रवेश कर अनावश्यक रूप से न बैठे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन बना रहे तथा विश्वविद्यालय में पठन-पाठन एवं अन्य प्रशासनिक कार्य सुचारु रूप से चल सके।

### पत्रकार को भ्रातृशोक



**वाराणसी।** वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के छोटे भाई संतोष कुमार अग्रवाल (42) का ब्रह्मा घाट आवास पर असामायिक निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंत्येष्टि मणिकर्णिका घाट पर हुई। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र शौर्य अग्रवाल ने दी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

# त्योहारों को लेकर चलाएं विशेष स्वच्छता अभियान



तैयारी

## महानगर पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को सौंपा मांगों का पत्रक

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि, होली व ईद जैसे प्रमुख त्योहारों को ध्यान में रखते हुए महानगर कांग्रेस पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम प्रशासन से शहर में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

महानगर कांग्रेस पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुविधा के लिए शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। इसके तहत प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों और गली-मोहल्लों में नियमित साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, कीटनाशक छिड़काव और फागिंग कराई जाए। साथ ही, टूटी सड़कों और चौकों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महानगर पार्षद दल ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि त्योहारों के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालियों की सफाई भी प्राथमिकता से कराई जाए। इसके अलावा, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

दल ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते नगर निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो पार्षद दल जनहित में उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। पत्रक सौंपने वालों में महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, कांग्रेस पार्षद दल नेता गुलशन अली, पार्षद रमजान अली, पार्षद वकास अंसारी, पार्षद बेलाल अहमद, पूर्व पार्षद असलम खां, पूर्व पार्षद साजिद अंसारी, अब्दुल हमीद डोडे, डा. राजेश गुप्ता, वकील अंसारी,अरुण सोनी,मयंक चौबे, किशन यादव, मो० ओजैर आदि लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस और उसके नेता की मानसिकता देश विरोधी: मोहले

आरोप

## सैम पित्रोदा के चीन पर दिए गए बयान को लेकर पूर्व महापौर ने किया विरोध



**वाराणसी।** पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने सैम पित्रोदा के चीन पर दिए गए बयान को लेकर कहा कि कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी सोच एक बार फिर बेपर्दा हो गई। उन्होंने कहा कि एक ओर राहुल गांधी भारत चीन सीमा पर अतिक्रमण का झूठा राग अलापते फिरते हैं, वहीं गांधी परिवार के खास दोस्त पित्रोदा चीन को भारत का दुश्मन नहीं, दोस्त बता रहें हैं। साफ जाहिर है कि काग्रेस और उसके नेता की मानसिकता देश विरोधी है। इनकी कथनी और करनी में अंतर का खामियाजा देश ने कई बार भुगता है। इतिहास गवाह है कि तत्कालीन कांग्रेसी प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के हिंदी चीनी भाई-भाई वाले नारे ने न सिर्फ भारतीय सेना के सैकड़ों जवानों की बलि ले ली थी, बल्कि कई हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि पर चीनियों ने कब्जा कर लिया था। यह तकलीफदेह हकीकत सैम पित्रोदा की नापाक टिप्पणी से फिर उजागर हो गई।

उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकती कि यह पित्रोदा के निजी विचार हैं। राष्ट्र इस साजिश को समझता है और इसके लिए कांग्रेस को सबक सिखा रहा है। आने वाले दिनों में देश की जनता कांग्रेस का नामोनिशान मिटा देगी। मुल्क इस गद्दारी के लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगा। राहुल गांधी ने चीन के मामले पर संसद से सड़क तक गलत बयानी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अनर्गल आरोप लगाए। इसके लिए उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। देश में भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जो भारत की सुरक्षा और सार्वभौमिक अखंडता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित है ।

# हमारी संस्कृति लोक कल्याण की संस्कृतिः प्रो. हरिकेश

कार्यक्रम

## काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में सांवेगिक बुद्धि एवं स्व-ज्ञान' विषयक कार्यशाला



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा में सांवेगिक बुद्धि एवं स्व-ज्ञान' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि हमें सूचना एवं ज्ञान में विभेद करना होगा। उन्होंने मानवता के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला एवं प्रकृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने से ऊपर उठकर सोचने की आवश्यकता है। हमारी सनातन संस्कृति विकास की एक समग्र मॉडल पर आधारित है, जिसमें सहिष्णुता व लोक कल्याण की भावना सन्निहित है।

मुख्य अतिथि जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने काशी विद्यापीठ के संस्थापक कुलपति भारतरत्न डा. भगवान दास जी द्वारा रचित पुस्तक 'द एसेंशियल यूनिटी ऑफ ऑल रिलीजंस' का उद्धरण देते हुए सनातन के अर्थ को स्पष्ट किया। उन्होंने अहं को तोड़ने एवं अंतस की यात्रा पर बल दिया। प्रो. सिंह ने पाइथागोरस का जिक्र करते हुए बताया कि विषय के रूप में उन्हें गणित एवं संगीत ही पर्याप्त है। गणित बुद्धि को पैना करती है और संगीत व्यक्तित्त्व को समरसता प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि भारत में पश्चिम के सभी सिद्धांतों का समन्वयन था। हमारी संस्कृति लोक-कल्याण की संस्कृति है। अन्न से मन, पानी से वाणी तथा संग से व्यक्ति की पहचान के संबंध को स्थापित किया।

बीएचयू संस्कृत विभाग के प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी ने बताया कि हमारी संस्कृति को संत, ऋषि-मुनियों ने लोक में देखा इसीलिए यह सनातन है। उन्होंने बताया कि सन्यास आश्रम (तुरीय अवस्था), जिसमें केवल समाज कल्याण के लिए समर्पित होना चाहिए। उन्होंने ज्ञान की त्रयी अर्थात 'नॉलेज बैंक', आंग्विक्षिकी (तर्क शक्ति) आदि संप्रत्ययों की चर्चा की। संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद, वेदांग, वार्ता, दंड नीति (संविधान) के क्रम को समझाया। बताया कि वेद के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रामायण, महाभारत, पुराण, नाट्य शास्त्र आदि की रचना की गई। मनोविज्ञान विभाग, बीएचयू की प्रो. पूर्णिमा अवस्थी ने अपने उद्बोधन में मन के स्वरूप, मन के अवयव, एवं संवेगात्मक बुद्धि के बारे में विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि संवेग हमारी सोच, मनोदशा, व्यक्तित्त्व आदि से जुड़ता है। संवेग के वर्गीकरण (सकारात्मक एवं नकारात्मक), संवेग, तनाव व दैहिक प्रभावों के अंतर्संबंध के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला का संयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल एवं समन्वयन डा. प्रतिभा सिंह व डा. कंचन शुक्ला ने किया। संचालन डा. प्रतिभा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रश्मि सिंह ने किया। कार्यशाला का संक्षिप्त प्रतिवेदन डा. दुर्गेश कुमार उपाध्याय ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. केके सिंह, डा. मुकेश कुमार पंथ, प्रो. सत्या सिंह, प्रो. आनंद शंकर चौधरी, डा. रवीन्द्र गौतम, डा. दिनेश शुक्ला, डा. पूनम सिंह, डा. दीपमाला सिंह बघेल, डा. अभिषेक मिश्रा, डा. आस्था सिंह, डा. सतीश कुशवाहा, डा. वंदना सिंह, डा. शुभ्रा बनर्जी आदि उपस्थित रहे।

# 'माई भारत पोर्टल' युवाओं को बनाएगा सशक्त : कुलपति

कार्यशाला

## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में माई भारत आउटरीच कार्यशाला में बोले, कुलपति प्रो. एके त्यागी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को 2047 तक साकार करने में देगा योगदान



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को 'माई भारत आउटरीच' कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि माई भारत पोर्टल भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत विजन को 2047 तक साकार करने में योगदान देगा। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से युवा अपने विचारों और योजनाओं को शेयर कर सकते हैं, जो देश को सुरक्षित दिशा में ले जाने में मदद करेगा।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश एनएसएस की विशेष कार्य अधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी मंजू सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विभिन्न कार्यक्रमों को बहुत ही बेहतर तरीके से संचालित कर रहा है। उन्होंने माई भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल युवाओं को सशक्त बनाता है और उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा से जोड़ता है। यह युवाओं को उनकी क्षमताओं को सुधारने का मंच प्रदान कर रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से युवा वर्ग अपने विचारों और योजनाओं को साझा कर सकेंगे, जिससे राष्ट्र को समृद्धि की दिशा में ले जाने में मदद मिलेगी। उन्होंने वालेंटियर्स को 'व्हाइट कमांडो' टाइटल से संबोधित किया। इस दौरान वालेंटियर आदर्श आर्य ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से माई भारत पोर्टल की जानकारी दी।

अतिथियों का स्वागत करते हुए एनएसएस, काशी विद्यापीठ के समन्वयक डा. रविंद्र कुमार गौतम ने माई भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालन डा. अंजना वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. बालरूप यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, समाज कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम वर्मा, कुलानुशासक प्रो. के-के सिंह, प्रो. बंशीधर पांडेय, प्रो. आनंद शंकर चौधरी, डा. अनीता, डा. शिल्पी गुप्ता, डा. शैलेश कुमार, डा. अंबुज मिश्रा, डा. हंसराज, डा. शशि प्रकाश, डा. वीणा वादिनी, डा. एंजेला आदि उपस्थित रहे।

## औद्योगिक भूखण्ड पर निर्माण एरिया बढ़ाने से उद्यमियों को मिलेगा लाभ

**वाराणसी।** लघु उद्योग भारती काशी प्रांत की कबीरचौरा स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि औद्योगिक भखंड पर निर्माण एरिया बढ़ाने से उद्यमियों को काफी लाभ मिलेगा। वक्ताओं ने कहा कि उद्योग स्थापित करने के लिए पूर्व नियम और मानक के अनुरूप सेट बेक के रूप में काफी जगह खुला छोड़ना होता था, जिसमे उद्योगों को विस्तार करने में काफी परेशानी होती थी। परंतु राज्य सरकार ने भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 में संशोधन करके फ्लोर एरिया रेशियो को जहां बढ़ाया है। वहीं सेट बेक एरिया को घटाया है। विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद को निर्देश दिए गए हैं कि उपविधि के संबंधित संशोधन से अपने-अपने बोर्ड के माध्यम से तत्काल लागू किया जाय। अब सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के लिए 500 वर्ग मीटर तक के किसी भी क्षेत्र में स्थित भूखण्ड स्थापित करने पर 20 प्रतिशत भू-आच्छादन अनुमन्य होगा। बैठक में अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, ज्योति शंकर मिश्रा, दिलीप गुप्ता, मनीष चौबे, किशोर वर्मा, संदीप अग्रवाल, रुद्रदीप सेन गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, राजीव सिंह आदि थे।

# स्वस्थ शरीर में होता है स्वस्थ मन का निवास : कुलपति

आयोजन

## काशी विद्यापीठ में आईक्यूएसी, एनएसएस व जेके महिला छात्रावास में छात्राओं के लिए फ्री हेल्थ चेक अप कैंप



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में आईक्यूएसी, एनएसएस व जेके महिला छात्रावास के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को 'फाइट अगेंस्ट एनीमिया : अवेयरनेस एंड प्रिवेंशन, फ्री हेल्थ चेक अप कैंप फॉर गर्ल्स' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आईक्यूएसी की नामित सदस्य एवं निदेशक काशी मेडिकेयर, वाराणसी की डा. शिप्रा धर के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मन का निवास होता है, इसलिए छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी महत्व देना आवश्यक है। यह हमारी भी जिम्मेदारी है कि हमारी सभी छात्राए स्वस्थ्य रहें।

डा. शिप्रा धर ने छात्राओं को शरीर में हिमोग्लोबीन की कमी से होने वाले जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्होंने बताया कि हम सभी को अधिक से अधिक मौसमी फलों एवं साग-हरी सब्जियों का उपयोग करना चाहिए। इस दौरान डा. धर द्वारा निःशुल्क दवा-किट का वितरण किया गया। स्वागत करते हुए आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. नन्दिनी सिंह ने बताया कि छात्राओं के हित में आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। संचालन डा. किरन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन ने डा. नीरज धनखड़ ने किया। इस अवसर पर मुख्य गृहपति प्रो. तेज बहादुर सिंह, एनएसएस समन्वयक डा. रविन्द्र कुमार गौतम, डा. आनन्द शंकर चौधरी, प्रो. अंकिता गुप्ता, डा. अंजना वर्मा, डा. प्रतिभा सिंह, डा. दुर्गेश कुमार उपाध्याय, डा. अनीता, डा. सुरेखा, डा. ममता, डा. शिल्पी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# विद्यापीठ व नौकरी कैंपस इंफो एज इंडिया के बीच एमओयू



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं नौकरी कैंपस इंफो एज इंडिया लि. नोएडा के मध्य मंगलवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल, काशी विद्यापीठ की समन्वयक व निदेशक प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के निर्देशन में विश्वविद्यालय की कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, वित्त अधिकारी संतोष शर्मा एवं डायरेक्टर आउटरीच प्रो. संजय तथा नौकरी कैंपस इंफो एज इंडिया लि. नोएडा के प्रबंधक द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

उन्होंने बताया कि इस समझौता के बाद विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक तथा स्नातकोत्तर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस के लिए कार्यशाला आयोजन एवं इंटर्नशिप एंड प्लेसमेंट के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# उच्च संस्थानों में बहुभाषिक शिक्षा का विशेष महत्व

कार्यशाला

## 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्सः प्रमोटिंग भारतीय लैंग्वेजेज एंड इंटीग्रेटिंग भारतीय ज्ञान परंपरा इन हायर एजुकेशन करिकुला' विषय पर कार्यशाला



**वाराणसी।** अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान तमिलनाडु व भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आईयूसीटीई परिसर में चल रहे 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्सः प्रमोटिंग भारतीय लैंग्वेजेज एंड इंटीग्रेटिंग भारतीय ज्ञान परंपरा इन हायर एजुकेशन करिकुला' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को तीन व्याख्यान और एक विचार मंथन सत्र आयोजित हुए।

इनमें से दो व्याख्यान तमिलनाडु टीचर्स एजुकेशन यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर प्रो. एस मणि द्वारा दिए गए। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में बहुभाषिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बहुभाषिक शिक्षा भारतीय भाषाओं के संरक्षण और प्रोत्साहन, समावेशिता बढ़ाने और अंग्रेजी के वर्चस्व के कारण उत्पन्न भाषायी खाई को पाटने में सहायक है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में इसकी महत्ता के बावजूद, भाषा प्रयोगशालाओं जैसे तकनीकी साधनों की कमी और बहुभाषिक मूल्यांकन की चुनौतियां समान शिक्षा की उपलब्धता में बाधा उत्पन्न कर रही हैं।

प्रो. मणि ने भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संदर्भ आधारित, संवादात्मक और तकनीकी एकीकृत तरीकों की आवश्यकता पर भी बल दिया। अंतिम व्याख्यान में बीएचयू शिक्षा संकाय के प्रो. सुनील कुमार सिंह ने भारतीय भाषाओं और भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रम में एकीकृत करने पर बल दिया। इस पांच दिवसीय कार्यशाला में तमिलनाडु, पांडिचेरी, केरल, कर्नाटक इत्यादि दक्षिण भारतीय प्रदेशों के उच्च शिक्षा संस्थानों के 30 से अधिक अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। संचालन डा. विनोद कुमार सिंह, डा. ज्ञानेंद्र सिंह, डा. सुनील कुमार त्रिपाठी और डा. राजा पाठक द्वारा किया गया।

## सरकारी जमीन से कब्जा हटाने के लिए एसडीएम को दिया पत्र

**चौबेपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा रामचंदीपुर की ग्राम प्रधान विभा देवी ने ग्राम सभा में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को पत्र दिया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है की ग्राम सभा रामचन्दीपुर में 365 बीघा सरकारी जमीन है, जिसपर गांव के लोगों ने कब्जा कर रखा है। जमीन कब्जा मुक्त नहीं होने से गांव का विकास कार्य बाधित है। गांव में तीन विद्यालय हैं लेकिन बच्चों को खेलने कूदने के लिए मैदान नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा है कि गांव में भूमिहीन परिवार भी हैं उन्हें सरकारी आवास बनाने तक की जगह नहीं है। सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराकर भूमिहीन परिवारों को चिह्नित कर आवश्यकतानुसार भूमि पट्टा किया जाना आवश्यक है।

## पीएचडी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत अर्थशास्त्र विषय के पीएचडी शोधार्थियों को मंगलवार को टेबलेट वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सिगरा के पार्षद सिंधु लाल सोनकर ने कहा कि शासन का छात्र-छात्राओं को टैबलेट देने का मुख्य उद्देश्य उन्हें तकनीकी शिक्षा में बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. अंकिता गुप्ता ने किया। अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभाग के डा. राकेश कुमार तिवारी ने की। इस अवसर पर डा. पारस मौर्य, डा. गंगाधर आदि उपस्थित रहे।



**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1. ई-प्रापण निविदा संख्या :** उप मु.इं.-नि.-गोंडा-01-2025 क्लोजिंग दिनांक 05.03.2025. **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सहजनवां दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना के अन्तर्गत सहजनवां–दोहरीघाट के मध्य पुल सं.–दोहरीघाट के मध्य पुल सं. 72 (1x30.5 m. ओपेन वेब), 88(1x18.3 मी. कम्पोजिट), 93(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), 102(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), 106(10x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), 111(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), 116 (1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), A-1(1x12.2) मी. पी. एस. सी. स्लैब), A-2(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), A-3 (1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), A-4(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), A-5(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), and A-6(1x12.2 मी. पी. एस. सी. स्लैब), के मात्र फाउन्डेशन का कार्य तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के ऊपर पुल सं., 98(1x30.5+106.700+1x30.5 m.) के बिना रोड ट्राफिक डायवर्ट किये फाउन्डेशन, सब–स्ट्रक्चर साथ में सुपर स्ट्रक्चर के फैब्रिकेशन एवं इसके लांचिंग का कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 1,09,46,63,397.40, **बयाना राशि :** रु. 56,23,300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 (चौबीस) माह।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - **दिनांक 19.02.2025** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 05.03.2025 15.00 बजे तक** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 05.03.2025 15.30 बजे** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

श्री शशिकान्त सिंह कार्यपालक इंजी./नि./गोरखपुर 9794845260
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोंडा
मुजाधि/डब्ल्यू-407

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# फिल्मी दुनिया छोड़ आलोक ने अपनायी खेती-बारी

**बदलाव**

### सर्वप्रथम ग्राम प्रधान इसके बाद बने ब्लॉक प्रमुख

**बलिया।** मुंबई की फिल्मी दुनिया में सीयर ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह का एक अलग जलवा था। भोजपुरी फिल्मों के निर्माण में आलोक सिंह ने मुंबई में अपनी एक अलग पहचान बनायी। वह 1996 में मुंबई फिल्मी दुनिया में कदम रखा। उसके बाद भोजपुरी फिल्म अभिनेताओं रवि किशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल निरहुआ, खेसारी लाल, कृष्णा अभिषेक, पवन सिंह जैसे बड़े फिल्मी सितारों के संपर्क में आये। उन्होंने 2004 में पहली फिल्म रवि किशन के साथ 'राजा भोजपुरिया' बनायी। इसका बजट लगभग 40 लाख रूपये थी। वह फिल्म सुपरहिट भी हुई। पहली बार आलोक सिंह को मिली कामयाबी के बाद उन्होंने दूसरी फिल्म बनाने से पहले दिनेश लाल यादव निरहुआ से संपर्क साधा और 2006 में उन्होंने दूसरी फिल्म 'हो गइल प्यार ओढनिया वाली से' बनायी। इसी क्रम में 'देवरा पर मनवा डोले' में खेसारी लाल ने काम किया। जिगर फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ ने काम किया। उसके बाद आलोक सिंह कामयाबी के शिखर पर बड़ी तेजी से आगे बढते गये। उसके बाद 2007 में उन्होंने फिल्म अभिनेता कृष्णा अभिषेक के साथ 'गवनवा ले जा राजा जी' बनायी। फिल्म 2009 में उन्होंने चौथी फिल्म 'हो गईनी दीवाना तोहरा प्यार में' बनायी। उसके बाद 2010 में पवन सिंह के साथ उन्होंने 'भईया के साली ओढ़निया वाली' बनायी, जो सुपर हिट हुई। उसके बाद 2017 में 'साजन चले ससुराल पार्ट-2' खेसारी लाल के साथ बनायी। फिर उन्होंने 'दूध का कर्ज' 2016 में फिल्म का निर्माण किया। उसमें उन्होंने दिनेश लाल यादव और खेसारी लाल को मौका दिया। फिर एक दौर ऐसा आया जब 2014 में आलोक सिंह ने 'गंगा जमुना सरस्वती' फिल्म का निर्माण किया। उन्होंने मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ को मौका दिया। उन्होंने नौवीं फिल्म 'बेटा' का निर्माण किया। उसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ को मौका दिया। उसके बाद 2019 में दिनेश लाल यादव निरहुआ को लेकर 'सौगंध' फिल्म बनायी।



गांव में खेतीबाड़ी करते ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह

**सवाल**-आप मुंबई में फिल्मी दुनिया में कैसे सफल हुए?
**जवाब**-1999 में फिल्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश की जानकारी मुझे हुई, जिसमें मुझे पता चला कि उत्तर प्रदेश फिल्म निर्माण में सरकार सहयोग करेंगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह, मुलायम सिंह यादव और मायावती सरकार में मुझे कई फिल्मों को बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। 2003 में मुंबई में मैंने अपनी बहन की शादी की और 2004 में मैं अपने गांव से लगाव रखना शुरू कर दिया।
**सवाल**-मनोज तिवारी, खेसारी लाल, पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ, कृष्णा अभिषेक से संपर्क कैसे बना?
**जवाब**-मैंने एक फिल्म निर्माता के रूप में मुंबई में एक अलग पहचान बनायी। उस वक्त भोजपुरी का एक अलग क्रेज था। मैंने इन बड़े सितारों से संपर्क साधा, जो उस वक्त एक गायक की भूमिका में होते थे। उनको सुनने लाखों लोग जुटते थे। मेरे मन में आया कि इनसे संपर्क बनाकर भोजपुरी फिल्म का निर्माण करना चाहिए। मैं इसमें सफल भी हुआ।




फिल्म 'गंगा, जमुना, सरस्वती' का पोस्टर

### मुंबई से लौटे तो आलोक बन गये प्रधान

**बलिया।** सीयर ब्लाक क्षेत्र के मुजौना गांव निवासी आलोक सिंह 2015 में गांव के प्रधान बने। उसके बाद गांव की तस्वीर बदलने में पीछे नहीं रहे। 2018 में भारत सरकार द्वारा घर-घर शौचालय का एक प्रोजेक्ट आया और उन्होंने घर-घर शौचालय बनवाया। लगातार आठ माह में एक हजार शौचालय का निर्माण कराया। उसके बाद समीकरण बदला। 2021 में आलोक सिंह ने गीता राजभर को जिताया और प्रधान बनवाया। उन्होंने गांव के तस्वीर को बदलते हुए सबसे गंभीर समस्या जो जल निकासी की थी, उसे 90 प्रतिशत कर समाधान कर दिया। 330 आवास गांव में बनवाया। सड़के, नाली आदि बनवायी। सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया। पंचायत भवन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निर्माण कराया। मनरेगा से एक हजार बीघा में चकरोड दिलाया। मुजौना गांव में ग्राम पंचायत कुल छह गांव है। सभी गांवों को विकास से जोड़ा।

### ग्राम प्रधान से बने ब्लॉक प्रमुख

**बलिया।** फिल्मी दुनिया को छोड़ 2015 में ग्राम प्रधान बने आलोक सिंह ने गांव की तस्वीर को ऐसा बदला, जिसकी चर्चा पूर्वांचल ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में होती है। 2021 में आलोक सिंह सीयर ब्लाक प्रमुख बने और लगभग तीन करोड़ की लागत से अपने ग्राम पंचायत मुजौना-तुर्तीपार-अटवा में इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण कराया। लगभग 60 गांवों को विकास से जोड़ते हुए लगभग 18 करोड़ रूपये खर्च किये। जल निकासी, सड़क मार्ग, सोलर लाइट, प्रकाश की उत्तम व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधाओं को गांव में उपलब्ध कराया।

### खेती-बाड़ी में लगाया मन

**बलिया।** ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह इन दिनों खेतीबाड़ी में जमकर मन लगा रहे है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे पिता धर्मजीत सिंह 20 साल तक गांव के प्रधान रहे और 40 वर्षों तक किसान के रूप में काम करते रहे। मेरी मां शिवकुमारी भी गांव की प्रधान रही। वर्तमान में बीडीसी सदस्य है। पिता और बड़े पिता द्वारा बताये हुए रास्ते पर चलते हुए मैंने भी खेतीबाड़ी में मन लगाया है और लगभग 50 बीघे जमीन में खेतीबाड़ी करता हूं। उन्होंने कहा कि खेती करना अपने आपमें एक आनंद का काम है।

# परीक्षार्थी को अपार आईडी दिखाने पर ही परीक्षा केंद्र में मिलेगा प्रवेश

**सख्ती**

### यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने को विभाग बरत रहा सतर्कता

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ अपार आईडी भी दिखानी होगी। अपार आईडी न रहने की दशा में उन्हें प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड दिखाने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिलेगा। यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए शिक्षा विभाग पूरी सतर्कता बरत रहा है।

बोर्ड ने इस साल से कई नये नियम भी लागू किये है। एक राष्ट्र-एक पहचान की तर्ज पर कक्षा एक से 12वीं तक के छात्रों का अपार आईडी बनाया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा के लिए अपार आईडी जरूरी कर दिया गया है। विभाग के अनुसार जिन विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बना है, वह अपार आईडी के लिए आवेदन कर दें। परीक्षा के समय विद्यार्थी के पास अपार आईडी न रहने की दशा में उसे प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड या पैन कार्ड दिखाना पड़ेगा। विभाग के अनुसार संस्थागत परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र भी विभाग की वेबसाइट पर रहेगा। विभाग की वेबसाइट से केवल संस्थागत विद्यार्थी ही प्रवेश पत्र लोड कर सकते है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्त ने बतायाकि यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस साल बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों को शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र के साथ अपार आईडी दिखानी होगी। अपार आईडी न रहने की दशा में परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थी को दूसरे फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाना होगा।

### सात केन्द्रों की निगरानी करेंगे एक सेक्टर मजिस्ट्रेट

**बलिया।** जिले में 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा में 126757 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए 163 केन्द्र बनाये गये है। इन परीक्षा केन्द्रों की निगरानी सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट करेंगे। इसके लिए 25 सेक्टर एवं 163 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा पूरे जिले को सात जोन में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में छह से सात परीक्षा केन्द्र रहेंगे, जबकि हर केन्द्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

## दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनापार चट्टी पर मंगलवार को दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नवानगर गांव निवासी इम्तियाज अहमद (50) पुत्र मुस्तफा रसड़ा कोतवाली में बाबू के पद पर कार्यरत है। वह प्रतिदिन की भांति रसड़ा से ड्यूटी करके वापस अपने गांव आ रहे थे। अभी वह लखनापार चट्टी तक पहुचे थे कि सिकंदरपुर की तरफ से नगरा जा रहे बांसडीह थाना अंतर्गत सहरपुरवा गांव निवासी राजकुमार राम (40) पुत्र अजीत राम की बाइक में टक्कर हो गई। इससे सड़क पर गिरकर दोनों घायल हो गए। टक्कर इतना जोरदार हुआ कि तेज आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर इकठ्ठा हो गये। लोगों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने इम्तियाज को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही, राजकुमार का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर में चल रहा है।

# गांवों में चलाया जा रहा टीबी संवेदीकरण अभियान



क्षय रोग उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाते स्वास्थ्य कर्मी

**बेरुआरबारी।** क्षय रोग विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय सघन जन आंदोलन कैंपेन के तहत ब्लाक के विभिन्न गांवों में टीबी संवेदीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके लोगों की स्क्रीनिंग कर टीबी की जांच एवं इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. वरूण ज्ञानेश्वर ने बताया कि क्षय रोग विभाग की टीमें ब्लाक में टीबी की जांच और उपचार के लिए उपलब्ध निःशुल्क सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी दे रहीं है। 60 साल से ऊपर सभी व्यक्ति, शुगर से पीड़ित व्यक्ति, धूम्रपान एवं मदिरा पान करने वाले, कुपोषित एवं टीबी से पीड़ित व्यक्ति के परिवार के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग किया जा रहा है। बताया कि ब्लाक की आबादी का 20 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। एसटीएस अजय प्रताप ने बताया कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। बीमारी को छुपाने से संक्रमण अन्य लोगों में भी फैलता है। इसकी जांच और उपचार पूरी तरह निःशुल्क है।

# पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को धर दबोचा



उभांव थाना में पकड़े गये अभियुक्त

**बेल्थरारोड।** उभांव पुलिस ने बारात में डीजे पर नाचने को लेकर मारपीट एवं चाकूबाजी करने वाले तीन वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्र के कुशल नेतृत्व में उभांव पुलिस को सफलता मिली है। मंगलवार को उभांव पुलिस देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित/वारण्टी करते हुए चौकिया मोड पर मौजूद थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर धारा 190, 191(2), 191(3), 118(1), 109 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र रामबहादुर यादव, अजीत यादव पुत्र दिनेश यादव निवासीगण ग्राम ढेकवारी, थाना नगरा एवं उमेश यादव पुत्र झब्बर यादव निवासी डुमाडाड़, थाना नगरा को ग्राम पशुहारी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निरीक्षक हरिद्वार, कां. पंकज सिंह, कां. रजनीश कुमार शामिल रहे।

## चोरी का प्रयास करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** खेजुरी पुलिस ने ताला तोड़कर घर में चोरी करने का प्रयास करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में सोमवार को खेजुरी पुलिस ने सीएचसी खेजुरी में बने सरकारी आवास में घुसकर आवास का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाले अभियुक्त उपेन्द्र चौहान पुत्र राजकुमार चौहान निवासी विसेनडेरा, थाना सुखपुरा को गिरफ्तार कर लिया। घटना के सम्बन्ध में वादी शशिकान्त पुत्र स्व. दशमी राम निवासी झरकटहां, थाना रेवती, हाल पता फार्मासिस्ट सीएचसी खेजुरी की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस टीम में उनि औरंगजेब खां, कां. विवेक कुमार शामिल रहे।

# कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना, मचा हड़कंप



कामायनी एक्सप्रेस में तलाशी लेती पुलिस एवं डॉग स्क्वायर्ड

**अफवाह**

### सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारकर शुरू किया गया तलाशी अभियान

**बलिया।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर 11072 कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। जीआरपी, आरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। पुलिस ने सभी यात्रियों को न सिर्फ सुरक्षित बाहर निकाला, बल्कि ट्रेन को यार्ड में ले जाकर गहन तलाशी शुरू कर दी। जांच-पड़ताल के बाद ट्रेन अपरान्ह 4.45 बजे गंतव्य (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) के लिए रवाना हुई, जबकि असल समय दोपहर 12.45 बजे है। मंगलवार को जीआरपी को कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली थी। सुरक्षा को देखते हुए तत्काल सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारा गया और संयुक्त पुलिस दल ने बड़ी बारिकी से तलाशी अभियान शुरू किया। सटीक जांच के लिए छपरा से डॉग स्क्वायड और आजमगढ़ से बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया। सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता के साथ ट्रेन के हर डिब्बे और संदिग्ध सामान की जांच-पड़ताल की। आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करने के साथ ही यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता रही।

# बलिया का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान

**बोले प्रवीण कुमार लक्षकार**

### डीएम ने की बलिया नगर पालिका सीमा क्षेत्र के विस्तार की घोषणा

**बलिया।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद रामदहिन ओझा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को उनकी प्रतिमा स्थल टीडी कालेज चौराहे पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में जिले को एक बड़ी सौगात मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मंच पर अपने सम्बोधन के दौरान बलिया नगर पालिका क्षेत्र पर जनदबाव और व्यावसायिक प्रसार को देखते हुए नगर पालिका का सीमा विस्तार करने की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। कहा कि नगर के चौराहों के सौंदर्यीकरण के सिलसिले में जिला प्रशासन जल्द ही शहीद रामदहिन ओझा की प्रतिमा के ऊपर स्टील की छतरी और बटरफ्लाई लाइट आदि लगाने का भी कार्य करेगा। साथ ही चौराहे के चारों रास्तों पर भी इसी तरह की लाइट लगायी जायेगी।



शहीद रामदहिन ओझा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सीआरओ त्रिभुवन, पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी एवं अन्य



स्मृति सभा को संबोधित करते जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार



शहीद रामदहिन ओझा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शहीद ओझा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहा कि बलिया नगर पालिका के विस्तार से विकास को गति मिलेगी। शहीद रामदहिन ओझा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका के सीमा विस्तार का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। यह घोषणा करने का आज से अच्छा समय नहीं होगा। उन्होंने रामदहिन ओझा की शहादत को याद करते हुए कहा कि बलिया का स्वतंत्रता संग्राम में जो योगदान है, वह किसी से छिपा नहीं है। यह क्रांति की उर्वरा भूमि है। अंग्रेजों के लिए बलिया सबसे बड़ी चुनौती थी। मुख्य वक्ता डॉ. जनार्दन राय ने कहा कि शहीद रामदहिन ओझा के आदर्श पर चलना आज के समय में और भी बड़ी जरुरत है। उन्होंने युवाओं से अध्ययनशील बनने की अपील की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि अमर सेनानी रामदहिन ओझा ने जो लकीर खींची थी, उस पर चलकर ही समाज का भला किया जा सकता है। देश में रामदहिन ओझा के आदर्शो पर चलने वालों की जरुरत है। अतिथियों का स्वागत रामदहिन ओझा ट्रस्ट के सचिव एवं उनके पौत्र डा.प्रभात ओझा ने किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन, ऋषिकेश पाण्डेय, डॉ. गणेश पाठक, डा. अशोक उपाध्याय, आरके गुप्ता, रवींद्र कुमार सिंह, एसके सिंह, अरविंद शुक्ल, नकुल दूबे, राजीव मोहन चौधरी, प्रतुल ओझा, सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी, दिनेश पाठक, ओमप्रकाश पाण्डेय, संतोष सिंह, संजय सिंह, उमेश सिंह, गोपाल पाण्डेय, जयशंकर राय, रत्नाकर राय, जैनेंद्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### शहीद रामदहिन ओझा की स्मृति दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**बांसडीह।** स्वतंत्रता के असहयोग आंदोलन में बलिया के प्रथम शहीद पंडित रामदहिन ओझा की स्मृति दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके क्रम में मंगलवार को बांसडीह डाक बंगला स्थित शहीद रामदहिन ओझा की प्रतिमा पर विभिन्न संगठनों सहित प्रबुद्ध लोगों ने माल्यार्पण कर शहीद द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में किये गये आंदोलन को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक केतकी सिंह के प्रतिनिधि शांत स्वरूप सिंह ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद पंडित रामदहिन ओझा ने युवा अवस्था में ही अपनी लेखनी और पत्रकारिता के माध्यम से अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया था। इसके चलते उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि आज हम खुली हवा में जो सांस ले रहे है, वह शहीद सेनानियों की ही बदौलत है। उनके ऋण से कभी उऋण नही हुआ जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे से पूरा माहौल गूंज उठा।

## संक्षेप

### आर्केस्ट्रा में ठुमके लगा रहीं किशोरियां

**बैरिया।** द्वाबा क्षेत्र में दर्जनों आर्केस्ट्रा संचालक बिना रजिस्ट्रेशन के किशोरियों को लाकर अपने पास रखकर शादी-विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए सट्टा लिखते है। सूत्रों से पता चल रहा है कि कई आर्केस्ट्रा संचालक किशोरियों से अश्लील हरकतें करते रहते हैं। उन आर्केस्ट्रा संचालक और किशोरियों में आये दिन वाद-विवाद होता रहता हैं। आर्केस्ट्रा संचालक पहले उनके घर जाकर आर्केस्ट्रा में नाचने गाने के लिए लाते हैं। सट्टा पर भेजकर नचवाते हैं। इससे आर्केस्ट्रा संचालक अच्छा रकम कमाते है। समय रहते शासन-प्रशासन अभियान चलाकर आर्केस्ट्रा संचालकों का जांच कराकर उनके ऊपर कारवाई करे, ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाए। गलत कार्यों में लिप्त होने वाले आर्केस्ट्रा संचालकों के ऊपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### पशुओं को रोग से बचाव की दी जानकारी

**मझौवां।** बैरिया तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत दया छपरा में स्कैड योजना के अंतर्गत मंगलवार को पत्रकार सतेंद्र पाण्डेय के सहयोग से किसान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को पशुओं में होने वाले रोग से बचाव हेतु जानकारी दी गई। वहीं, 15 किसानों में मुर्गी पालन हेतु चूजा वितरित किया गया और उन्हें दाना एवं दवा दिया गया। इस अवसर पर डा. लालजी यादव, राजनारायण यादव, अश्विनी कुमार सिंह, प्यारेलाल, केदार पाल आदि मौजूद रहे।



### युवक-युवती ने खाया विषाक्त, हालत गंभीर

**मनियर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोठी मोहल्ला निवासी एक युवक एवं युवती ने सोमवार को विषाक्त पदार्थ कासेवन कर लिया। इससे उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनियर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने युवक एवं युवती को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पहले युवक ने सोमवार की सुबह करीब 11 बजे विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसे पीएचसी मनियर ले जाया गया। इसके एक घंटे बाद उसी मोहल्ले की एक युवती ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिजनों की मदद से उसे भी मनियर पीएचसी ले जाया गया। युवक-युवती के एक ही मोहल्ले के होने की वजह से क्षेत्र में लोग इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं।

### पूर्व प्रधान की माता के निधन पर शोक



**मझौवां।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर उदयीछपरा निवासी पूर्व प्रधान मनोज यादव की माता कमला देवी (82) की दिल का दौरा पड़ने से सोमवार की शाम निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनके दरवाजे पर शुभचिंतकों, मित्रों एवं रिश्तेदारों का तांता लग गया। उनका अन्तिम संस्कार उदयीछपरा दुबेछपरा गंगा घाट पर किया गया। मुखाग्नि पूर्व प्रधान मनोज यादव के छोटे भाई अशोक कुमार यादव ने दी। इस अवसर पर सुधीर कुमार यादव गुड्डू, कौशल कुमार यादव चुन्नू आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता की मौत मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी को प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ कि मेरी साली की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व हुई थी। 16 फरवरी की रात्रि में मेरी साली अपने पति, उनकी मां एवं पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगा ली। उसके शव को इन लोगों के द्वारा जला दिया गया। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विनय चौहान पुत्र घूरा चौहान, श्यामसुन्दरी देवी पत्नी घूरा चौहान निवासीगण सलेमपुर, थाना नगरा को सलेमपुर चट्टी के पास से धर दबोचा। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

### हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** दुबहड़ पुलिस ने हत्या के प्रयास से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को उपनिरीक्षक कालीशंकर तिवारी मय हमराह गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि हत्या के प्रयास से संबंधित अभियुक्त सरकारी अस्पताल दुबहड़ के सामने खड़ा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। पुलिस ने सरकारी अस्पताल दुबहड़ के पास दबिश देकर अस्पताल गेट के पास से वांछित अभियुक्त रितेश कुमार मौर्या पुत्र अरुण कुमार मौर्या निवासी उदयपुरा, थाना दुबहड़ को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

### महिला समेत दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सहतवार पुलिस ने एक महिला सहित दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने उनको न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के सफल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बांसडीह/बैरिया मो. फहीम कुरैशी व थानाध्यक्ष दिनेश पाठक के नेतृत्व में सहतवार पुलिस टीम को सफलता मिली है। मंगलवार को पुलिस ने वारंटी कलेक्टर शर्मा पुत्र मोती लाल निवासी त्रिकालपुर, थाना सहतवार एवं पुतली देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी बलवीर नैना, थाना सहतवार के घर बारी-बारी से दबिश दी गयी। इस दौरान वारंटी अपने घर पर मौजूद मिले। पुलिस ने उनको हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में मउनि मोनी पाण्डेय, कां. संदीप सरोज, कां. संतोष कुमार शामिल रहे।

### विवाहिता को ससुर ने ईंट से कूंचकर किया अधमरा

**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के डेहरी शंकरपुर गांव में नल पर कपड़ा धोने के विवाद में ससुर ने विवाहिता को ईंट से मुंह कुंच कर अधमरा कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सास-ससुर सहित अन्य परिजनों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगरा थाना क्षेत्र के डेहरी शंकरपुर निवासी कंचन देवी पत्नी अमरजीत चौहान नल पर कपड़ा धोने गयी। सास-ससुर ने विरोध किया और विवाहिता को लाठी-डंडा के अलावे ससुर ने ईंट से मुंह कूच कर अधमरा कर दिया। घटना 15 फरवरी की है। विवाहिता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि अपने नल पर स्वयं एवं बच्चों का कपड़ा धो रही थी, तभी उसकी सास देवंती देवी, ससुर सुरेन्द्र चौहान, चचिया ससुर रमेश चौहान एवं उनकी पत्नी प्रभावती देवी एक गोल होकर कहे कि तुम इस नल पर कपड़ा नहीं धो सकती है। जब मै कही कि इस नल में मेरा भी हिस्सा है तो सभी लोग मिलकर मुझे मारपीट कर अधमरा कर दिया और धमकी दिए कि यदि फिर नल पर आई तो जान से मार देंगे। मारपीट में मुझे गंभीर चोट आई है। पीड़िता की तहरीर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बीएनएस के विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मेडिकल हेतु सदर अस्पताल भेज दी है। यह घटना सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

### परिषदीय स्कूलों में होगा औषधीय पौधों का रोपण

**बलिया।** इको क्लब के तहत प्रदेश के प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा। इको क्लब बलिया के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप यादव ने प्राथमिक विद्यालय कौसंडर में बच्चों के साथ पौधरोपण करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 1490 दिनों से वे लगातार वृक्षारोपण कर धरती को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। मिशन लाइफ के तहत इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जागरूकता उत्पन्न करना है। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को 1500 और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 2000 की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। शैलेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि अत्यधिक दोहन और मशीनीकरण के कारण भूमिगत जल स्त्रोत सूख रहे हैं और नदियों का पानी भी दूषित होता जा रहा है। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और जल संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास करने की अपील की।

# जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम

समीक्षा बैठक

### कर करेत्तर राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित कर करेत्तर राजस्व वसूली तथा अन्य राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। कर करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान माह हेतु निर्धारित लक्ष्य 129.72 करोड़ रुपए के सापेक्ष 108.01 करोड़ रुपए की वसूली पाई गई। जो कुल के सापेक्ष 83.26 प्रतिशत है। जिसमें व्यापार कर में 65.15 प्रतिषत, स्टांप रजिस्ट्रेशन में 85.63 प्रतिशत, परिवहन कर में 80.55 प्रतिशत, आबकारी में 78.88 प्रतिषत, खनन में 57.24 प्रतिशत, विद्युत देय में 101.35 प्रतिशत, बैंक देय 113.03 प्रतिशत है।जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त विभागों को जिनका लक्ष्य के सापेक्ष वसूली शत प्रतिशत नहीं है उन्हें विशेष प्रयास कर आगामी माह में वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खनन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को ईंट भट्ठे वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। 10 बड़े बकायेदारों की वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवश्यक होने पर संबंधित की संपत्ति कुर्क कर नीलामी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए। स्टांप वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समाधान योजना के तहत अधिक से अधिक मामले निपटाने को कहा। भू आवंटन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि एवं आवास हेतु लक्ष्य के सापेक्ष लोगों को भूमि आवंटन करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने भू माफियाओं तथा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जन शिकायतों के निस्तारण तथा नेगेटिव फीडबैक के कारण जनपद की खराब रैंकिंग पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा जिससे फीडबैक पॉजिटिव आए तथा जनपद की रैंकिंग में सुधार हो। इस दौरान नेगेटिव फीडबैक सबसे ज्यादा विद्युत विभाग की पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने को कहा। जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को विभाग में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी समस्त खंड विकास अधिकारियों से शेयर करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को उनके कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को बिना हेलमेट के कार्यालय आने पर प्रवेश प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों में अच्छी ग्रेड न लाने वाले समस्त अधिकारियों को इस माह बेहतर कार्य करते हुए उनके विभाग में संचालित योजनाओं की ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स भर्ती हेतु 464 अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों का सत्यापन 22 व 24 फरवरी को

भर्ती

### निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित तथा अपूर्ण अभिलेख होने पर नहीं किया संबंधित के आवेदन पर विचार

**मऊ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जनपद मऊ में कुल 165 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती का विज्ञापन 15 मार्च 2024 को प्रकाशित किया गया था जिसका ऑनलाइन आवेदन लगभग 08 हजार प्राप्त हुए है। जिसमें से आंगनबाड़ी भर्ती पोर्टल द्वारा लगभग 3500 आवेदन स्वतः विभिन्न कारणों से निरस्त है तथा 5799 आवेदन ब्राडशीट पर प्रदर्शित हो रहा है। जिसके सत्यापन हेतु चयन समिति के सदस्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की चार कमेटी मुख्य विकास अधिकारी/चयन समिति के सदस्य द्वारा गठित समिति द्वारा ब्राडशीट में प्रदर्शित 5799 आवेदनों की ई-डिस्ट्रीक पोर्टल पर आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। जिसमें 2284 आवेदन उसी ग्रामसभा/वार्ड के पात्र पाये गया हैं। कुल 2284 आवेदनों में से रिक्त 165 केन्द्र के सापेक्ष प्रत्येक केन्द्र से तीन गुना अभ्यर्थियों तथा सभी पात्र पीएच एवं एफएफ को अर्थात कुल 464 अभ्यर्थियों को नियमानुसार मेरिट के आधार पर समस्त मूल अभिलेख के साथ सत्यापन हेतु 22 फरवरी 2025 एवं 24 फरवरी 2025 को विकास भवन सभागार/जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में बुलाया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी सूचना प्राप्त होने पर निर्धारित स्थल तिथि और समय पर ही अपने समस्त मूल अभिलेख और उसकी स्वप्रमाणित प्रति (एक सेट) तथा दो फोटो पासपोर्ट साइज लेकर उपस्थित हो। उक्त अभ्यर्थियों को सिर्फ मूल अभिलेख के साथ सत्यापन हेतु बुलाया जा रहा है तथा यह चयन के दावे की पुष्टि नहीं करता है। यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार अभिलेख प्रस्तुत नही करता है या नियत तिथि पर अनुपस्थित होता है तो अपूर्ण अभिलेख/अनुपस्थित मानते हुए चयन हेतु उसके आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

## संस्कारहीन समाज विकास में बाधक : डॉ. संजय सिंह




आयोजन

### शारदा नारायण फ्यूचर फाउंडेशन में मना मातृ-पितृ वंदन दिवस

**मऊ।** संस्कार ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है। संस्कारहीन व्यक्ति परिवार और समाज के लिए घातक होता है। संस्कारहीन समाज कभी भी प्रगति नहीं कर पाता है। अपने जीवनदाता माता-पिता के साथ ही बड़ों का आदर व सम्मान के साथ उनकी सेवा ही प्रत्येक प्राणी का लक्ष्य होना चाहिए। आधुनिक होते समाज में माता-पिता की उपेक्षा का भाव बहुत तेजी से प्रचलित हो रहा है जो चिन्ताजनक है। इस बदलाव की दिशा में मातृ-पितृ वंदन दिवस जैसे आयोजन बहुत ही सार्थण और प्रेरणादायी होंगे। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने यह उदगार शारदा नारायण फ्यूचर फाउंडेशन द्वारा आयोजित मातृ-पितृ वंदन दिवस में व्यक्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने माता-पिता का पूजन करने के साथ उनकी आरती उतारी। कार्यक्रम में एडवोकेट सुनील कुमार सिंह, समाजसेवी अजीत सिंह, सरोज सिंह, सुनीता, प्रीति, राघवेंद्र, संजीव, पूजा, अमृता, बीना सहित अध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

### ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में सात लोग घायल

**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के सोनाडीह फोरलेन पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन महिलाओं सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उन्हें निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा सवारियों को लेकर घोसी से अमिला की ओर जा रहा था।

सोनाडीह फोरलेन पर सामने से आ रही बाइक से अचानक टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार कुचहरा गांव निवासी सुधाकर चैहान (30) और अजय (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ई-रिक्शा सवार सेमराडाड निवासी चंदा देवी (40), अंशिका (15), बोझी निवासी नूतन (25), सोनाडीह निवासी सचिन (26) और दोहरीघाट निवासी अनूप (29) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने अपनी सुविधा के अनुसार उन्हें निजी अस्पतालों में भर्ती कराया।

## सरकारी नौकरी पाने की होड़ करने का नहीं बल्कि नौकरी देने का दौर : प्रोफेसर संजीव कुमार

समारोह

### कुलपति ने जनपद स्तरीय रोवर रेंजर्स समागम का किया उद्घाटन




**मऊ।** नगर के डीसीएसके पीजी कॉलेज के प्रांगण में जनपद स्तरीय रोवर रेंजर्स समागम का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार उपस्थित रहे। कुलपति ने महाविद्यालय में नवनिर्मित रोवर रेंजर्स भवन का उद्घाटन किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के मंत्री गौरी शंकर खंडेलवाल तथा सदस्यकृष्ण कुमार खंडेलवाल गौरव कुमार खंडेलवाल उपस्थित रहे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में प्राचार्य डीसीएस के प्रोफेसर सर्वेश पांडे ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ से किया। जनपदीय समागम समिति के सदस्य के रूप में प्रोफेसर निर्मला सिंह, प्रोफेसर वंदना पांडे, डॉ हूर तलत एवं डॉ रमेश कुमार की उपस्थिति रही, अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्य भी अपनी टीम एवं टीम प्रभारी के साथ समागम में उपस्थित रहे। समागम का उद्घाटन भाषण देते हुए कुलपति ने बताया कि हमें हर परिस्थिति में मुस्कुराना चाहिए आज का दौर सरकारी नौकरी पाने की होड़ करने का नहीं बल्कि नौकरी देने का है। कार्यक्रम की रूपरेखा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रप्रकाश राय द्वारा रखी गई। समागम में कुल आठ महाविद्यालय की 13 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें सात रेंजर्स की टीम तथा 06 रोवर्स की टीम है। टीम प्रभारी के रूप में रानीपुर से डॉक्टर शकील खान, रतनपुरा से डॉक्टर अब्दुल कादिर, डॉक्टर रचना सिंह, डॉक्टर पीयूष रंजन सिंह, डॉक्टर प्रदीप कुमार राय, चिरैयाकोट से डॉक्टर चंद्रभान सिंह तथा महाविद्यालय प्रांगण की टीम का नेतृत्व डॉक्टर घनश्याम दुबे एवं रश्मि पांडेय ने किया। समागम के संयोजक प्रोफेसर शर्वेश पांडे ने उपस्थित अतिथियों के स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज से अगले तीन दिनों तक प्रतिभागियों को अनुशासन के प्रेरणा के साथ कार्य करना है प्रतिभागियों के लिए प्रतियोगिताएं सिर्फ मेडल के लिए नहीं बल्कि बेहतर व्यक्ति बनने के लिए भी होती हैं। संत रविदास का संदर्भ देते हुए प्राचार्य जी ने कहा कि हमें श्रम के महत्व को समझना चाहिए और इस कम करके नहीं देखना चाहिए। उद्घाटन सत्र के समापन में आभार ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ सुधीर सिंह ने सभी अतिथियों, रोवर रेंजर्स और टीम प्रभारियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### मूक बधिरता निवारण हेतु निःशुल्क स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**मऊ।** मुख्य चित्साधिकारी डॉ राहुल सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि बुधवार को जिला चिकित्सालय सभागार, जनपद में 00 से 05 वर्ष तक के जन्मजात मूक बधिरता (गूंगे बहरे) बच्चों का निःशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट हेतु निःशुल्क स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया है। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डा. बीके यादव द्वारा अवगत कराया गया कि निःशुल्क मूक बधिरता शिविर सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित है, अधिक जानकारी के लिए अपने गांव के आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरबीएसके टीम, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक तथा जिला चिकित्सालय स्थित मूक बधिरता क्लीनिक एवं एनएचएम कार्यालय में आरबीएसके मैनेजर से संपर्क किया जा सकता है।

### रोजगार मेले/अपरेन्टिसशिप मेले का आयोजन 20 फरवरी को

**मऊ।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरुण यादव ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में 20 फरवरी को समय 10:30 बजे रोजगार मेले/अपरेन्टिशिप मेले का आयोजन किया जायेगा। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कम्पनी टाटा मोटर्स द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। आयोजित किए जाने वाले मेले में प्रतिभाग करने वाली बहुप्रतिष्ठित कम्पनी के सम्बन्ध में आवश्यक विवरण निम्नलिखित है। मेले में प्रतिभाग करने वाली बहुप्रतिष्ठित कम्पनी का नाम टाटा मोटर्स। कम्पनी में रिक्तियों की संख्या 2000 से अधिक है (कम्पनी द्वारा दिया जाने वाला न्यूनतम वेतन रुपया 11558.00 के अतिरिक्त यात्रा भत्ता, युनिफार्म, अवकाश अन्य आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। उक्त मेले में 10वीं पास एवं आईटीआई उत्तीर्ण (किसी भी व्यवसाय में) सभी छात्र/छात्राएं पात्र होंगे। निम्नलिखित प्रपत्रों के साथ पात्र अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर रोजगार का लाभ प्राप्त करें।

### प्रकाश नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने रंगोली बनाकर लोगों को किया जागरूक

**मऊ।** नगर के सहादतपुरा स्थित प्रकाश नर्सिंग स्कूल के सभागार मे नर्सिंग मे प्रशिक्षणरत छात्र/छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डायरेक्टर डा० मनीष कुमार राय ने किया। रंगोली में महाकुम्भ 2025 को मुख्य रूप से दशार्ते हुए प्रथम स्थान बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएँ योगीता राज, संध्या, अंकिता, दिक्षा, समीक्षा, सैल्जा, चाँदनी, अभिषेक, राहुल एवं द्वितीय स्थान एएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राएँ सना, सलोनी, प्रीयांशु, स्वेता, निषा, गुड्डी, सुमन, वैष्णवी, अनुषा, प्रिया, सुनीता तथा तृतीय स्थान जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्राएँ स्वेता, शिवांगी, खुषी, खुश्बु सिंह, खुश्बु यादव, आरती चैहान, आरती, पूजा, अंबीका, अंजली, ज्योती आदी को मिला। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डायरेक्टर डा० मनीष कुमार राय ने कहा कि आज आप सभी ने जो रंगोली बनाया है उसके माध्यम से समाज मे जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है, और यह हम सब का सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर प्राचार्य डा० रबि कुमार, कृष्णा, रेशा, सुधा, हरीकला, स्वाती, सोनीका, सुमन, रेनू, शुभम, आशिष, आदि लोंग उपस्थित रहें।

### चोरी की 2 बकरियों संग 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**मऊ।** थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर चकरा क्रासिंग के पास से अभियुक्तगण रोशन कुमार पुत्र फुलबदन निवासी थलईपुर, साहिल यादव पुत्र हरिहर यादव निवासी कड़ौरा थाना हलधरपुर जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की 02 बकरियां व घटना में प्रयुक्त एक अदद बोलेरो बरामद किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्तो के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 56/25 धारा 303(2),117(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर उक्त अभियुक्तो का चालान न्यायालय किया गया। बरामद एक चार पहिया बोलेरो को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

### दोपहिया वाहनों की नीलामी में 66100 रुपये के राजस्व की हुई प्राप्ति

**मऊ।** जनपद में थानों पर लंबित माल मुकदमाती/लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के क्रम में नायब तहसीलदार सदर अभिषेक वर्मा व प्रभारी निरीक्षक सरायलखन्सी शैलेष सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को थाना सरायलखन्सी पर विभिन्न जनपदों से आये 03 रजिस्टर्ड कबाड़ व्यापारियों के समक्ष बोली लगवाकर नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत 14 दोपहिया वाहनों का निस्तारण कराकर जीएसटी सहित कुल 66100 रुपये राजस्व की प्राप्ति की गयी। प्राप्त धनराशि को नियमानुसार राजकोष में जमा किया जायेगा।

### तहसील पर जारी रहा आगसा का धरना प्रदर्शन



**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में मॉडल तहसील बलिया पर गोंड समुदाय के छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 23वें दिन भी जारी रहा। धरना का समर्थन करते जनजाति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मूंनजी गोंड ने कहा कि अंग्रेजी सरकार में बलिया जिले में निवास करने वाली गोंड जाति की जनगणना ट्राइब में की गयी है। उस समय के थानों पर स्थित जन्म-मृत्यु रजिस्टर फौती में भी गोंड ही अंकित है। आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों यथा 1290, 1324, 1345, 1356, 1359 फसली में स्पष्ट रूप से गोंड अंकित है। इसके बावजूद शासनादेश की घोर अवमानना करते हुए तहसीलदार एवं लेखपाल मनगढ़ंत गलत आख्या लगाकर गोंड की जाति बदलने का षडयंत्र कर रहे हैं। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जाय। इस अवसर पर लल्लन गोंड, संजय गोंड, मनोज शाह, बच्चालाल गोंड, विक्रम गोंड, अविनाश गोंड, सूरज गोंड, कृष्णा गोंड, सुरेश शाह, गंगासागर गोंड, शिवकुमार गोंड, श्रीपति गोंड, अरविंद गोडवाना आदि मौजूद रहे।

### टीडी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

**बलिया।** श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज के मनोरंजन भवन में 20 फरवरी, दिन गुरुवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश होंगे। सारस्वत वक्तव्य के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह तथा बीज वक्तव्य के लिए इसी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे होंगे। संगोष्ठी का विषय हरिवंश का सृजन संसार एवं हरिवंश जी से संवाद रखा गया है। कार्यक्रम के आयोजक श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. रविन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि इस अवसर पर हरिवंश जी द्वारा लिखी गई पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह कार्यक्रम श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज एवं श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

## वाहन स्वामी ने लगायी ट्रैक्टर बरामद करने की गुहार

**बांसडीह।** विगत शनिवार की आधी रात कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर खड़ी ट्रैक्टर चोरी के मामले में वाहन स्वामी द्वारा मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर बरामद करने की गुहार लगाई है। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है, लेकिन चोरी के दो दिन बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। वाहन स्वामी कोतवाली क्षेत्र के बकवा निवासी उमेश प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात्रि में शिवरामपुर स्थित दुकान पर पहुंचा तो देखा कि मेरा स्वराज ट्रैक्टर नहीं था। मेरे द्वारा दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरा देखा गया तो पता चला कि 16 फरवरी को रात्रि लगभग ढाई बजे कुछ बदमाश टाइप के लोग मुंह ढककर ट्रैक्टर को स्टार्ट करके बलिया की तरफ चले गए। मैने तत्काल घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को देते हुए बलिया की तरफ ढूंढने निकल गया। लेकिन अभी तक ट्रैक्टर का कही पता नहीं चल पाया है। इस सम्बन्ध में कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जल्द ही ट्रैक्टर चोरों को वाहन के साथ पकड़ लिया जाएगा।

## डायलिसिस सेंटर में गुर्दा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं

परेशानी

### जान जोखिम में डालकर डायलिसिस कराने को मजबूर हुए मरीज

**बलिया।** जिला अस्पताल में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस सेंटर में गुर्दा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है। टेक्नीशियन ही किडनी मरीजों का डायलिसिस करते है। ऐसे में मरीज जान जोखिम में डालकर डायलिसिस कराने को मजबूर है। इस समय 15 मरीज वेटिंग में है। 40 मरीजों की प्रतिदिन डायलिसिस हो रही है।

जिला अस्पताल में फरवरी 2020 में शासन द्वारा वाराणसी की हेरिटेज संस्थान द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस यूनिट की शुरूआत की गई। मरीजों को खुशी हुई कि अब लखनऊ, गोरखपुर, पटना, वाराणसी सहित अन्य महानगरों को जाने से मुक्ति मिलेगी। डायलिसिस सेंटर पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बिना नेफ्रोलाजिस्ट एवं फिजिशियन के संचालित हो रहा है। डायलिसिस के दौरान बीपी अनियंत्रित होने से मरीज को दिल का दौरा पड़ने की संभावना ज्यादा रहती है। आये दिन मरीजों की हालत बिगड़ जाने से उनकी जान पर बन आती है। मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर टेक्नीशियन इमरजेंसी में इलाज के लिए भेज देते है, जहां ईएमओ के सहारे मरीजों का इलाज होता है। तमाम शिकायतों के बावजूद अब तक नेफ्रोलाजिस्ट की तैनाती ना होना जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। चिकित्सक के अभाव में डायलिसिस कराने वाले मरीज खुद की जान सांसत में डालते है। बता दें कि जब मरीज के गुर्दे सही ढंग से काम नहीं कर रहे होते है तो डायलिसिस केन्द्र में रोगी के खून को डायलाइजर पंप द्वारा पंप किया जाता है। खून साफ करने में तीन से चार घंटे लगते है। एक मरीज को सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस कराना पड़ता है। चिकित्सक के अभाव में डायलिसिस मानक के अनुरूप हो रहा है, इसकी पुष्टि भी नहीं होता है। इस संबंध में सीएमएस डा. एसके यादव ने बताया कि डायलिसिस केन्द्र में नेफ्रोलाजिस्ट की तैनाती के लिए संचालित करने वाली संस्थान को पत्र लिखा गया है।

### वीआईपी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** विकासशील इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को धर्मात्मा निषाद आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। कहा कि महाराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरकटहां में निषाद पार्टी के युवा नेता धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या की घटना ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया है। मृतक के अपने सोशल मीडिया पोस्ट एवं सुसाइट नोट में जिन परिस्थितियों की ओर इशारा किया है, वे इस बात को दर्शाते है कि यह सिर्फ व्यक्तिगत घटना नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश का परिणाम हो सकता है। मांग किया कि धर्मात्मा निषाद आत्महत्या मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच करायी जाय। दोषियों पर कठोर कार्यवाही किया जाय। पुलिस पूरे मामले की पारदर्शी रिपोर्ट सार्वजनिक करें। मृतक के परिवार को उचित मुआवजा एवं सुरक्षा प्रदान किया जाय। चेताया कि यदि हमारी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं किया गया तो वीआईपी जनांदोलन करने को विवश होगी। इस अवसर पर हरेराम साहनी, अर्जुन बिन्द, सियाराम बिन्द, विनोद कुमार, दिनेश साहनी आदि मौजूद रहे।

## आम की पैदावार बेहतर होने की उम्मीद



आम के पेड़ पर लगी मंजरी

**बैरिया।** आम के पेड़ में आए मंजरी को देखकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। ऐसा लग रहा है कि इस वर्ष फलों का राजा आम सर्वसुलभ होगा। किसान यह उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार आम की पैदावार बेहतर होगी। आम की मंजरी को बचाने के लिए किसान कई प्रकार की दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं।

कई बार जानकारी के अभाव में गलत दवा या अधिक मात्रा में दवा के छिड़काव से आम की फसल को नुकसान भी होता है। ऐसे में आम के मंजरी को बचाने के लिए छिड़काव से पहले कृषि अधिकारी से अवश्य सलाह लें। इस संबंध में बैरिया के सहायक कृषि विकास अधिकारी सुशील कुमार यादव ने बताया कि आम की मंजरी पर मधुवा रोग का हमला होता है। इसके बचाव के लिए एमिठा क्लोरपिट नामक कीटनाशक की एक एमएल दवाई तीन लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसके अलावा बाजार में उपलब्ध कोई भी कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर सकते हैं। जब मंजरी में बड़े निकलने लगे तो डायथेन एम-45 दवा का छिड़काव तीन ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर करें। जब मंजरी मटर आकार में हो जाए तो प्लानोफिक्स एक एमएल प्रति चार लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इससे अनावश्यक टिकोले नही गिरेंगे। इसके अलावा समय-समय पर आम के पेड़ की सिंचाई करते रहें।

# छोटे-छोटे बच्चों को लेकर थाने पहुंची मृतक की पत्नी

गुहार

### मुख्य आरोपी समेत अन्य की गिरफ्तारी करने की मांग




छोटे-छोटे बच्चों के साथ थाने पर पहुंची मृतक की पत्नी

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर गांव में बीते 26 जनवरी को हुए श्रवण हत्याकांड का मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपी घटना के 23 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। मंगलवार को अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर रेवती थाने पहुंची मृतक की पत्नी ने थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी से मिलकर मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग किया।

मृतक पत्नी पूजा ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब सभी तथ्य तथा आरोपियों का नाम सामने आ चुका है तो फिर मुख्य आरोपी सहित अन्य की गिरफ्तारी न होना समझ से परे है। मृतक की पत्नी ने कहा कि मेरा सुहाग उजड़ गया।

मेरे छोटे-छोटे बेटों के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य हत्यारा तथा अन्य को अभी तक पुलिस नहीं पकड़ पाई है। मैं न्याय मांगने के लिए थाने आई हूं। मृतक श्रवण की बहन लक्ष्मी ने रोते कहा कि योगी जी मेरे भाई के हत्यारों को फांसी दीजिए।

### घटना का पूरा विवरण

**रेवती।** 27 जनवरी की सुबह रेवती थाना क्षेत्र के श्रीनगर पानी टंकी के समीप खेत के किनारे श्रवण यादव का रक्तरंजित शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी। फोरेंसिंक टीम ने साक्ष्य संकलन किया।

### पुलिस के सामने केस के अनावरण की चुनौती

**रेवती।** अब पुलिस के सामने ब्लाइंड मर्डर केस के अनावरण की चुनौती थी। घटना के दिन से ही पुलिस धीरे-धीरे घटना के अनावरण के प्रयास में गंभीरता से जुट गयी। घटना की सबसे पहली कड़ी पुलिस को यह मिला कि 26 जनवरी की शाम को मृतक श्रवण को किसी ने फोन करके बुलाया था। हालांकि परिजनों का कहना है कि फोन पहले आया था। बाद में पूर्व प्रधान लक्ष्मण यादव का लड़का एवं एक अन्य युवक श्रवण को घर से बुलाकर ले गये थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार श्रवण अकेले नहीं गया, बल्कि योगेन्द्र उर्फ मंत्री को साथ लेकर बाइक से गया। हालांकि इस बीच अचलगढ़ ढाले पर श्रवण ने योगेन्द्र को उतार दिया और बाइक लेकर चला गया। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए उठा लिया। उधर, पुलिस जिस नंबर से श्रवण को फोन आया था, सर्विलांस के सहारे उस तक पहुंची। विभिन्न नंबरों का सीडीआर निकलवाने के साथ ही पुलिस ने घटना से जुड़े लोगों को ट्रेस करना शुरू कर दिया।

### पत्नी को रास नहीं आ रही थी दोनों की घनिष्ठता

**रेवती।** घटना का कारण चौंकाने वाला सामने आया। चूंकि पूर्व प्रधान लक्ष्मण यादव तथा मृतक श्रवण यादव का घर पड़ोस में है। दोनों में गहरी बनती थी। यह बात पूर्व प्रधान की पत्नी चन्द्रावती को नागवार लगती थी। वह पूर्व प्रधान को इसके लिए कई बार मना भी कर चुकी थी। लेकिन पूर्व प्रधान अपने परिजनों से भी ज्यादा श्रवण को तवज्जो देता था। वहीं, पूर्व प्रधान के घर दया छपरा निवासी भिखारी उर्फ आदित्य यादव का आना-जाना था। बताया रहा है कि घर पर बराबर आने-जाने के कारण चन्द्रवती और भिखारी यादव की दोस्ती हो गयी। चन्द्रवती ने पैसे का लालच देकर भिखारी को श्रवण की हत्या करने की बात कही। चूंकि भिखारी अपराधी प्रवृत्ति का रहा है। ऐसे में भिखारी ने श्रवण की हत्या की हामी भर दिया।

### जब पुलिस ने मणि बहादुर को उठाया

**रेवती।** पुलिस ने घटना का तार से तार जोड़ते हुए घटना में संलिप्त पियरौंटा निवासी मणि बहादुर उर्फ बेचन सिंह तक पहुंच गयी। इसके बाद पूरी कहानी सामने आ गयी। पुलिस ने घटना के षड़यंत्रकारी पूर्व प्रधान लक्ष्मण यादव की पत्नी चन्द्रावती देवी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### पूरी प्लानिंग के साथ हुई थी श्रवण की हत्या

**रेवती।** भिखारी ने श्रवण के हत्या के लिए अपने दो अन्य साथियों से बात की और हत्या की घटना को अंजाम देने की पूरी प्लानिंग तैयार हो गयी। चूंकि भिखारी का पूर्व प्रधान के घर बेरोक-टोक आना जाना था और श्रवण भी पूर्व प्रधान का करीब था। इसलिए दोनों एक-दूसरे से परिचित थे। 26 जनवरी की शाम भिखारी ने श्रवण को फोन करके किसी बहाने चूना फैक्ट्री के पास बुलाया। श्रवण अपने साथ योगेन्द्र उर्फ मंत्री को साथ लेकर बाइक से वहां पहुंचा। इस बीच भिखारी ने फिर फोन करके श्रवण को अकेले ही श्रीनगर आने को कहा। श्रवण ने योगेन्द्र उर्फ मंत्री को अचलगढ़ ढ़ाले पर उतारकर चला गया। उधर, भिखारी और उसके साथी मणि बहादुर तथा एक अन्य ने श्रीनगर पानी टंकी के समीप खेत के किनारे पहुंचे श्रवण को ईंट-पत्थर से कूंचकर रात में ही निर्मम हत्या कर दिया और आराम से फरार हो गये।

### पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ी तो मिल गयी सफलता

**रेवती।** 27 जनवरी की सुबह ग्रामीणों द्वारा श्रीनगर गांव में रक्त रंजित शव देखा गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी को सुलझाने में लग गयी। पुलिस की टीमें हत्या के अनावरण के लिए साइलेंट मोड में काम करती रही। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को उठाया। घटना के छठवें दिन पुलिस ने हत्याकांड का अनावरण करते हुए षड़यंत्रकारी आरोपी चन्द्रावती को उसके घर तथा अन्य आरोपी मणि बहादुर को पियरौटा पुलिया से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया।

## दो किन्नरों समेत चार की रिपोर्ट एचआईवी पाजीटिव

**बांसडीह।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीते दिनों दो किन्नरों एवं उनके दो मित्रों की एड्स जांच रिपोर्ट एचआईवी पाजीटिव आने के बाद वे सीएचसी से फरार हो गये। केंद्र के एचआईवी काउंसलर ने चिकित्सा अधीक्षक को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यदि इन किन्नरों को तत्काल इलाज के साथ सही निर्देशन नही मिला तो वे अन्य कई लोगों को भी संक्रमित कर सकते हैं। समस्या की गंभीरता को लेकर चिकित्सा अधीक्षक डा. विंकटेश मौआर ने इस संबंध में पुलिस की सहायता ली और संक्रमित किन्नरों एवं उनके पार्टनर से संवाद स्थापित कर उन्हें इलाज के लिये प्रेरित करने का प्रयास किया तो पता चला कि दोनों एचआइवी संक्रमित किन्नर अपने घर पश्चिम बंगाल भाग गए हैं। उनके दो अन्य साथियों से चिकित्सा कर्मियों से संवाद कर उन्हें इस संक्रमण के और फैलने से बचाव के उपाय बताकर उनका जिला चिकित्सालय स्थित एआरटी सेंटर में रजिस्ट्रेशन करवाया और उनका इलाज शुरू किया। फिलहाल रिपोर्ट आने के बाद भागे दोनों एचआइवी संक्रमित किन्नरों को कांउसलिंग टीम खोजने का प्रयास कर रही है।

# काशी एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

**सतर्कता बढ़ी**

## औड़िहार जंक्शन पर बम चेकिंग दस्ता समेत डॉग स्क्वायड ने घंटों तक चेकिंग की

जनसंदेश न्यूज

**सैदपुर।** गोरखपुर से मुंबई जा रही काशी एक्सप्रेस में बम की सूचना के बाद रेलवे सहित पुलिस व जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। ट्रेन के औड़िहार जंक्शन पर पहुंचने के पूर्व ही वहां पुलिस, आरपीएफ व जीआरपी पहुंच चुकी थी। जिसके बाद ट्रेन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके बाद बम चेकिंग दस्ता सहित डॉग स्कवॉड ने भी पहुंचकर घंटों तक चेकिंग की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। एडीएम व एसपी सिटी सहित आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट ने भी पहुंचकर जायजा लिया।

आखिरकार 2 घंटे 50 मिनट के बाद चेकिंग पूरी करके उसे रवाना कर दिया गया। मंगलवार की सुबह किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर इंटरनेट कॉल करके गोरखपुर से मुंबई जा रही काशी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना दी। सूचना के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना कंट्रोल रूम से औड़िहार जीआरपी चौकी प्रभारी राजकपूर सिंह समेत अन्य जिम्मेदारों को दिया गया। जीआरपी ने तत्काल इस सूचना को विभागों में प्रसारित की। ट्रेन को दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर सूचना देकर वहीं रोक दिया गया। इसके बाद ट्रेन को औड़िहार जंक्शन के लिए रवाना किया गया।



औड़िहार स्टेशन पर बैग की जांच करती टीम।



औड़िहार स्टेशन पर काशी एक्सप्रेस में बम का पता लगाता स्निफर डांग।

### यात्रियों को बम के बारे में नहीं थी जानकारी

इधर सूचना मिलते ही सैदपुर कोतवाल योगेंद्र सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ औड़िहार रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और जैसे मंगलवार की सुबह 11 बजकर 32 मिनट पर ट्रेन पहुंची, उसमें से यात्रियों को एक-एक कर निकालकर चेकिंग शुरू कर दी गई। चेकिंग के दौरान पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ ने यात्रियों को शुरू में बम की सूचना नहीं दी थी। कुछ ही देर में सैदपुर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामेश्वर सुधाकर व सीओ अनिल कुमार सहित तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार विजयकांत पांडेय, खानपुर एसओ प्रवीण यादव भी पहुंच गए। वहीं, जिला मुख्यालय से अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार व एसपी सिटी ज्ञानेंद्रनाथ प्रसाद, आरपीएफ वाराणसी परिक्षेत्र के असिस्टेंट कमांडेंट एनएम यादव व मऊ जीआरपी प्रभारी प्रमोद शुक्ला भी पहुंचे और मॉनीटरिंग करने लगे।

### लावारिस बैग मिलने पर पुलिस अलर्ट

इस बीच प्रशासन हर एक डिब्बे में घुसकर यात्रियों को एक-एक कर उनके सामानों के साथ बाहर निकाल रहे थे। इधर किसी एक महाकुंभ से आ रही श्रद्धालु महिला का बैग लावारिस हाल में मिला। पुलिस ने जब पूछा कि बैग किसका है तो संभवतः वो बिना टिकट के होने के डर से सामने नहीं आई। जिसके बाद बैग को संदिग्ध मानकर उसे अगल रख दिया गया। गाजीपुर से आए बम चेक करने वाले दस्ते ने मशीन से उक्त बैग को चेक किया। बैग से सामान निकाल रहे थे। इस बीच धातु से बनी एक मूर्ति डिटेक्ट हुई तो वो अलर्ट हो गए। खोलने पर अंदर से मूर्ति, गंगा जल, कपड़े, चादर, किताबें, प्रसाद, फूल आदि मिला।

### अंतिम बोगी से लेकर इंजन तक जांच

घंटों तक जांच के दौरान वहां यात्री बेहाल हो गए थे। वाराणसी जाने के लिए सवार कई यात्री कृषक एक्सप्रेस पकड़कर चले गए। इधर बम स्कवॉड को बुलाने की भी बात होने लगी, लेकिन फिर आरपीएफ के स्निफर डॉग को बुलाया गया और उसने अंतिम बोगी से लेकर इंजन तक जाकर बम की जांच की। लेकिन किसी तरह के बम होने का पता नहीं चला। आखिरकार घंटों चेकिंग के बाद दोपहर 2 बजकर 22 मिनट पर ट्रेन को आगे रवाना किया जा सका। जिसके बाद यात्रियों सहित प्रशासन ने चैन की सांस ली। यात्रियों को शांत रखने के उद्देश्य से पहले ही ट्रेन को स्टेशन के आखिरी प्लेटफॉर्म 6 पर रोका गया था, ताकि उसके चलते किसी और ट्रेन को प्रभावित होने से रोका जा सके।

काशी एक्सप्रेस के अलावा और कोई भी ट्रेन प्रभावित नहीं हुई। इधर दोपहर 2 बजकर 22 मिनट पर ट्रेन को रवाना होने तक एडीएम, एसपी सिटी, असिस्टेंट कमांडेंट, सीओ, मऊ जीआरपी प्रभारी, कोतवाल आदि लोग जंक्शन पर ही रूके रहे। रवाना होने के बाद एडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि काशी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली थी। घंटों तक सघन चेकिंग के बावजूद कुछ नहीं मिला, जिससे ये स्पष्ट हो गया कि किसी ने अफवाह फैलाया था।

दिलीप सिन्हा, स्टेशन अधीक्षक

## नहरों की सफाई नहीं होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**गाजीपुर।** उप्र शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं, मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर मासिक समीक्ष बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नहरो मे सील्ट सफाई की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए हुए अधीशासी अभियन्ता देवकली पंप कैनाल को चेतावनी देते हुए प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया। आरईडी द्वारा कराये जा रहे भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण की प्रगति खराब होने पर प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दियां। इसके साथ ही उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारी/ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत को अभियान मोड में फैमिली पहचान पत्र लक्ष्य के सापेक्ष 15 मार्च 2025 तक बनवाने का निर्देश दिया।

उन्होंने देवकली पंम्प नहर के अधिशासी अभियन्ता को नहरों की साफ सफाई कराने का निर्देश दिया ताकि किसानों को डिमाण्ड के अनुसार टेल तक पानी पहुंचाया जाये सके तथा किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

समस्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नहरों की सील्ट सफाई के सम्बंध में सत्यापन किया गया। जिसमें सत्यापन के दौरान कुछ कमियां पायी गयी जिस पर संबंधित को कमियों को पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपने-अपने वार्षिक लक्ष्य को माह फरवरी 2025 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीएम द्वारा विद्युत, पशुपालन, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास के अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी का लक्ष्य के सापेक्ष, जल जीवन मिशन, पर्यटन, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों का अनुरक्षण, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, भवन निर्माण पंचायती राज, शादी अनुदान योजना, पशुओं में कृत्रिम गभार्धान, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पारिवारिक लाभ योजना, श्रम एवं सेवायोजना तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गयी।

## छात्राओं ने मलिन बस्ती में सफाई कर निकाली जागरूकता रैली

**पहल**

**आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सप्तदिवसीय शिविर का आयोजन**

**बेटियों को शिक्षा का उजियारा, पढ़ लिख करे जग को रोशन सारा**

जनसंदेश न्यूज



मलिन बस्ती में सफाई अभियान चलाती आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय की छात्राएं।

**गाजीपुर।** जिले के प्रतिष्ठित कॉलेजों में से एक आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय अरसद जंगीपुर में मंगलवार से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सप्तदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के चतुर्थ दिवस में स्वयंसेवक और सेविकाओं ने अरसदपुर, तारनपुर मलिन बस्ती में साफ-सफाई का अभियान चलाया। वहीं, जंगीपुर बाजार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं (स्लोगन) को लेकर लोगों के बीच जागरूकता रैली निकाली।

रैली को प्रबंध निदेशक सत्यप्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बेटियों के जीवन को बचाने एंव उन्हें पढ़ाने को लेकर तमाम नारे लगाए गए।

(बेटियों को शिक्षा का उजियारा, पढ़ लिख करे जग को रोशन सारा) और (पुरुष और महिला एक समान, जनजन का हो यही आह्वान) आदि नारा लगाया गया। रैली प्राथमिक विद्यालय अरसरपुर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को शिक्षाप्रद कहानियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया। वहीं, कुछ मनोरंजन खेल भी आयोजित किया गया। जिसमें अजय यादव प्रथम, आफिया द्वितीय, संजय खरवार तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डा. सत्येंद्र यादव ने समाज कल्याण की योजनाओं को विस्तार से जानकारी दिया। जिसमें वृद्धापेंशन, रोजगार, कौशल विकास आदि के बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में चारों इकाई के कार्यक्रम अधिकारी ने संगोष्ठी में समाज में पर्यावरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। शिविर में सरिता दूबे, आशुतोष चतुर्वेदी, चंद्रशेखर सिंह, निशांत श्रीवास्तव, नेहा सिन्हा, अजय गुप्ता, असमा शमशाद, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता एडवोकेट हरिनारायन सिंह यादव और संचालन चंद्रभान ने किया।

## प्रधान पद का चुनाव आज, पोलिंग पार्टियां पहुंचीं



**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लाक के हसनपुरा गांव के प्रधान पद के लिए कल यानि बुधवार 19 फरवरी को होने वाले उपचुनाव के लिए मंगलवार को कड़ी सुरक्षा में तीन पोलिंग पार्टियां ब्लाक मुख्यालय से बस से रवाना हो गईं।

इसके पूर्व आज ब्लाक मुख्यालय पर सुबह से ही उपचुनाव के लिए ड्यूटी में लगाए गये कर्मी पहुंच गये थे, जिन्हें मतपत्र वितरित करने के लिए एक काउंटर बनाया गया था, सभी तीनों पोलिंग पार्टियों को मतपत्र, मतपेटिका एवं अन्य चुनाव सामाग्री वितरित किया गया। वहीं चुनाव आयोग ने सुरक्षा कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि अगर किसी ने मतदान में बाधा डालने, मतपेटिका लूटने की कोशिश किया तो उसे गोली मारने के निर्देश दिए हैं, सुरक्षा की द्दष्टिगत तीन थानों रेवतीपुर, दुल्लहपुर, भुड़कुड़ा के तीस पुलिसकर्मी लगाए गये हैं, जबकि पुलिस को दो मोबाइल टीमें भी लगाई गई हैं। प्रधान पद के उपचुनाव के लिए एक मतदान केंद्र और तीन मतदेय स्थल बनाए गये हैं, जहां कुल 1758 मतदाता हैं, जिनमें से 810 महिला और 948 पुरुष मतदाता हैं।

मतदान के लिए तीनों पोलिंग पार्टियों में कुल 12 कर्मी लगाए गये हैं। एक पोलिंग पार्टी रिजर्व में है। उपचुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एसडीएम सेवराईं को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया, जबकि एक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है, कुल छह मतपेटिकाओं में से तीन मतपेटिका रिजर्व में रखी गई है। चुनाव के उपरांत मतपेटिकाओं के लिए ब्लाक मुख्यालय में ही स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतगणना 21 फरवरी को सुबह आठ बजे से ब्लाक मुख्यालय में होगी। मालूम हो कि पिछले करीब छह माह पहले 1 1 अगस्त 2024 को हसनपुरा प्रधान उपेन्द्र यादव उर्फ कल्लू का अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था, जिसके बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। रिटर्निंग अधिकारी/जिला क्रीडा अधिकारी अरविन्द यादव ने बताया कि कल 19 फरवरी को मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हो गईं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। बताया कि मतदान में किसी ने बाधा डालने की कोशिश किया तो उसे सीधे गोली मारने का आदेश चुनाव आयोग ने दिया है।

### गहमा-गहमी के बीच पंचायत की खुली बैठक

**मरदह।** स्थानीय विकास खण्ड के सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक गहमागहमी बीच सकुशल सम्पन्न हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग दो करोड़ के रुपए बजट पर प्रस्ताव मांगे गए।तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना पर चर्चा किया गया। जिसमें छह दर्जन जनप्रतिनिधियों ने नये कार्यों के लिए प्रस्ताव दिया। बैठक में पिछली कार्रवाई की पुष्टि, स्वयं सहायता समूह, मनरेगा योजना, राज्यवित्त, 15वां वित्त योजना, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रधानमंत्री एव मुख्यमंत्री आवास, पशु पालन एवं पशु टीकाकरण, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, शिक्षा, बाल विकास पुष्टाहार, सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना आदि विषयों पर चर्चा किया गया। एपीओ विनय प्रकाश राय ने क्षेत्र पंचायत से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना रोजगार की गारंटी देती है। मनरेगा योजना के चलते गांवों में विकास होता है।

## यूरिया खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत और कालाबाजारी के चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी दुकानदारों द्वारा यूरिया खाद की निर्धारित मुल्य से अधिक दामों पर बिक्री की जा रही है, जिससे किसानों को खेती की आवश्यकता के अनुसार यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। और उनका आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

स्थानीय किसान राजेंद्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, अशोक सिंह एडवोकेट, अनील सिंह, अरविंद सिंह, मान्धाता यादव आदि किसानों ने बताया कि सरकारी वितरण प्रणाली के माध्यम से यूरिया खाद की आपूर्ति कम हो गई है, जबकि निजी दुकानदारों द्वारा इसे ब्लैक मार्केट में अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। इससे न केवल किसानों की उत्पादन लागत में वृद्धि हो रही है, बल्कि कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

किसानों ने सरकार और प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देने की अपील करते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द यूरिया खाद की सही कीमत पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संदर्भ में तहसीलदार सुनील सिंह ने बताया कि किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पर खाद बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

बिना आधार कार्ड व व अंगूठा लगाये खाद बेचने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई किया जायेगा।

## संक्षेप

### बैंकर्स लंबित आवेदनों का अतिशीघ्र करें निस्तारण : डीएम



**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने जनपद में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में अपेक्षित वृद्धि ना होने पर अप्रशन्नता जाहिर की तथा इस योजना से संबंधित आवेदनों का प्रवाह बढ़ाने हेतु महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों को अतिशीघ्र निस्तारित करें तथा योजना संबंधित आवेदनों को अकारण अस्वीकृत ना करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रतिभागी बैंक समन्वयक एवं शाखा प्रबंधकों ने बताया की आवेदनकर्ताओं द्वारा कार्य में प्रयुक्त आने वाले सामान का कोटेशन देने में देरी की जा रही है। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र एवं अग्रणी जिला प्रबंधक ने सदन को आश्वस्त किया कि सभी मिलकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूर्ण करेंगे। बैठक में सीडीओ संतोष कुमार वैश्य, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र प्रवीण कुमार मौर्य, अग्रणी जिला प्रबंधक पीयूष सिंह परमार, सभी बैंक समन्वयक व शाखा प्रबन्धक उपस्थित रहे।

### आज एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**गाजीपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमिता श्रीवास्तव ने बताया है कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर शिक्षित बेरोजगार, आईटीआई, पालीटेक्निक तथा परम्परागत कारीगरों के युवक/युवतियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किये जाने हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को अपराह्न 12.30 बजे विकास खण्ड-कासिमाबाद जनपद गाजीपुर में किया जायेगा।

### मोदी सरकार ने किसानों के साथ किया छल : राजेंद्र



**मरदह।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अखिल भारतीय किसान सभा की संयुक्त बैठक बरही गांव के हनुमान मंदिर परिसर में बैठक हुई। बैठक में पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने कहा कि आज देश के सामने गंभीर चुनौतियां हैं चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए संगठन की महत्ता आवश्यकता है देश के अंदर किसान सभा द्वारा आवाहन किया गया है कि हर जिले में कम से कम 100 विलेज कमेटी बनाई जाए इसी क्रम में बरही विलेज कमेटी बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित है। संयुक्त किसान मोर्चा पूरे देश में संघर्ष का बिगुल बजाया हुआ है। देश के अंदर 380 दिन का किसान आंदोलन एक अनोखा आंदोलन था। सरकार ने जो वादा किया था वह आज तक निभाया। आगामी 26 फरवरी को स्वामी सहजानंद सरस्वती के जन्मदिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय जिला काउंसिल की बैठक बुलाई गई है। ब्लॉक से 50 साथियों को आने की अपील की जनपद में 25 मार्च को होने वाले प्रदर्शन की तैयारी के रूपरेखा बनाई जाएगी इस आवाहन के साथ अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने की अपील किया गया। जिला सचिव जनार्दन राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संसद में बजट के सवाल पर किसान मजदूर नौजवान के बजट में बड़े पैमाने पर कटौती करके पेश की गई है। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज बुलंद करेंगे। आगे कहां कि बोगना खेतिहर मजदूर लिमिटेड समिति की जमीन पर खनन माफिया भू माफिया की नजर को बेनकाब भी किया जाएगा। मौके पर विजय यादव, रामकरन यादव, सुरेंद्र चौहान, नंदलाल चौहान, पूजन यादव, रामनारायण यादव, गुड्डू यादव, राजदेव यादव, राधेश्याम यादव, दिना सिंह, रामबचन, रामलाल, अंगद यादव, शैलेंद्र राम, सुरेंद्र चौहान, भूमिधर राजभर, सुभाष राजभर आदि मौजूद रहे।

### मनिया की टीम ने शील्ड पर जमाया कब्जा



**सेवराई।** क्षेत्र के मनिया गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेजबान मनिया व जबुरना के टीम के बीच रोमांचक मुकाबले का दर्शकों ने खूब आनन्द लिया। मनिया के खिलाड़ी शाहनवाज खान सोनू ने पहले ही हाफ में अपने टीम के लिए जबुरना में एक गोल दागकर 1-0 से बढ़त दिला दिया। वहीं दूसरे हाफ के खेल के दौरान जबुरना की टीम काफी प्रयास के बाद भी खेल समाप्ति तक कोई भी गोल करने में असफल रही। इस प्रकार मेजबान मनिया की टीम को 1-0 से विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अमौरा गांव निवासी समाजसेवी रंगनाथ सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व नगदी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि रंगनाथ सिंह ने कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखता। हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हार से खिलाड़ियों को सबक लेकर अगले मैच में जीत का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच शाहनवाज खान व मैन ऑफ द सीरीज अरबाज खान को चुना गया। लाइन मैन मंटू और वसीम एवं रेफरी की भूमिका सत्येंद्र और कॉमेंटेटर धनजी उपाध्याय रहे। मौके पर अमित सिंह, टीपू सिंह, वजैर खां, अमरेन्द्र सिंह, अतहर खान, सद्दाम खान, सरफराज खान, औरंगजेब, असफाक, सय्यद अली, शमशेर अली खान, फिरोज, राजा खान, जमील खान आदि मौजूद रहे।

### पावर हाउस की मांग पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में शेरपुर पंचायत में 33/11 केवीए पावर हाउस के मांग पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करके स्थान सुनिश्चित किया। वाराणसी से आई टीम के साथ विद्युत वितरण खंड 2 के अधिशासी अभियंता आशीष कुमार शर्मा के साथ अधिकारियों ने स्थान को देखा। शेरपुर क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। बिजली कटौती, लो वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति की शिकायतें आम हैं और ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। उपखंड अधिकारी मुहम्मदाबाद अमित कुमार राय ने बताया कि शेरपुर में बनने वाले नए सब स्टेशन पर तकरीबन डेढ़ करोड़ से लेकर 2 करोड़ खर्च आएंगे। स्थान का चयन कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। कागजी कार्रवाई पूरी होते ही काम शुरू हो जाएगा। अवर अभियंता चंदन सिंह ने बताया कि नए सब स्टेशन में कोटवां फीडर के दो गांव धर्मपुरा और फिरोजपुर, मुहम्मदाबाद ओल्ड फीडर के सेमरा, छनबईया, पैसठियां तथा कुंडेसर फीडर के शेरपुर खुर्द, शेरपुरकलां, लालूपुर, माघी, मुबारकपुर, पचासी, चौरासी, बयासी, नरदह आदि गांवों को नए पावर हाउस में शामिल करने की योजना है। राघवेंद्र उपाध्याय ने बताया की लोड अधिक होने से ट्रांसफार्मर का जलना और लो वोल्टेज की समस्या आम हो चुकी है। जिससे किसानों तथा आम लोगों को परेशानी हो रही है इसको देखते हुए नया पावर हाउस बनाना अत्यंत आवश्यक है। विगत दिनों ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मिला था और पावर हाउस की मांग की थी।

## पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का समापन

**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) के सभागार में शासन के निर्देश पर समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 54 नोडल शिक्षकों का जारी पांच दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हो गया।

समापन के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर बीईओ अशोक कुमार गौतम मौजूद रहे। पांच दिनों तक चले इस विशेष प्रशिक्षण में सभी नोडल शिक्षकों को दिव्यांग छात्रों हेतु शिक्षण की प्रविधियां, कक्षा कक्ष प्रबंधन, पाठ्य सहगामी क्रियाएं एवं अधिकगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प की जानकारी देने के साथ ही उन्हें जरूरी टिप्स भी मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनरों के द्वारा इस प्रशिक्षण में दिव्यांगों की शिक्षा में सूचना एवं संप्रेषण सहित समर्थ मोबाइल ऐप पोर्टल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसमें निदानात्मक शिक्षण, बुनियादी साक्षरता, शिक्षण की रणनीति, होम बेस्ड एजुकेशन आदि बिंदुओं पर जानकारी नोडल शिक्षकों को प्रदान की गई। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने समापन के दौरान कहा कि नोडल टीचर के द्वारा दिव्यांग छात्रों को वांछित कौशल सिखाने में सुदृढ़ बनाने, अभिप्रेरित करते हुए उनके आत्मविश्वास का निर्माण करने में सहयोगी होना चाहिए।



रेवतीपुर बीआरसी में शिक्षकों के प्रशिक्षण में बोलते मास्टर ट्रेनर।

छात्रों को उसके नाम से पुकारें। बार-बार सीखने का अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य तथा समर्थ एप के जरिये पोर्टल पर उनकी डाटा एंट्री करना जिससे इन दिव्यांग छात्रों को अतिरिक्त शैक्षिक सपोर्ट प्रदान करते हुए शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। मास्टर ट्रेनर आत्मानंद यादव ने कहा कि पूरे ब्लाक के 104 परिषदीय स्कूलों में करीब 350 दिव्यांग छात्र हैं। उन्होंने कहा कि नोडल शिक्षकों को दिव्यांग छात्रों को समावेशी शिक्षा की धारा से कैसे जोड़ा जाए, उनके शिक्षण में आ रही समस्याएं एवं उनकी पहचान के तरीके से संबंधित प्रस्तुतीकरण एवं ट्रेनिंग फिल्म का प्रयोग करते हुए प्रशिक्षित किया।

इस अवसर पर एआरपी संत कुमार गुप्ता, मोहन भारती,रामाशीष सिंह, जयप्रकाश, कृष्ण कुमार सिंह, प्रवीण शुक्ला, संजय खरवार, डेजी शर्मा, जयशंकर प्रसाद राय, जयप्रकाश, विजयेंद्र नाथ सिंह, अजय पांडेय, सीमा राय, विजय सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रभात पाल, अनिता चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर से कराया अवगत

**गाजीपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर डीएम आर्यका अखौरी के दिशा निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों द्वारा मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र कुसुंभी कला, विकास खण्ड करंडा, मां देईया इंटर कॉलेज बिजौरा, विकास खण्ड बिरनो, प्राथमिक विद्यालय दुल्लहपुर, रेवतीपुर में जागरूकता अभियान और नामांकन अभियान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त बच्चों को विस्तृत रूप से विभागीय योजना, बाल संरक्षण से संबंधित विधिक प्रावधानों, कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई। समस्त बालक व बालिकाओं को सभी हेल्पलाइन नंबर जैसे 181, 1090, 1076, 112,108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर

**जमानियां।** हरपुर स्थित डिवाइन ग्लोबल स्कूल में मंगलवार को सातवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया।

अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों के नवाचार की सराहना की। शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ. रामउग्रह यादव और विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 11 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बच्चों ने रेडार सिस्टम, विंड मिल, ट्रैफिक सिस्टम, फाइटर प्लेन मूवमेंट, स्मार्ट सिटी, ज्वालामुखी (वल्कैनो), सोलर सिस्टम और प्रदूषण नियंत्रण जैसे शानदार प्रोजेक्ट तैयार किए। इनमें से रेडार सिस्टम को सबसे ज्यादा सराहना मिली।



विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश यादव ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां बच्चों की सोच को नया आयाम देती हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करती हैं। विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार ने भी विज्ञान और तकनीक में बच्चों की रुचि को बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका सरस्वती ने अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एकेडमिक हेड रितु यादव, प्रमोद कुमार, गौसिया खान, संजय कुमार, आकाशदीप, सोनाली, आनंद तिवारी, रवि सिंह, खुशबू सिंह, विजेश, निजिया खातून, शांति सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जनसंपादकीय

# जद(यू) को बचाने आ रहे हैं निशांत?

**शशि शेखर**



बिहार की 58 फीसदी आबादी 25 साल से कम की है. 20 से 59 साल की आबादी करीब 47 फीसदी है. तेजस्वी, पीके, चिराग, कन्हैया, सम्राट चौधरी, मुकेश सहनी जैसे नए लीडर अब मैदान में हैं. लालू जी स्वास्थ्य कारणों से और नीतीश जी भी करीब-करीब उम्रजनित दिक्कतों की वजह से सक्रिय राजनीति से दूर हो जाएंगे. इसका निर्णय वे स्वयं ही लेंगे.अगर नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार भी सक्रिय राजनीति में आ कर जद(यू) की कमान संभाल लेते है तो उन लोगों का क्या होगा, जो जद(यू) में काफी पहले 'प्लांट' किए गए थे। हरनौत सीट से नीतीश कुमार चुनाव लड़ते रहे हैं. अब एक पोस्टर आया है, जिस पर लिखा है, 'राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा.' ये पोस्टर किसी कांग्रेसी टिकटार्थी नेता रवि गोल्डन ने लगाया है, जो इसी सीट से खुद को संभावित प्रत्याशी मान कर चल रहे हैं. गोल्डन को राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, चिराग पासवान और संतोष मांझी 'फकीर' के बेटे तो निश्चित ही नहीं लगते होंगे. फिर उन्होंने ऐसा पोस्टर क्यों लगाया? खबर है कि निशांत इसी सीट से चुनाव लड़ कर अपने पिता की विरासत और जद(यू) की कमान संभालेंगे. बिहार की और जद(यू) की अशांत राजनीति में निशांत की एंट्री अब तकरीबन क्लियर होती दिख रही है. अब नीतीश कुमार के पास दूसरा कोई मुक्कमल 'रास्ता' भी नहीं बचा है. रह गयी बात राजा का बेटा राजा, तो बिचारा गोल्डेन, मेरी समझ से किसी टटपुजिया पचेबाज की सलाह पर यह गलती कर बैठा या सबकुछ पूर्वनियोजित है, कहना मुश्किल है. लेकिन, यह कहना आसान है कि राजनीति में तो बिना आग के भी धुआं? उठ जाता है. यहाँ तो निशांत की एंट्री को ग्रैंड बनाने की कोशिश 'सोशल इंजीनियरिंग' के मास्टर नीतीश कुमार कर ही रहे होंगे. बस, ऐलान होना बाकी रह गया है. एनडीए के घटक संतोष मांझी से लेकर चिराग पासवान तक ने निशांत की एंट्री को लेकर सकारात्मक बयान दिए हैं. लालू यादव और तेजस्वी यादव खामोश है. बिहार में नेता का बेटा नेता ही बनता है, यह कपूर्री ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर से ले कर जीतनराम मांझी के बेटे संतोष मांझी तक जगजाहिर है. ऐसे में, नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार अगर बिहार की राजनीति में कदम रखते हैं, तो 'किम अश्चर्यम्.'

> राजनीति में तो बिना आग के भी धुआं? उठ जाता है. यहाँ तो निशांत की एंट्री को ग्रैंड बनाने की कोशिश 'सोशल इंजीनियरिंग' के मास्टर नीतीश कुमार कर ही रहे होंगे. बस, ऐलान होना बाकी रह गया है.

निशांत बिहार की जरूरत हों न हों, लेकिन वे नीतीश कुमार की जरूरत जरूर है. जद (यू) नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा की वजह से आज ऐसी स्थिति में हैं, जैसे एक तरह से गिरवी रखी पार्टी हो गयी हो. वह भी तब, जब पिछले 18 सालों से नीतीश कुमार सीएम है. जार्ज फर्नांडीज से लेकर शरद यादव जैसे दिग्गज समाजवादी नेताओं को राजनैतिक तौर पर हाशिये पर डालने का काम नीतीश कुमार ने किया है. नतीजा, आज उनकी पार्टी में उनके अलावा कोई नहीं दीखता. जो दिखता है, वो 'कोई और' हैं. वो कम से कम समाजवादी मूल्यों वाली राजनीति तो नहीं ही करेगा. यह बात नीतीश कुमार अब भली-भांति समझाने लगे हैं. उन्हें यह अंदाजा आज से नहीं, काफी पहले से हैं, कि भाजपा ने 18 साल उनकी पालकी ऐसे ही नहीं ढोयी है. इसका मुआवजा भाजपा को चाहिए होगा. और जद(यू) से बेहतर मुआवजा भाजपा के लिए क्या हो सकता है? लेकिन, बिहार और देश की नब्ज समझाने वाले लालू प्रसाद यादव ने संसद में ऐसे ही नहीं कह दिया था कि लोगों के मुंह में दांत होते है, लेकिन नीतीश कुमार के तो कहने ही क्या..आपने-हमने सबने गौर किया होगा कि जब-जब ऐसा लगा कि भाजपा बिहार में अपने दम पर या जद(यू) को नुकसान पहुंचा कर स्वयं सत्ता में आ सकती है, नीतीश कुमार की अंतरात्मा जाग कर सीधे लालू जी के आवास पर सुबह की सैर पर चली जाती थी. सुबह की सैर का यह शौक आज भी खत्म हो गया हो, जरूरी नहीं है. जरूरी है कि उनकी पार्टी बचे और पार्टी बचाने का काम निश्चित ही निशांत करेंगे?

आज तक, मंडल-कमंडल-मंदिर-मस्जिद की महागाथा के बाद भी, भाजपा का रथ बार-बार बिहार में ही रूक जाता है. दक्षिणपंथ की राजनीति को जैसे समाजवादी नेता शुरू से ऑक्सीजन देते रहे थे, वैसे ही बिहार में भाजपा को ऑक्सीजन मिला नीतीश कुमार से. लेकिन, कहते है ना, दुनिया में कुछ भी फ्री नहीं. तो, भले सबसे कम सीटें लाकर भी नीतीश कुमार लगातार 18 सालों से मुख्यमंत्री बने हुए हैं, लेकिन भाजपा शांत भी इसी वजह से बैठी रही कि जब सही वक्त आएगा, तब सब कुछ सूद समेत वसूल लिया जाएगा. इसलिए, याद करिए कि नरेन्द्र सिंह, ब्रिसिन पटेल, जीतन राम मांझी से लेकर आरसीपी सिंह या फिर उपेन्द्र कुशवाहा तक, सारे के सारे जब जद(यू) का दामन छोड़ते है, तो सीधे भाजपा कार्यालय या उसके आसपास के लॉन में ही देखे जाते रहे हैं. नीतीश कुमार इस मामले में स्वर्गीय रामबिलास पासवान से भी एक कदम आगे के मौसम विज्ञानी है और उन्हें पता है कि किसे कब कहां रखना है, कितनी देर रखना है. जिन पीके ने 2015 में उनके लिए दिल खोल कर काम किया था, उन पीके को भी नीतीश कुमार ने बाहर का रास्ता दिखाने में संकोच नहीं किया. ऐसे में, जद (यू) के संजय झा हो या अन्य कोई नवसमाजवादी नेता, कल को अगर भाजपा के सपने को पूरा करने की कोशिश भी करते दिखे तो क्या नीतीश कुमार चुप रह जाएंगे. नहीं. उनके पास बेटा है. सबसे भरोसेमंद. वैसे भी नीतीश कुमार कभी राजा नहीं रहे. तो निशांत को राजा का बेटा कहना भी गलत होगा. 60 फीसदी युवा बिहारियों के बीच एक और युवा राजनीति में आएं, इसमें बुराई ही क्या है?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# 'आप' भी संघी बुनियाद से ही जन्मी थी

## राजनीति

**जयप्रकाश नारायण**



दिल्ली में भाजपा की वापसी से ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल है, आम आदमी पार्टी परिघटना का उभार और पराभव। हम जानते हैं कि समय के विकास के क्रम में संघ और अजीत डोभाल द्वारा संचालित ?विवेकानंद फाउंडेशन से संबंद्ध केजरीवाल टीम भाजपा से टकरा जाने के लिए मजबूर हुई थी । हालांकि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीति से अपनी यात्रा शुरू की ।2013 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में अन्ना के साथ एक आरटीआई कार्यकर्ता पूर्व आईटियन नौकरशाह केजरीवाल का राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरना अपने आप में ही भारतीय समाज में चल रही अंतः क्रियाओं की एक खास विशेषता को अभिव्यक्त करता है। केजरीवाल की पूरी चिंतन प्रक्रिया मध्यवर्गीय समाज के रोमांटिसिजम के एक खास मॉडल का रूप थी, जिसमें गुड गवर्नेंस, सादगी, भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति का तड़का लगा था।इस मध्यवर्गी रोमांटिक विशिष्टता के एक मंजिल पर पहुंच कर राजनीतिक ताकत बनने और अंततः हिंदुत्व की वैचारिक राजनीति के दलदल में उलझ जाने के बाद दिल्ली की सत्ता से बाहर होना एक दिलचस्प कहानी है ।

अरविंद केजरीवाल ब्यूरोक्रेट से धीरे-धीरे सूचना अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ता के रूप में सामाजिक जीवन में सक्रिय हुए। मैग्सेसे पुरस्कार मिलने के बाद वह उच्चमध्यवर्गीय समाज में चर्चित व्यक्तित्व बने। हालांकि इसके पहले अपने एनजीओ के माध्यम से वह झुग्गी झोपड़ियां, गरीबों के बीच में सुधारवादी कार्यक्रम संचालित करते रहे थे। 2009 में सत्ता में वापसी के बाद मनमोहन सिंह सरकार एक मंजिल में आकर वित्तीय पूंजी के हितों के अनुकूल कड़े फैसले लेने और कॉर्पोरेट लाबी के मुनाफे की हवस को संतुष्ट करने की स्थिति में नहीं रह गई थी।इसलिए 2010-11 तक आते-आते मनमोहन सिंह भारतीय शासक वर्ग के लिए अप्रासंगिक हो चले थे।

इसी समय संघ और विवेकानंद फाउंडेशन के नेतृत्व में नौकरशाही के अंदर संघ विचारधारा में दीक्षित अधिकारियों के समूह ने भ्रष्टाचार विरोधी नेरेटिव खड़ा करने का कार्यक्रम तैयार किया। इसके लिए इंडिया अगेंस्ट करप्शन नामक संगठन का निर्माण किया गया।हम जानते हैं कि मुनाफे की व्यवस्था की नाभि में भ्रष्टाचार का अमृत होता है, जिसके बल पर ही यह व्यवस्था टिकी होती है जो समाज में न्यू नॉर्मल के रूप में सक्रिय है। शायद ही कोई ऐसा भारतीय नागरिक हो जिसे अपने जीवन में भ्रष्टाचार के तंत्र के अनुभव से न गुजरना पड़ता हो। इसलिए मनमोहन सिंह की नीतियों के अंदर मौजूद विसंगतियों का फायदा उठाने की रणनीति तैयार की गई।कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है कि तत्कालीन कैग प्रमुख विनोद राय (जाने अंजाने ) के दौर में इसके लिए तार्किक आधार तैयार किए गए। महाराष्ट्र में कुछ भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चला चुके पूर्व सेना के ड्राइवर अन्ना हजारे को संघ और कारपोरेट जगत ने एक महान संत के रूप में आगे कर बड़ी राजनीतिक जनगोलबंदी शुरू की। इंडिया अगेंस्ट करप्शन नामक संगठन के बैनर तले आंदोलन की शुरूआत हुई। जिसमें चर्चित आईपीएस किरण बेदी, पूर्व नौसेना अध्यक्ष रामदास, पूर्व थल सेना अध्यक्ष बीके सिंह, प्रशांत भूषण, प्रो, आनंद कुमार, जोगिंदर यादव के साथ केजरीवाल प्रमुख केंद्र बने। इसमें तटस्थ दिखने वाले अनेक नामचीन हस्तियां भी शामिल थीं। इस संगठन ने भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए लोकपाल नियुक्त करने का सवाल केंद्रीय मुद्दा बनाया गया जिसे भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए सर्व रोग हर दवा के रूप में पेश किया गया। बाद में बाबाओं, सन्यासियों के साथ मध्यवर्गी समाज की एक पूरी टीम ही आंदोलन में शामिल हो गई । भ्रष्टाचार व काले धन के खात्मे और विदेश में जमा काले धन की वापसी के सवाल के साथ महंगाई जैसे मुद्दे को जोड़कर जन आंदोलन की शक्ल दी गई। इस समय तक मीडिया कॉर्पोरेट के हाथ में जा चुका था और उस पर हिंदुत्व की वैचारिकी हावी हो चुकी थी। वस्तुतः आंदोलन जनता के बुनियादी सवालों को संबोधित तो कर रहा था लेकिन संघ और कॉरपोरेट नियंत्रण के कारण अंतर्वस्तु मैं जनतांत्रिक चेतना के कमजोर होने के कारण इस आंदोलन द्वारा समाज को और ज्यादा दक्षिणपंथी दिशा में ले जाने में सफलता मिली।केजरीवाल इसी प्रक्रिया की उपज थे।

दूसरी बात बाबरी मस्जिद ढहाने और एलपीजी के आने के बाद भारतीय समाज दक्षिण पंथ की तरफ मुड़ गया था । स्वतंत्रता आंदोलन की साम्राज्यवाद विरोधी चेतना के कमजोर होने और सोवियत संघ के बिखरने के बाद भारतीय समाज में हिंदुत्व का प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ा। 1992 से 2002 के बीच के 10 वर्ष के संक्रमण काल के समाप्त होते ही हिंदुत्व भारतीय राज्य सत्ता के केंद्र में स्थापित हो गया। गुजरात नरसंहार के बाद कॉर्पोरेट लाबी को एक ऐसा नेता मिल चुका था जो उनके हितों के अनुकूल लोकतांत्रिक संस्थानों को निर्ममता पूर्वक नष्ट कर सके।

यहां याद रखने की जरूरत है कि 1955 के आसपास जेपी सर्वोदय आंदोलन में आये। उनके आने के बाद सर्व सेवा संघ, गांधी शांति प्रतिष्ठान या इस तरह की संस्थाएं जो विभिन्न स्तर पर गांधी जी के सुधारवादी सामाजिक कार्यक्रमों जैसे अछूतोद्धर ,खादी का प्रचार-प्रसार तथा आदर्शवादी दक्षिण पंथी सनातनी आश्रम पद्धति मार्का संस्करण थीं, धीरे-धीरे कांग्रेस विरोधी दिशा में जाने लगी । साथ ही ये संस्थाएं साम्राज्यवादी वित्तीय पूंजी पर आश्रित होती गई। विकासशील देशों में साम्राज्यवादी वित्तीय पूंजी के सहयोग से सामाजिक कल्याण शिक्षा के विस्तार, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय अनुकूलता तथा आदिवासियों, पिछड़ों और दलितों के उत्थान और विकास के नाम पर एनजीओ के जाल फैलने लगे। इंदिरा गांधी के खिलाफ जेपी आंदोलन के मुख्य संचालक शक्ति जहां छात्र युवा थे। वही इन सर्वोदयी व? गांधीवादी संस्थाओं का बड़ा योगदान था। जिन्हें वित्तीय पूंजी के युग में विदेशी फंडिंग पर ज्यादा आश्रित रहना पड़ता था । बाद के दिनों में जेपी आंदोलन से निकली छात्र युवा संघर्ष वाहिनी जैसी गैर राजनीतिक संगठन सामाजिक कार्य के लिए विदेशी फंडिंग या कॉरपोरेट पूंजी पर आश्रित होते गये, जिस कारण इनकी लोकतांत्रिक चेतना छीजना शुरू हो गई ।

बाद के दिनों में तो एनजीओ आदर्शवादी प्रगतिशील नौजवानों के लिए करियर और कैपिटल गेनिंग का मंच बन गये । लेकिन इन संस्थानों में एक टिकाऊ पंन भी था। वे कांग्रेस के भ्रष्टाचार कॉर्पोरेट परस्ती अलोकतांत्रिक कार्रवाई, साम्राज्यवादी पूंजी के साथ गठजोड़ तथा विश्व व्यापार संगठन आईएमफ, विश्व बैंक आदि द्वारा लायी गई नीतियों के समक्ष जब भारतीय राज्य समर्पण कर रहा था, उसके खिलाफ जन जागरण में उतर गए थे।ये संगठन महाशय डंकल द्वारा तैयार की गई उदारीकरण, वैश्वीकरण, निजीकरण की नीतियों के खिलाफ मुखर आवाज और आंदोलनकारी ताकत भी बने। इसके अलावा असम में चले विदेशी हटाओ आंदोलन, बिहार प्रेस बिल, 59वां संविधान संशोधन, राजीव गांधी के खिलाफ भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में इन संगठनों सक्रिय भागीदारी रही। 90 के दशक में स्वदेशी आंदोलन में संघ के साथ इन संगठनों के भी भूमिका होने से इनमें आपसी अंतर संबंध भी बनने लगे थे ।धर्मनिरपेक्ष समावेशी लोकतांत्रिक अवधारणा के चलते स्वयंसेवी संस्थाओं को अंततः बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद आरएसएस और भाजपा के विरोध में जाने के लिए बाध्य होना पड़ा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने गैर राजनीतिक आवरण के पीछे हजारों संस्थाओं का संचालन करता रहा है, जो सामाजिक चेतना के हिंदू कारण के साथ अल्पसंख्यक व धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील समावेशी मूल्य विरोधी विचारों के प्रचार में लगी रहती हैं। यह संस्थाएं शिक्षा क्षेत्र से लेकर दलितों आदिवासियों और हासिये के समाजो नृजातीय समूहों में समरसता कायम करने के नाम पर हिंदू करण और सामाजिक विभाजन के एजेंडे के साथ अल्पसंख्यक विरोधी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ सक्रिय हैं। संघ तथ्य तर्क रहित आधारहीन घटनाओं, सामंती वर्णवादी श्रेष्ठता के पृष्ठ गामी मूल्यों तथा हिंदू धर्म के मानवीय चरित्र को खत्म करते हुए आक्रामक हिंसक और सैन्यी करण की दिशा में ले जाने के लिए एनजीओ के आवरण का इस्तेमाल करता रहा है।

तथ्य यह है कि 2013 के दौरान में भारत में फैले हुए स्वयंसेवी संस्थाओं के जाल कांग्रेस विरोधी आंदलनों के केंद्र बन गए । हालांकि इस कालखंड में वाम जनवादी ताकतें भी कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी जन विरोधी साम्राज्यवाद परस्त नीतियों के खिलाफ जनता के राजनीतिकरण के लिए संघर्ष कर रही थी। लेकिन गैर राजनीति का चोला ओढ़े हुए यह स्वयंसेवी संस्थाएं वस्तुतः अतर्बस्तु में धुर वामपंथ विरोधी हैं और दक्षिणपाठी मूल्य के प्रवक्ता के रूप में ही काम करती हैं। इसलिए अन्ना आंदोलन को साम्राज्यवाद विरोधी बुनियादी दिशा से हटाकर निरपेक्ष रूप से भ्रष्टाचार के सीमित दायरे में ले जाने का हर संभव प्रयास हुआ ।जिसमें उन्हें कामयाबी मिली।

एनजीओ आंदोलन की आंतरिक विशिष्टता को समझते हुए संघ परिवार इन्हें अपने काम में लगाने में कामयाब हुआ। 2013 का अन्ना आंदोलन संघ और एनजीओ के युग्म का योगफल था। जो अपने अंतर्वस्तु में दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी तथा मेहनतकश वर्गों के साथ प्रगतिशील, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का विरोधी था। इस आंदोलन की दो उपलब्धियां थी ।एक आम आदमी पार्टी का गठन और दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल का पहुंचना। दूसरा केंद्रीय सत्ता पर हिंदुत्व के सबसे आक्रामक कॉर्पोरेट परस्त सांप्रदायिक नेतृत्व का धड़ल्ले से जा बैठना। 2013 में अन्ना हजारे के अलावा रामदेव मार्का? संन्यासियों को आगे कर चले आंदोलन की यह दो बड़ी उपलब्धियां थी। यह भारतीय समाज के उदारवादी समूह की असफलता ही है कि वह इस आंदोलन के खतरनाक परिणाम को समझ नहीं सके और आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

इस संदर्भ में देखें तो आम आदमी पार्टी परिघटना कोई स्थाई राजनीतिक प्रवृत्ति नहीं है। इसे वस्तुतः कॉर्पोरेट हिंदुत्व गठजोड़ के विस्तृत दायरे में ही देखना होगा । इसलिए इसे एक मंजिल के बाद हिंदुत्व की मूल विचारधारा में विलीन हो जाना ही है। आज केजरीवाल के रास्ते दिल्ली की सत्ता पर बीजेपी की वापसी इसी परिघटना की स्वाभाविक परिणिति है ।

केजरीवाल के बेहतर प्रबंधक होने, स्कूल बिजली स्वास्थ्य जैसे सवालों को केंद्रीय मुद्दा बनाने के प्रयास ने आकर्षण तो पैदा किया था लेकिन दिल्ली में घट रही सांप्रदायिक विध्वंस की घटनाओं पर तटस्थ रहने के दृष्टिकोण से स्पष्ट हो जाता है कि आम आदमी पार्टी विचारधारा विहीन विशुद्ध परिणाम वादी पार्टी है जिसे कट्टर हिंदुत्व के आक्रामक दौर में अंततोगत्वा आत्मसमर्पण करना ही था।

दूसरा पक्ष कि मोदी सरकार ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व पर जिस तरह से दमन और हमला किया, वह ऐसी पहेली नहीं है जिसे समझा न जा सके। भारत के हिंदुत्व कॉर्पोरेट गठजोड़ मार्का फासीवाद सहित दुनिया में फासीवाद का बुनियादी चरित्र रहा है कि वह जिन शक्तियों के सहयोग से सत्ता में पहुंचते हैं, सबसे पहले उन्हें ही अपने रास्ते से हटाने की कोशिश करते हैं । भाजपा में कई बड़े नेताओं के हश्र को देखकर आप यह बात समझ सकते हैं।

आम आदमी पार्टी दिल्ली के सत्ता में आने के बाद एक खास मंजिल पर पहुंचकर भाजपा से टकराने के लिए मजबूर हो गई। इसके दो कारण है। एक सत्ता पाने के बाद केजरीवाल ने भारत में उदारवादी जमीन को अपने कब्जे में लेकर एक नयी चुनौती देने का असफल प्रयास किया। दूसर एनजीओ समूहों के लिए आने वाली सारी फंडिंग को मोदी सरकार ने नई नीतियां बनाकर सीधे अपने हाथ में ले लिया और इसका बहुत बड़ा भाग संघ से संबंधित विभिन्न संस्थाओं के पास जाने लगा ।जिस कारण से विभिन्न स्वयं सेवी सामाजिक संगठनों को मोदी सरकार के विरोध में जाना ही पड़ा। चाहे वह पर्यावरण से संबंधित रही हो या सामाजिक सौहार्द न्याय लोकतंत्र के लिए आवाज उठाने वाली या दलित पिछड़ा और अल्पसंख्यकों के अधिकारियों के लिए? कम करने वाली संस्थाएं हो या नागरिक अधिकारों व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाने वाले समूह रहे हो। सबको एक मंजिल में भाजपा के खिलाफ खड़ा होना पड़ा।

इसलिए राज्य मशीनरी का प्रयोग करते हुए दमन के द्वारा नियंत्रित करने की मोदी अमित शाह शैली का खामियाज इन सभी संगठनों सहित आम आदमी पार्टी को भी भुगतना पड़ा।हम जानते हैं कि वर्तमान भाजपा सरकार विपक्ष और असहमति मानव अधिकार सामाजिक न्याय तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों आदि का किसी तरह का सम्मान नहीं करती है। वैचारिक विरोध को वह निजी शत्रुता के रूप में लेती है । इस कारण मोदी सरकार से किसी भी तरह के लोकतांत्रिक व्यवहार की उम्मीद करना बेमानी है । इसी संदर्भ में हमें आम आदमी पार्टी पर हुए दमन को देखना चाहिए ।

आप पर चले दमन को देखकर यह नहीं समझना चाहिए कि केजरीवाल कोई स्वतंत्र लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष राजनीति का प्रतिनिधित्व करने लगे हैं या भारतीय जनतंत्र को नई लोकतांत्रिक दिशा में ले जाने की उनके अंदर कोई क्षमता है। आम आदमी पार्टी द्वारा शुरूआती संस्थापक नेताओं के साथ किए गए सलूक इस बात की तस्दीक करते हैं कि वह किसी भी पैमाने पर लोकतांत्रिक व्यक्तित्व वाले राजनेता नहीं है। वह वस्तुतः एक विचारधारा विहीन परिणामवादी मैनेजर ही हो सकते थे। साम्राज्यवादी वित्तीय पूंजी के काल में ऐसी शक्तियां क्षणिक बुलबुला ही साबित होती है।इसका मतलब यह नहीं कि इस तरह की प्रवृत्ति भारतीय राजनीति में मौजूद नहीं रहेगी। एक विशाल विविधता वाले मुल्क में ऐसी प्रवृत्तियों का अवशेष के रूप में बने रहना स्वाभाविक है।

अगर हम दिल्ली विधानसभा के चुनाव जीतने के बाद मोदी के शब्दों को ही पलट कर उद्धृत करें तो सरकार परिवर्तन भारत के लिए आपदा के बाद विपदा ही होने जा रहा है। दिल्ली विजय के बाद आक्रामक हिंदुत्व भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक ताकतों हासिए के समूहों ,अल्पसंख्यकों तथा दलितों पिछड़ो के लिए त्रासदी ही होगा । कुछ विश्लेषकों का यह कहना कि आम आदमी पार्टी को 44 प्रश वोट मिले हैं ।यह एक बहुत बड़ा सामाजिक समूह है। इसलिए इस ताकत पर खड़ा होकर केजरीवाल मोदी शाह के आक्रामक हिंदुत्व का मुकाबला करने की स्थिति में है। हमारा मानना है कि केजरीवाल को मिले वोट वस्तुतः भाजपा विरोधी वोट है जो कांग्रेस के पुनर्जीवन के अभाव में न चाहते हुए भी आम आदमी पार्टी को मिले । आम आदमी पार्टी ने तीन मौके पर अपनी लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता धर्मनिरपेक्षता और समावेशी राजनीति के साथ विश्वास घात किया था। इस कारण दिल्ली के एक बड़े समाज के लिए वह मजबूरी की वोटिंग थी।

जेएनयू के छात्रों पर हुए एमवीपी के हमले, लोकतंत्र के लिए शाहीन बाग की महिलाओं द्वारा चलाए गए बेमिसाल संघर्ष और दिल्ली में भाजपा प्रायोजित अल्पसंख्यकों के कत्लेआम के समय केजरीवाल सरकार ने तटस्थता का बाना धारण करके भाजपा को ही मजबूत किया। जब एक बार किसी पत्रकार ने केजरीवाल से शाहीन बाग के लोकतांत्रिक संघर्ष के बारे में पूछा तो उन्होंने सीधे-सीधे कहा कि हमारे एजेंडे में स्कूल बिजली पानी जैसे सवाल हैं। इसका मतलब साफ था कि वह हिंदुत्व के विध्वंसक मॉडल के खिलाफ कहीं से भी लड़ने के लिए प्रतिबद्ध नहीं दिखे। बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करते हुए पार्टी को अपनी निजी संस्थान में बदल दिया ।आम आदमी पार्टी की मुख्य धारा की राजनीति में हिंदूत्ववादी उच्च वर्गीय लोगों का ही वर्चस्व था ।जिसमें कुछ अवांछनीय तत्व संजय सिंह गोपाल राय जैसे अभी भी रह गये है।। जिनका संगठन में कोई प्रभाव नहीं था। प्रशांत भूषण, प्रोफेसर आनंद कुमार और पत्रकार आशुतोष, एडमिरल रामदास जैसे लोगों को तो पहले ही पार्टी से बाहर कर दिया गया। पूरी पार्टी केजरीवाल, मनीष सिसोदिया जैसे संघ के करीबी लोगों के हाथ में ही थी ।

अंत में आतिशी सिंह को मुख्यमंत्री बना करके केजरीवाल ने संकेत दे दिया था कि उनकी भी लोकतांत्रिक समझ लालू यादव या नीतीश कुमार से ज्यादा आगे नहीं जाती। यानी केजरीवाल को भी पार्टी में जड़ विहीन खुशामदी लोगों की ही आवश्यकता है। जो उनका महिमा मंडन करने में दिन-रात लगे रहे। यह बात बहुत साफ है कि मोदी के व्यक्ति वादी अहंकार से भाजपा आज जिस तरह ग्रसित है, आप की भी स्थिति केजरीवाल के नेतृत्व में कमोबेश वैसी ही है ।

**( लेखक सामाजिक राजनीतिक चिंतक हैं)**

# महिला सम्मान की उम्मीद और इनसे?

## प्रसंगवश

**निर्मल रानी**



हमारे समाज में महिला हितों व उनके सम्मान की बातें यदि किसी वर्ग द्वारा सबसे अधिक की जाती हैं तो वह है देश का राजनैतिक वर्ग। इन्हीं के मुंह से समय समय पर महिला सम्मान में ऐसे ऐसे लुभावने शब्द गढ़े व निकाले जाते हैं जिन्हें सुनकर एक बार तो यही धोखा होता है कि भारतीय पुरुषों विशेषकर राजनेताओं से अधिक महिला सम्मान की चिंता तो शायद पूरी दुनिया में किसी को भी नहीं होगी।कभी कन्या पूजन,कभी देवी कभी पूज्या कभी लाडली बहना,कभी लखपति दीदी तो कभी प्यारी दीदी कभी आधी आबादी जैसे अनेक लोकलुभावन नामों से पुकारा जाता है तथा उनके हित में ऐसे ही नामों की योजनायें भी चलाई जाती हैं। परन्तु सही मायने में यह सभी राजनैतिक प्रपंच केवल महिलाओं के वोट बैंक साधने मात्र के लिए ही किये जाते हैं। इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की वास्तव में क्या इज्जत है इसे समझने के लिये केवल एक ही तर्क पर्याप्त है कि भारत में प्रचलित लगभग सभी गलियां महिलाओं को ही केंद्रित कर गढ़ी गयी हैं। मां बहन की गालियां तो लोग देते ही हैं परन्तु यदि सबसे हल्की गाली यानी कोई किसी को 'साला ' भी कहता है तो भी वह उसकी बहन को ही गरिया रहा होता है। सदियों से ऐसे ही धारणा पाले हुये इस पुरुष प्रधान समाज से महिलाओं द्वारा मान सम्मान आदर सत्कार सुरक्षा या संरक्षण की उम्मीद करना कतई बेमानी है और यह महिलाओं द्वारा केवल अपने को धोखे में रखना है।

काफी दिनों से एक प्रवृति यह भी देखी जा रही है कि पहले लोग अपनी विकृत सोच को अपने जहरीले बोल के द्वारा बाहर निकलते हैं। उसके बाद जब उन की बदकलामी के चलते उनपर दुनिया थूकने लगती है तो बड़ी ही चतुराई से यह सधे हुये शब्दों में मुआफी मांगकर 'बगुला भगत ' बन जाते हैं। जैसे अभी पिछले दिनों दिल्ली भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा किया गया। रमेश बिधूड़ी 2014 व 2019 में दो बार दक्षिणी दिल्ली से सांसद रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी तो नहीं बनाया था परन्तु इस बार बिधूड़ी को भाजपा ने कालकाजी विधानसभा सीट से संभवतः अपना प्रत्याशी तो बनाया है परन्तु उनकी बदजुबानी के चलते उन्हें चुनावी मैदान से हटाये जाने की खबरें सुनाई देने लगी हैं। पिछले दिनों रमेश बिधूड़ी ने अपने चुनाव क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि- 'लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।' दूसरी सभा में विधुड़ी ने अपने विरुद्ध आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सरनेम को लेकर इसी तरह की ओछी टिप्पणी करते हुये उनके बुजुर्ग पिता तक को अपनी घटिया टिप्पणी में शामिल कर लिया। उसके बाद बड़ी ही शातिराना अंदाज में मुआफी मांगकर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की परन्तु तब तक उनके भीतर का विकार बाहर निकल चुका था। अपनी व अपनी पार्टी की घोर फजीहत के बाद विधुड़ी ने यह कहकर अपना मुंह छुपाने की कोशिश की कि - 'मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूँ।'

इसी भाजपा के दिल्ली के नेता प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान शाहीन बाग के आंदोलन का जिक्र करते हुये यहाँ तक कह दिया था कि - 'दिल्ली के लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। ये लोग आपके घरों में घुसेंगे, आपकी बहन-बेटियों को उठाएंगे, रेप करेंगे, उनको मारेंगे'। इसी तरह भाजपा के बंगलुरु से फायर ब्रांड सांसद तेजस्वी सूर्य ने 2015 में ट्वीट कर अपना अधकचरा ज्ञान सांझा करते हुये कहा था कि - 95 प्रतिशत अरब महिलाएं ऐसी हैं जिन्?होंने पिछले कई वर्षों में ऑर्गजेम (कामोत्तेजना की चरम अवस्था ) का अनुभव नहीं किया है। हर मां ने बच्?चे बस सेक्?स की वजह से पैदा किए हैं न कि प्?यार की वजह से।' सूर्या की इस घटिया व निम्न स्तरीय टिप्पणी के बाद कई अरब देशों ने इस बयान पर आपत्ति जताई थी। गोया ऐसे बयानों से न केवल महिलाओं के प्रति इनकी दुर्भावना व ओछापन जाहिर होता है बल्कि यह देश की बदनामी का भी सबब बनते हैं। याद कीजिये हमारे देश में महिलाओं को 'नमन ' करने का ढोंग करने वाले ऐसे नेताओं द्वारा कौन कौन से भद्दे बोल नहीं बोले गये ?

किसी नेता ने 'कांग्रेस की विधवा ' शब्द का इस्तेमाल किया किसी ने 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहकर महिला समाज को नीचा दिखने का प्रयास किया। कभी विधवा विलाप शब्द इस्तेमाल किये गये तो किसी ने महिलाओं को 'टंच माल ' बताया। कभी 'मंगलसूत्र' पर प्रहार किया गया तो कभी महिलाओं को 'मुजरा' करने से जोड़ा गया। किसी ने 'मंडी का भाव' पूछा तो किसी ने महिलाओं के लिये 'परकटी' शब्द का प्रयोग किया। न जाने कितने सांसद,विधायक व मंत्री,पाखंडी धर्मगुरु,उच्चाधिकारी आदि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी हैं और रहे हैं। कोई अपनी पत्नी को त्याग कर देश की महिलाओं के कल्याण की बातें कर रहा है तो कई बिन ब्याहे नेता लोगों को घर गृहस्थी का सलीका सिखा रहे हैं। मणिपुर में देश की महिलाओं के साथ जो दुष्कृत्य वहां की शासन व्यवस्था की नाकामी के कारण लंबे समय से होते आ रहे हैं उसे लेकर पिछले दिनों 18 महीने बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने ऐसी घटनाओं पर पीड़ितों से मुआफी मांग कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी। और इन सबसे शर्मनाक बात यह भी है कि महिलाओं के पक्ष विपक्ष की बातें भी अब दलीय स्तर पर होने लगी हैं।

यानी मणिपुर की महिलाओं से नग्न परेड कराई जाती है तो भाजपाई महिला नेत्रियाँ मणिपुर की महिलाओं पर चिंता व्यक्त करने या उन हालत पर आक्रोशित होने के बजाये यह ढूंढने लग जाती हैं कि किस गैर भाजपा शासित राज्य में महिलाओं के साथ ज्यादती हुई है। उस तरह के मामलों को उठा कर मणिपुर की महिलाओं के हालात का काउंटर करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में इन अवसरवादी व सत्ता लोभी राजनीतिज्ञों से महिला सम्मान की उम्मीद रखना कितना व्यवहारिक है यह स्वयं सोचा जा सकता है।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## नया राग



आखिर एक दिन वह क्षण भी आएगा/जब तुम, समय की देहरी पर खड़े/स्वयं को निहारोगे और/स्वयं का ही अभिवादन करोगे
संध्या के अस्त होते आलोक में/जब आकाश गोधूली के रंगों से भर जाएगा /और दूर मंदिर की घंटियां किसी भूले-बिसरे स्वर को जागृत करेंगी/तुम खुद को कहोगे, आओ, विश्राम करो अब, बहुत हुआ...
राग यमन की मधुरता में डूबा क्षितिज/धीमे-धीमे तुम्हें अपनी बाँहों में समेटने लगेगा/सप्तक के मध्यम सुर पर थिरकते सरोद और सितार की ध्वनियाँ/तुम्हारे मन के रिक्त कोनों को भरने लगेंगी
तुम अपनी उस विलुप्त छवि को आलिंगन दोगे/जो अनवरत तुम्हारे साथ चली/पर तुमने उसे कभी अपना नहीं माना
तुम उसके हाथ में धरोगे वह सारा प्रेम/जिसे तुम लोगों को अर्पित करते-करते/स्वयं रिक्त हो गए थे.../और वह छवि प्रतीक्षा करती रही/राग अहीर भैरव की तरह/जो भोर में फिर से स्वर पा सकेङ्ग
अब, वह राग फिर से लौटेगा/राग संधिप्रकाश, जिसे केवल संध्या जानती है/फिर तुम अपने हृदय से झरने दोगे/वह समस्त विषाद, वे अवसन्न स्वर,
वे विफल स्वप्न/जो आजीवन शोकगीत बने रहे/और तब, झंकार उठेगी/रात्रि के गंभीर आकाश में, राग मालकौंस की
रुद्रवीणा की कंपन भरी ध्वनि/जब रात्रि के प्रथम प्रहर में घुल जाएगी/और पखावज की थाप गूंजेगी/तब तुम अपनी ही धुन में खो जाओगे/और स्वयं का मंगल गान करते हुए / रचोगे एक नया राग

**- अनुजीत इकबाल, लखनऊ**

## व्यंग्य



# पुलिस चौकी का क्या दोष!

**अरविंद तिवारी**

भाई साहब!आप पुलिस को गाली दिए जा रहे हैं। अगर मानहानि का मुकदमा हो गया तो आपको लेने के देने पड़ जाएंगे।हम ही रिपोर्ट लिख लेंगे,क्योंकि हमारी पुलिस चौकी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ही है!दरअसल अभी हम और चौकी पर तैनात हमारे साथी, नए कानून की धाराओं का अध्ययन कर रहे हैं वरना अभी के अभी हमने आप लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिख ली होती।अध्ययन के बारे में भारतीय शिक्षा पद्धति में साफ साफ लिखा है, इसमें किसी तरह का व्यवधान नहीं होना चाहिए।यही कारण है नए कानून रटने के दौरान, इस चौकी के पास कुछ वारदातें हो गईं।वैसे यदि हम अध्ययन में मशगूल नहीं होते तो ये वारदातें नहीं होतीं,इसकी हम गारंटी नहीं देते।पुलिस के बारे में भ्रम फैलाया जाता है कि उसे होने वाली वारदात का पूरा पता रहता है।यदि पता होता तो चौकी के सामने रखी फाइबर की दो कुर्सियां चोरी होने के बाद हमने बरामद कर लीं होतीं।अब आप पूछेंगे ये कुर्सियां क्या आप थाने के मालखाने से लाए थे,तो हम कहेंगे नहीं।ये कुर्सियां हमें पास वाले बाजार में लावारिस रखी हुई मिलीं थीं।कोई दावा करता हमारी हैं,तो हम प्रमाण लेकर उसे लौटा देते,जैसे चार दिन पहले हमने खोए हुए बच्चे को बरामद करके उसके मां बाप को लौटाया था।पुलिस आपकी सेवा में हमेशा तत्पर रहती है और आप आरोप लगा देते हैं, पुलिस सो रही थी।कुर्सियों का पुख्ता प्रमाण देना बहुत मुश्किल काम था,इसलिए शायद वही उठा ले गया, जिसकी कुर्सियां थीं!

पुलिस चौकी से सौ मीटर दूर एक बैंक में भी बड़ी वारदात हो गई।कैश के साथ वहां लॉकर्स भी खंगाल लिए गए।चोरी बड़ी थी इसलिए मीडिया सक्रिय हो गया।यह भी कोई आरोप है कि पुलिस चौकी के इतने पास इतनी बड़ी चोरी कैसे हो गई?हम छोटी बड़ी चोरी में जरा भी फर्क नहीं करते। चोरी तो चोरी है।कोई भी अपराध छोटा बड़ा नहीं होता।यह कहना कि पुलिस चौकी के होते हुए चोरी कैसे हो गई,बचकाना लगता है।हमारा काम सभी अपराधों का निदान करना होता है, जैसे अस्पताल रोगों का निदान करते हैं।क्या अस्पताल के बाहर या सौ मीटर दूर किसी को हार्ट अटैक नहीं आ सकता?हार्ट अटैक कहीं भी आ सकता है।उसके लिए अस्पताल को दोषी नहीं माना जा सकता।अस्पताल वाले उस मरीज को इमरजेंसी में लेकर जरूर गए होंगे।नहीं बचा पाए तो नहीं बचा पाए। हम भी हर रात गश्त करते हैं।चोरी को नहीं बचा पाए तो नहीं बचा पाए।इस देश में लोग बैंकों से बड़ा कर्ज लेकर विदेश भाग गए कि नहीं।कोई रोक पाया उन्हें। देश में तमाम एजेंसियां पुलिस, ई. डी.और सी.बी.आई.आदि थीं।राज्य और केंद्र में सरकारें भी मुकम्मल थीं।विश्व में इंटरपोल भी तो है।आज तक इन चोरों को कोई जांच एजेंसी देश में वापस ला पाई?कोशिश होती रहती है।हम भी पूरी कोशिश करेंगे, इस बड़ी चोरी का पदार्फाश हो सके।जरूरत पड़ी तो एनकाउंटर भी करेंगे।हमारा पुलिस विभाग केवल एक छोटी पुलिस चौकी भर नहीं है।हमारे उर्फ कानून के हाथ बहुत लंबे हैं।कोई चोर देश छोड़कर भाग जाए तो अलग बात है,इस देश में हम उसे पकड़ ही लेंगे।चोरों का दैनिंदन व्यापार चोरी करना है तो हमारा भी चोरों को पकड़ना है।हमारी पारदर्शिता ऐसी है कि हमारी त्रुटियां उजागर हो जाती हैं।फिर भी हम अपराध के विवेचन में पारदर्शिता कायम रखे हुए हैं।तत्कालीन परिस्थितियों के आधार पर कानून व्यवस्था बनाए रखते हैं।तत्कालीन परिस्थितियों में सुविधा शुल्क आदि शामिल हैं!

एक अखबार ने छाप दिया पुलिस चौकी में रात को शराब पी जाती है और दिनभर की कमाई का हिसाब किताब होता है।शराब वाली बात एकदम झूठी है।अकेले दारोगा जी कभी कभार ले लेते हैं।वह पैसे के मामले में अपरिग्रह का भाव रखते हैं,जो भारतीय दर्शन का सर्वश्रेष्ठ मूल्य है।हिसाब किताब वह कभी नहीं देखते।भारतीय दर्शन के अनुसार हिसाब किताब ही दुख की असली जड़ है।जब हिसाब किताब होता है तो दारोगा जी एक दो पैग मार लेते हैं।पर हम ईमानदारी से उनका हिस्सा उनको दे देते हैं,ताकि दारोगा जी को दर्शनशास्त्र के क्षेत्र से खींचकर वापस चौकी लाया जा सके!रही हम सिपाहियों की बात,तो हम मानते हैं, हिसाब किताब बाप बेटे के बीच भी होना चाहिए।यही कारण है कई बार रात को हम गश्त रोककर हिसाब किताब करने बैठ जाते हैं।

वैसे भी गश्त करता हुआ एक सिपाही बड़ी चोरी को नहीं रोक सकता।उसके लिए थाने से फोर्स बुलानी होती है।उसमें भी सौ लफड़े हैं।हम ज्यादा लफड़े में नहीं पड़ते।चोरी को आसानी से हो जाने देते हैं क्योंकि फिर भुगतना तो थाने को ही पड़ेगा।जब कभी गंभीर वारदात होती है तो चौकी इंचार्ज से पहले,इलाके के थानाध्यक्ष को सस्पेंड किया जाता है।जिस अखबार में हमारे बारे में झूठी खबर छपी थी उसके सियासत से बहुत गहरे रिश्ते हैं।इसके अलावा खबर में यह नहीं बताया गया कि यह किस चौकी के बारे में खबर है।इस देश की सभी पुलिस चौकियां हमारी पुलिस चौकी जैसी ही हैं!हम गुमनाम पुलिस चौकी की खबर छापने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकते।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# फर्जी ढंग से 1.78 लाख ऋण लेने का आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**शिकायत**

**झाड़ी की जमीन दिखाकर किया गया फर्जीवाड़ा**

**बैंक को पत्र भेजकर मांगा जायेगा स्पष्टीकरण : नायब तहसीलदार**

**माहुल (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के तरकुलहा हनुमान मंदिर के पुजारी राधे मोहन दास के द्वारा बीते 13 फरवरी को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया था कि सरकारी जमीन को बैंक में बंधक रख 1.78 लाख का ऋण लिया गया है। शिकायत की जांच करने मंगलवार को फूलपुर तहसील के नायब तहसीलदार अनुराग प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार राजाराम व राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक अजय मौर्य, भू राजस्व निरीक्षक राजाराम प्रजापति मौके पर जांच करने पहुंचे।

शिकायत कर्ता राधे मोहन का कहना है कि इस मामले में निजामपुर गांव निवासी अजहर पुत्र अब्दुल कलाम सहित तेरह लोगों के खिलाफ सरकारी जमीन को अवैध ढंग से अपने नाम कर कब्जा करने के मामले साढ़े तीन एकड़ झाड़ी की जमीन को खारिज कर ग्राम सभा में दर्ज करने का आदेश दिया गया था और अहरौला थाने पर मार्च 2018 में तेरह लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। शिकायत कर्ता का आरोप है कि झाड़ी की जमीन पर अजहर पुत्र अब्दुल कलाम के द्वारा माहुल यूबीआई शाखा से फर्जी ढंग से आदेश को छुपाकर नवंबर 2024 में 1.78 लाख का ऋण लिया गया है वहीं आरोप है कि राजस्व टीम के द्वारा झाड़ी की जमीन को खाली दर्शाया गया है। मंदिर के महंत अर्जुन दास का कहना है कि अगर इसमें कार्रवाही नहीं हुई तो सीएम से समय लेकर 52 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत करेंगे तहसील के लोग शिकायत पर अपने बचने का उपाय निकाल कर कार्रवाई पर विराम लगा देते हैं। इस संबंध में नायब तहसीलदार अनुराग प्रताप व राजाराम ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कि जा रही है ऋण देने वाले यूबीआई शाखा माहुल के पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# दो फर्जी मदरसा संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कार्रवाई**

**एसआईटी की जांच में मामला आया सामने**

**रणमों और हबीबपुर में कागजों पर चल रहे थे मदरसे**

**लालगंज (आजमगढ़)।** जिले में धड़ल्ले से चल रहे अवैध मदरसा संचालकों पर कार्रवाई तेज हो गई है। जिले के विभिन्न थानों में कई संचालकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक कुंवर ब्रह्मप्रकाश सिंह की तहरीर पर की गई है।

इसी क्रम में देवगांव पुलिस ने भी क्षेत्र में कागजों पर चल रहे फर्जी मदरसों के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। मदरसा के पोर्टल पर क्षेत्र में संचालित मदरसे का पूरा ब्योरा आनलाइन अपलोड किया गया जबकि मौके पर जांच करने पहुंची टीम को कोई भी मदरसा संचालित होते नहीं मिला। इस प्रकार के अस्तित्वहीन मदरसों को मान्यता प्रदान करने वाले और मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत भुगतान प्रदान करके शासकीय धन का गबन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी क्रम में मदरसा इस्लामिया हबीबपुर देवगांव के प्रबंधक मोहम्मद अकरम के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इस मदरसे में रमेश यादव, शैलेंद्र कुमार राय के साथ दयानंद यादव को शिक्षक के तौर पर नियुक्ति की गई थी। वहीं मदरसा इस्लामिया रणमों देवगांव में भी चल रहे फर्जी मदरसे के प्रबंधक मोहम्मद अकरम के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। यहां शिक्षक के तौर पर कमलेश कुमार राजभर, आनंद पांडेय व यादवेंद्र यादव की नियुक्ति की गई थी।

## कोटे की दुकान के चुनाव को लेकर मारपीट एक दर्जन घायल

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बढहरिया गांव में मंगलवार के दिन चुनाव था जिसमें अनीता पत्नी कमलेश 406 वोट पाई और विपक्षी राकेश यादव पुत्र बाबूलाल यादव 338 वोट पाए। बढ़हरिया गांव में सभी समुदाय के लोग दोनों प्रत्याशियों के तरफ बंटे थे। वोट समाप्त होने के बाद प्रशासन और पंचायत भवन से सबको घर जानें कों कहा गया और पुलिस भी वहां से वापस चली गई जीते हुए प्रत्याशियों द्वारा जश्न मनाया जाने लगा यह बात हारे प्रत्याशियों के समर्थकों को नागवार लगी और बातचीत होते-होते एकाएक लोगों में मारपीट होने लगी जिसमें कुल 12 लोग घायल हुए और तीन लोगों को गंभीर चोटे लगी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि पुलिस मौके पर रहती तो इतनी बड़ी घटना न होती पुलिस चुनाव कराने के बाद मौके से चली गई बाद में मारपीट के दौरान लोग घायल हुए।

## मिठाई की दुकान में छापेमारी एक्सपायरी मिली कोल्ड ड्रिंक

**कसा शिकंजा**

**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तथा कंधरापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने की छापेमारी**

**पटवध (आजमगढ़)।** कंन्धरापुर थाना अंतर्गत भंवरनाथ चौराहे पर राधिका स्वीट्स एंड स्नैक्स की दुकान पर सोमवार की शाम को सदर तहसील के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता तथा कंधरापुर थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई।



छापेमारी में पकड़ी गयी कोल्डड्रिंक।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का कहना था कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दुकानदार के द्वारा दुकान में रखे गए कोल्ड ड्रिंक जो ग्राहकों को बेचे जा रहे हैं वह एक्सपायरी डेट के हैं। इस सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा दुकान में जांच पड़ताल की गई जहां कई तरह के कोल्ड ड्रिंक एक्सपायरी डेट के मिले अधिकारियों द्वारा मिठाई का सैंपल भी लेकर जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा गया रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी। इस सिलसिले में दुकानदार ने बताया कि कोल्डड्रिंक के एजेंन्सियों द्वारा मेरी दुकान में माल रख दिया जाता है। यह मुझको नहीं जानकारी थी कि एक्सपायरी है इसमें जिम्मेदारी उनकी बनती है ऐसे माल की सप्लाई मेरी दुकान पर क्यों करते हैं।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों से पटे बाजार

**खाद्य औषधि विभाग के अधिकारी मौन**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के छोटी-बड़ी बाजारों में मिलावटी खोवा आदि की बनी मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थ धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। सब कुछ जानते हुए भी संबंधित विभाग मौन साधे हुए है। वर्तमान समय में शादी विवाह का समय चल रहा है। छोटी-बड़ी बाजारों में मिलावट भरा खोवा पनीर रिफाइण्ड, सरसों का तेल सहित अन्य सामान बाजारों में बिक रहे हैं। खाद्य औषधि विभाग के अधिकारी दीपावली होली आदि त्योहारों पर भ्रमण कर दो-चार छोटभैया दुकानदारों पर कार्यवाही कर इतिश्री कर देते हैं। जबकि वर्तमान समय में हर वस्तु की लगन में ज्यादा मांग है। मिलावटखोर मिलावटी खाद्य पदार्थ धड़ल्ले से बेच रहे हैं। क्षेत्रवासी महताब, सिद्धश्वर पांडेय, सूबेदार सिंह, दीपक, विजय बहादुर आदि ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अविलम्ब मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में दो करोड़ का प्रस्ताव पास

**जनसंदेश न्यूज**

**पवई (आजमगढ़)।** ब्लॉक पवई ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सभागार में ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी और विकास के नए प्रस्ताव क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों ने रखा। लगभग दो करोड़ का प्रस्ताव पास किया गया।



बैठक में उपस्थित लोग।

ब्लॉक प्रमुख वरुण कांत यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। खण्ड विकास अधिकारी ईशरत रोमिल ने पिछली कार्यवाही सहित कराये गए कार्यों को सदन में पढ़कर बताया। नए कार्य और समस्या पर चर्चा के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधानों से अपनी बात रखने को कहा। पशु चिकित्साधिकारी पवई लाल मणि प्रजापति ने निराश्रित पशुओं और पशु पालन आदि के बारे में बताया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ.अजय यादव ने स्वास्थ्य सम्बन्धी सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य, समाज कल्याण, स्वयं सहायता समूह, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सदन में अपनी अपनी बात रखी। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सदन कि मयार्दा का ध्यान रखा जाय। शालीनता से सम्मानित सभी सदस्य अपनी बात रखें। सबकी समस्या के निदान कराने का प्रयास किया जाएगा। न्याय संगत कार्य हर गांव के लिए होगा। विकास कार्यो के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये का प्रस्ताव पास हुआ। इस अवसर पर गौरव यादव, कुलदीप यादव,हनुमान यादव, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, डॉ लाल मणि प्रजापति, डॉ. अजय कुमार यादव, जेई मनोज कुमार, सुशील कुमार पांडेय, लकी सिंह, सुबास सिंह, मुन्ना यादव, जितेंद्र यादव, योगेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# युवा चेतना सम्मान रैली को सफल बनाने हेतु सुभासपा की चौपाल

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला सुभासपा के युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र राजन राजभर के नेतृत्व में मंगलवार को जिले के आधा दर्जन गांवों में चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान खासकर युवाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना गया और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए जागरूक किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के संदेश को लोगों तक पहुंचाते हुए 2027 में सुभासपा को सबसे बड़ी पार्टी बनाने की अपील की। महुआरा और फत्तेपुर गाँव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना गया।



चौपाल में उपस्थित सुभासपा कार्यकर्ता।

सुभासपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि आगामी 23 फरवरी को आजमगढ़ के परमानपुर चौरी बेलहा कॉलेज, तरवां में युवा चेतना सम्मान रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष रूद्र राजन राजभर ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं, उन्हें शिक्षित रहना चाहिए और अपने समाज को भी शिक्षित करने के साथ-साथ अपने अधिकारों को समझना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षय राजभर, शनि वर्मा, युवा मंच के जिला अध्यक्ष कृष्णा राजभर, उपाध्यक्ष रामनौमी, दिनेश सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हर हाल में बने लक्ष्य के सापेक्ष फैमिली आईडी : बीडीओ

**फूलपुर (आजमगढ़)।** लक्ष्य के सापेक्ष फैमिली आईडी बनाने के तहत खंड विकास अधिकारी फूलपुर ने मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सभागार में उचित दर विक्रेताओं के साथ बैठक किया। जिसमें उन्होंने फैमिली आईडी समय से लक्ष्य के सापेक्ष बनाने का निर्देश दिया। खण्ड विकास अधिकारी विमला चौधरी द्वारा सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि अपने ग्राम सभा के पंचायत सहायक से संपर्क कर लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित फैमिली आईडी को बनवाया जाना सुनिश्चित करें। इसके लिए सर्वप्रथम यह आवश्यक है कि कितने परिवारों का राशन कार्ड नहीं बना है, उसकी सूची बना लेंगे। उस सूची में जिन परिवारों का अभी तक फैमिली आईडी नहीं बनी है उनसे तत्काल संपर्क कर फैमिली आईडी बनाया जाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में पंचायत सहायक द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। किसी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। यदि किसी ग्राम सभा में पंचायत सहायक द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है तो उसे तत्काल अवगत कराएंगे। किसी भी फैमिली आईडी बनाने में समस्या आती है तो ब्लाक समन्वयक अनूप कुमार मौर्य से संपर्क करें।

# 20 फरवरी तक सस्पेक्ट डाटा ठीक करें संस्थान

## जनपदीय लॉगिन पर कुल 7848 छात्रों का सस्पेक्ट डाटा उपलब्ध

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने बताया है कि वर्ष 2024-25 अन्य पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर छात्रों द्वारा भरे गये आवेदन पत्रों के डाटा की अग्रसारण की कार्यवाही चल रही हैं, जिसमें मुख्यालय लखनऊ से डाटा स्क्रूटनी के उपरान्त विद्यालयों एवं जनपदीय लॉगिन पर कुल 7848 छात्रों का सस्पेक्ट डाटा उपलब्ध कराया गया है। छात्रों के सस्पेक्ट डाटा से सम्बन्धित अभिलेखों का मिलान करते हुए इन डाटा को नियमानुसार फारवर्ड/रिजेक्ट किया जाना है।

उक्त सम्बन्ध में अन्य पिछड़ी वर्ग दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जनपद में संचालित समस्त विद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वह अपने छात्रवृत्ति लॉगिन से अथवा आजमगढ़ एनआईसी की वेबसाइट पर जाकर सस्पेट छात्रों का डाटा डाऊनलोड करते हुए सस्पेक्ट सम्बन्धित विवरण के अनुसार वांछित अभिलेखों की जांच, परीक्षण एवं सत्यापित करते हुए कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, नेहरू हालको विलम्बतम 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से अपनी आख्या सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इन छात्रों के अभिलेखों का परीक्षण करते हुए छात्रवृत्ति डाटा को नियमानुसार फारवर्ड/रिजेक्ट किये जाने की कार्यवाही की जा सके। अन्यथा कीदशा में अगर छात्र छात्रवृत्ति से वंचित होते हैं तो इसके लिए सम्बन्धित शिक्षण संस्थान व छात्र सम्पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें।

# नौ दिवसीय श्री रामकथा मानस यज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

## समापन व भण्डारा एक मार्च को



यज्ञ के लिए तैयार मण्डप।

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज क्षेत्र अंतर्गत पटवध कौतुक स्थित शिव मंदिर पर नौ दिवसीय श्री राम कथा एवं मानस यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी क्षेत्र वासियों द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ की जा रही है। इस हेतु क्षेत्रवासियों का हर तरह का सहयोग मिल रहा है। यज्ञ के लिए पंडाल तैयार हो गया है। वहीं कथा स्थल के लिए तैयारी चल रही है।

आगामी 21 फरवरी को बाजे-गाजे एवं हाथी घोड़ा के साथ 1101 कलश यात्रा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पंडाल स्थल पर समाप्त होगी। प्रतिदिन सुबह 5 से कथावाचक एवं पूजनकार श्रीकांत पांडे के सानिध्य में समस्त जनमानस के साथ यज्ञ पूजन शुरू होगा और शाम को मानस मर्मज्ञ ललित गिरी जी महाराज एवं अन्य मानस विद्वान द्वारा सायं 5 बजे से श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। श्री राम कथा यज्ञ का समापन एक मार्च दिन शनिवार को भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा। इस आशय की जानकारी मंदिर पुजारी राजेश दास एवं यज्ञ समिति द्वारा दी गई। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है।

# बीएसएनएल कार्मिकों के हित की सुरक्षा मेरी प्राथमिकता: आनंद

**अधिवेशन**

**सातवें वेतन के लिए करेंगे आर-पार का संघर्ष**

**पदाधिकारियों का किया गया भव्य स्वागत**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन के जौनपुर में हुए प्रांतीय अधिवेशन में घोषित पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह व संगठन मंत्री सुनील कुमार उपाध्याय का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत जनपद स्थित सी-डाट परिसर में मंगलवार को किया गया।




नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते बीएसएनएल कर्मचारी।

पूर्वी यूपी के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने कहाकि संगठन अपने एकजुटता के दम से ही सरकार को कोई भी कर्मचारी विरोधी निर्णय लेने नहीं दे रहा है। यही संगठन की असल ताकत है। इसी ताकत के दम से ही हम सातवां वेतन भी लागू कराएंगे ताकि कर्मचारी और उसका परिवार लाभांवित हो सके।

इसके लिए हमें प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करना होगा जिससे सरकार की हठधर्मिता को समाप्त करके कर्मचारी हितों की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने आह्वान किया कि अपने जायज मांगों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करना होगा जिसके लिए सदैव तत्पर रहेंगे लेकिन अपनी मांगों को पूरा कराकर ही चैन की सांस लेंगे।

इस दौरान पहुंचे चीनी मिल के वाइस चेयरमैन यशवंत सिंह ने कहाकि कर्मचारी और सरकार एक सेतु है जो समाज और व्यवस्थाओं को जोड़ने का काम करती है। निश्चित ही जेई आनंद सिंह बीएसएनएल संगठन को ऊंचाईयों पर ले जाएंगे।

इसके अलावा नवनियुक्त संगठन मंत्री सुनील कुमार उपाध्याय का भी सम्मान हुआ। उन्होंने भी संगठन की मजबूत करने पर बल दिया। स्वागत करने वालों में सहायक जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, अवनीश मौर्य, रामआशीष यादव, वीरेंद्र चौबे, सुनील कुमार सिंह, सुनील चौहान, अब्दुल हन्नान, हरिकेश यादव, कुसुमलता मौर्य, किसमती देवी, प्रशांत कुमार यादव, तौफिक आलम, परमेश्वर शाह, अजय राय आदि शामिल हैं।

## संक्षेप

### विद्युत कर्मियों ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक



**पटवध (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र अंतर्गत रौनापार विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता विजय कुमार यादव के नेतृत्व में क्षेत्र में टीमें बनाकर विद्युत उपभोक्ताओं को छूट योजना को लेकर जागरूक किया जा रहा है। शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए छूट योजना की रजिस्ट्रेशन 28 फरवरी तक किया गया है। अवर अभियंता रौनापार विजय कुमार यादव ने टीमें बनाई हैं जो क्षेत्र में हर गांवों में घर-घर पहुंच कर इस योजना के लाभ के लिए उपभोक्ताओं को जागरुक कर रही हैं। उनके द्वारा बताया गया कि तीसरे चरण का समय एक फरवरी से 15 फरवरी तक था जिसे अब उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए 28 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। एक टीम में रामप्रसाद शुक्ला व बेचू पाल, दूसरे में संतोष सिंह व सुशील सिंह तो तीसरी टीम में श्याम विजय व महेंद्र शामिल हैं।

### संगठित होकर काम करने की जरूरतः अक्षयवर



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र जलालपुर महाबल पट्टी में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक तहसील अध्यक्ष आशीष पांडेय की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सदस्यता अभियान के तहत वरिष्ठ पत्रकार राज बहादुर चौबे, महेंद्र पाठक आदि सहित आधा दर्जन से अधिक पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। तहसील अध्यक्ष द्वारा नए पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और पत्रकार के हित की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया। तहसील संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अक्षयवर भाई पटेल ने सभी पत्रकारों को बधाई दिया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर काम करने की जरूरत है। समाज में पत्रकारिता एक चुनौती है। आज के समय में पत्रकारों पर हो रहे हमले की निंदा की। तहसील उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने सभी नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई। साथ ही उन्हें पत्रकारिता का पाठ भी पढ़ाया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विनोद राजभर, गिरिजेश वर्मा, हैदर अली, देवानंद गिरी, रविंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ.अरविंद को मिल रही बधाई




**ठेकमा (आजमगढ़)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश (एनसीपी)के प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह व पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार विश्वकर्मा द्वारा आजमगढ़ के अहिरौली ठेकमा निवासी डॉ.अरविंद कुमार यादव को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर लखनऊ मंडल प्रभारी रामपति शर्मा प्रदेश सचिव सौरव राय, प्रदेश उच्च सचिव जय सिंह मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। एनसीपी पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में दारुल सफा 140 बी ब्लाक स्थित कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा देकर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। डॉ.अरविंद कुमार को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी के लोगों में खुशी है। डॉ.अरविंद द्वारा बताया गया कि इस समय हमारी पार्टी राष्ट्रीय हित के लिए एनडीए में भाजपा के साथ है। हम उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी का विस्तार करेंगे एवं एनडीए को मजबूत करेंगे।

### कोतवाल से मिलकर पत्रकारों ने की बैठक



**माहुल(आजमगढ़)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष शशिकांत पांडेय के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कोतवाल फूलपुर सच्चिदानंद यादव से मिला। जिसमें एक दैनिक समाचार पत्र के प्रतिनिधि चंद्रमौली पांडेय के साथ रविवार रात असलहे के बल पर धमकी देने वाले दबंग पर कठोर कार्यवाही की मांग की गयी। उसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने बैठक कर घटना की निंदा करते हुए आगे की रणनीति पर चर्चा किया। शशिकांत पांडेय ने कहा कि फूलपुर क्षेत्र के उत्तमा गांव निवासी चंद्र मौली पांडेय उर्फ मुन्ना जनसंदेश टाइम्स के फूलपुर के प्रतिनिधि हैं। रविवार रात उन्हीं के गांव के एक दबंग द्वारा असलहे के बल पर उनकी बाइक को रोक कर उन्हें जान से मारने की धमकी दिया गया। यह काफी दुर्भाग्य पूर्ण घटना है। कोतवाल ने दबंग पर कार्यवाही का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि 48 घंटे के अंदर यदि फूलपुर पुलिस दबंग पर कार्यवाही नहीं करती है तो हम आगे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में रवि प्रकाश सिंह, सिद्धेश्वर पांडेय, श्याम सिंह,अखिलेश विश्वकर्मा, मनोज मोदनवाल, मो.अकलैन, अदील अहमद, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कुवैत से पुत्र की स्वदेश वापसी के लिए पिता ने लगाई गुहार



**पटवध (आजमगढ़)।** मुबारकपुर थाना अंतर्गत देवकली तारन गांव निवासी रोहित दुबे अपने परिवार के भरण पोषण के लिए किसी कंपनी के माध्यम से 26 अक्टूबर 2024 को कुवैत गया हुआ है जहां उसको जिस काम में भेजा गया था उसके बदले उसे दूसरा काम दे दिया गया है जिसको वह करने में असमर्थ है और वहां 18 घंटे की उससे ड्यूटी ली जा रही है। स्वास्थ्य चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है। खाना भी समय से नहीं मिलता जिसको लेकर रोहित दुबे अपने पिता से रो रो कर अपना हाल बताया। बेटे की बात सुनकर पिता काफी परेशान है और जिला प्रशासन से गुहार लगाई कि मेरे पुत्र की वापसी स्वदेश कराई जाए। मेरे पुत्र के ऊपर कुवैत में भारी संकट पड़ा हुआ है।

### दौलतपुर माइनर में युवक का शव मिलने से सनसनी

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव स्थित माइनर के समीप पुलिया के पास मंगलवार की सुबह भोरमपुर निवासी राजमनी यादव का 30 वर्षीय पुत्र विक्की यादव का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सूचना मिलते ही मेंहनगर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। मृतक एकलौता संतान था। बंगाल प्रांत में ट्रक चालक था। एक सप्ताह पूर्व घर आया था। सोमवार को रात्रि शराब का सेवन कर घर पहुंचा तो पत्नी सरोजा देवी फटकार लगाने लगी जो उसे नागवार लगा और पत्नी को मारने पीटने लगा जिससे पत्नी को चोटे आयी। मृतक के पिता डांट फटकार लगाने लगे जिससे रुष्ट होकर घर से निकल गया। पूरी रात घर नहीं आया। मंगलवार की सुबह दौलतपुर गांव स्थित माइनर पुलिया के पास शव को ग्रामीणों ने देख शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। मृतक के दो पुत्र एक पुत्री हैं। घटना की तहरीर पिता ने थाने में दी। इस बाबत थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर मर्चरी हाउस भेज दिया गया है। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने बाद ही मालूम हो सकेगा।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे बाइक सवार को झपकी आने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय निवासी अंकित राजभर 22 वर्ष अपने साथियों के साथ चार बाइकों से महाकुंभ स्नान के लिए गया था। मंगलवार को बाइक से वापस लौटते समय रानी की सराय कस्बे के निजामाबाद मोढ़ पर अंकित को झपकी आ गई और बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में अंकित घायल हो गया। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### शोक में वकीलों ने नहीं किया काम

**आजमगढ़।** दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभागार में साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता सुखनन्दन राम एडवोकेट की मृत्यु पर शोक सभा हुई। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तत्पश्चात पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। अध्यक्षता सैयद सादिक अली रिजवी उपाध्यक्ष तथा संचालन संघ के मंत्री रामनयन यादव ने किया।

# नकल विहीन परीक्षा संपन्न करायें केंद्र व्यवस्थापक : जिलाधिकारी

**दिये निर्देश**

**जिले के 77 केंद्रों पर 24 फरवरी से होगी बोर्ड परीक्षा, तैनात किये गये जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट**

**यूपी बोर्ड की हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा सम्पन्न कराने को डीएम एसपी ने कार्मिकों के साथ की बैठक**





बैठक को संबोधित करते डीएम बीएन सिंह व शामिल लोग

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मंगलवार को स्वामी हरसेवा नन्द सीनियर सेकेण्डरी स्कूल चुर्क में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा पारदर्शिता व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा सहायकों के साथ बैठक की। इस दौरान परीक्षा व्यवस्था, प्रश्न-पत्र, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था, परीक्षा व्यवस्था से जुड़े केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न करायी जाये। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को दायित्वबोध कराते हुए कहा कि वे अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के लिए जिम्मेदारी निभाते हुए हर हाल में नकल विहीन परीक्षा करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में प्रश्न-पत्र लीक न होने पाये, इसलिए सीसीटीवी की रिकार्डिंग शत-प्रतिशत सुरक्षित रखी जाये। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों में जो परीक्षाएं होती थी, वो लगभग महीने तक चलती थी। लेकिन अब 24 फरवरी से परीक्षा शुरू होकर 12 मार्च को समाप्त होगी। प्रश्न-पत्र वितरण के समय विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि जिस पाली में जो विषय है, उसी प्रश्न पत्र का सावधानी पूर्वक वितरण किया जाये। परीक्षा केन्द्र के आस-पास फोटो स्टेट की दुकान, लोगों की भीड़ न हो। जनपद स्तर पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या न होने पाये, इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता हेतु मेडिकल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। परीक्षा से जुड़े किसी भी कार्मिक को किसी प्रकार की समस्या होने पर एक दूसरे से जानकारी साझा करते हुए कार्य किया जाये। एसपी ने कहा कि पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगा दी गयी है।

परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए जो भी अधिनियम जारी किया गया है, इसी के निर्देशानुसार परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराया जाना है।

परीक्षा में परीक्षार्थी द्वारा नकल करते पकड़े जाने पर परीक्षा की पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाना सुनिश्चित किया जायेगा। कहा कि परीक्षा को लेकर शासन गंभीर है, हमें भी बखूबी ड्यूटी निभाना है। परीक्षा से जुड़े किसी प्रकार की फेक न्यूज को सोशल मीडिया पर शेयर न किया जाये, अगर किसी प्रकार की समस्या है, तो उच्च स्तर पर अवगत करायें। सोशल मीडिया पर जिस भी व्यक्ति द्वारा गलत अफवाह शेयर की गयी सामग्री प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

डीएम ने बताया कि जिले के 77 विद्यालयों में परीक्षा देने वाले 46 हजार 787 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाई स्कूल में 26 हजार 242 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें 13 हजार 121 छात्र व 13 हजार 121 छात्राएं हैं। इसी प्रकार से इण्टरमीडिएट के 20 हजार 545 परीक्षार्थी हैं, जिसमें 9 हजार 775 लड़के व 10 हजार 770 लड़किया परीक्षा में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि जनपद को तहसील स्तर के चार परीक्षा जोन में बांट कर उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनाती की जा चुकी है।

जनपद को 12 सेक्टर में बांटकर सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा चुकी है। 77 परीक्षा केन्द्रों पर प्रधानाचार्य के समकक्ष विभिन्न विभागों से स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती, परीक्षा केन्द्रों पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों व सात सचल दल की तैनाती हो चुकी है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, दुद्धी निखिल यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एक गिरफ्तार, सवा किलो गांजा बरामद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**डाला।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्थानीय पुलिस ने सोमवार की रात चौकी क्षेत्र के धौठा टोला से गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए मामूर था कि सेक्टर बी धौठा तिराहे पर कुछ लोग एकत्र थे, जो पुलिस का वाहन देखकर भागने लगे। इस बीच रामनिवास यादव पुत्र मोलई यादव निवासी कुरहुल, चोपन हाल पता सलईबना को धौठा टोला से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से झोले में एक किलो 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, हरि यादव शामिल रहे।

### सी परियोजना की दूसरी इकाई लाइटअप

**ओबरा।** स्थानीय नगर में लगभग 13 हजार करोड़ की लागत से बनाई जा रही सी परियोजना की दूसरी इकाई सोमवार की शाम लगभग आठ बजे इकाई को सफलता पूर्वक लाइटअप कर लिया गया। इकाई के लाइटअप होने से परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इकाई के लाइटअप होने के बाद सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। इसके बाद टरबाइन रोलिंग, वाइब्रेशन टेस्टिंग, जनरेटर की टेस्टिंग सहित स्टीम की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। स्टीम की गुणवत्ता ठीक होने पर टरबाइन में डालने की प्रक्रिया की जाएगी। इस दौरान सभी पैरामीटर्स सही पाए जाने पर आगामी 22 फरवरी तक इकाई को ग्रिड से जोड़ते हुए बिजली उत्पादन पर लाने की तैयारी की गई है। मार्च के पहले सप्ताह तक इकाई को फुल लोड पर लाने की संभावना बताई जा रही है। मुख्य महाप्रबंधक आरके अग्रवाल ने बताया कि सी परियोजना की दूसरी इकाई को सफलता पूर्वक लाइटअप कर लिया गया है। अभी सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने 22 फरवरी तक इकाई को ग्रिड से जोड़ने की संभावना जताते हुए मार्च के प्रथम सप्ताह तक पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन होने की बात कही।

### कुएं में गिरने से मासूम की गयी जान, मचा कोहराम

**दुद्धी।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के सुखड़ा गांव में कुएं में गिरने से एक मासूम की मौत हो गई। मृतक के दादा ने बताया कि उसका नाती डेढ़ वर्षीय कृष्णा कुमार पुत्र गोरखनाथ निवासी सुखड़ा घर के बाहर कुएं में फिसलकर गिर गया। जिससे कुएं में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के समय मासूम की मां खाना बना रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। उधर मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार तीन घायल

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत परासपानी में मंगलवार को प्रयागराज कुंभ से स्नान कर झारखंड वापस लौटते समय एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन युवक मामूली रूप से घायल हो गए। बताया गया कि कुंभ स्नान कर वापस लौट रही कार वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर तेलगुड़वा परासपानी के बीच अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे अनिल कुमार यादव पुत्र गनेश यादव, राजू पुत्र स्व. रामेश्वर ठाकुर, नीलकंठ तिवारी पुत्र जगबंधू तिवारी सभी निवासी पश्चिमी सिमूम झारखंड मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए चोपन सीएचसी भेज दिया।

### फरार चल रहा वांछित आरोपी धराया

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के पास से वर्षों से फरार आरोपी को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि रामगरीब निवासी वैष्णो मंदिर के पीछे एक मामले में वांछित है, जो न्यायालय द्वारा प्रेषित पत्र के उपरांत न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसको लेकर न्यायालय ने धारा 83 कुर्की का आदेश जारी किया था। न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर कुर्की करने जा रहे थे। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा कांस्टेबल सत्यप्रकाश शामिल रहे।

## फरार चल रहे दस वारंटी गिरफ्तार

**खलियारी/ओबरा।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर बरकोनिया पुलिस ने धर्मेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी लेडुआ, रामसनेही पुत्र स्व. रामदेव हरिजन निवासी करौंदिया, लालबर्ती पुत्र स्व. धुरहू निवासी मऊकला, नरेश धागर पुत्र डंगर निवासी भीखमपुर व सुरेश धांगर पुत्र डंगर निवासी भीखमपुर, रामपुर बरकोनिया को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। ओबरा संवाददाता के अनुसार-प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में लम्बे समय से फरार चल रहे पांच वारण्टियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वारण्टियों में राजेश निवासी सेक्टर नं चार साई मंदिर ओबरा, चन्द्रजीत सिंह निवासी चोपन रोड, सुखदेव निवासी बघमनवा, गुड्डू निवासी हनुमान मंदिर के बगल में तथा सुनील निवासी बिल्ली गांव शामिल हैं। टीम में एसआई रामलोचन, धर्मनारायण भार्गव, हेमन्त बारी, राधेगोविन्द सिंह शामिल रहे।

# एबीएसए ने दर्जनभर परिषदीय विद्यालयों का जाना हाल

**जनसंदेश न्यूज**



विद्यालय का निरीक्षण करते एबीएसए

**बीजपुर।** म्योरपुर शिक्षा अंतर्गत दर्जनभर विद्यालयों का चर्चित खंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर द्वारा औचक निरीक्षण में कुछ उन विद्यालयों की भी जांच की गयी, जहां के शिक्षकों को उनके द्वारा संरक्षण देकर महीनों से भगा कर रखा गया है। मजे की बात ये रही कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जिन शिक्षकों को भगोड़ा बताकर कारवाई की मांग लंबे अरसे से कर रहे थे, उन्हीं शिक्षकों को क्लीनचिट देने और अपने को जिम्मेदार, सही साबित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में विद्यालय में उपस्थित बता दिया। बताया गया कि शिक्षकों को संरक्षण देने के लिए सीधे अपने स्वार्थपूर्ति के लिए वसूली की जाती रही है।

घर बैठकर वेतन लेने वाले शिक्षक तो मस्त रहे ही, वही खंड शिक्षा अधिकारी की भी दो साल से बल्ले बल्ले चल रही है। ताजा मामला म्योरपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय महुली का है, जहां पर जांच में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा एक शिक्षिका को उपस्थित बताया गया। वही अभिभावकों व बीडीसी सदस्यों का आरोप है की सालों से शिक्षिका स्कूल नहीं आई, लेकिन सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में विद्यालय में उपस्थित हो गई। यही हाल कंपोजिट विद्यालय लीलाडेवा की एक शिक्षिका का बताया जा रहा, जिसे खंड शिक्षा अधिकारी अक्सर छुट्टी पर बताते आए हैं, लेकिन वह शिक्षिका भी सोमवार को सत्रह महीने बाद स्कूल में देखी गई। गौरतलब है कि बीते एक साल पहले भी प्राथमिक विद्यालय आरंगपनी की एक शिक्षिका का मामला सुर्खियों में आया था, जो ज्वाइन करने के बाद आठ साल से स्कूल आई ही नहीं थी। अभिभावकों का आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को संरक्षण देने के लिए अपने खासम खास शिक्षकों का रैकेट भी बना रखा, जो मामले के खुलासे पर हर हाल में दबाने में लग जाता है। जिले में आए नए बेसिक शिक्षा अधिकारी कब तक इस रैकेट पर लगाम लगाने में सफलता पाते हैं।

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**सोनभद्र।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि मदरसा शिक्षा बोर्ड परीक्षा जिले के चार परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हो रही है। परीक्षा 22 फरवरी को सम्पन्न होगी। परीक्षा केन्द्रों पर 169 परीक्षार्थी रहे, जिनमें से मुंशी/मौलवी(सेकेण्ड्री), के 135 तथा आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री) के 34 परीक्षार्थी है। परीक्षायें प्रातः 8 से 11 बजे तक हो रही हैं तथा सीनियर सेकेण्ड्री की परीक्षा एक परीक्षा केन्द्र पर दोपहर दो से पांच बजे तक संचालित हो रही है। केन्द्रों पर सीसीटीबी/बेवकास्टिंग के निगरानी में परीक्षाएं हो रही हैं। जिसकी निगरानी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय लखनऊ से की जा रही है। जनपद स्तर पर नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सचल दल प्रभारी एवं परीक्षा नोडल प्रभारी द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को 169 परीक्षार्थी के सापेक्ष 122 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, शेष 47 अनुपस्थित रहे।

# पलायन पर रोक के लिए नौजवानों को अनुदान दे सरकार

**म्योरपुर।** आदिवासी बाहुल्य दुद्धी तहसील में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के कारण रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। बशर्ते सरकार इस क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे। आज हालात यह है कि दुध्दी मजदूरों के पलायन का बड़ा केंद्र बन गया है। गांव में आमतौर पर 90 फीसदी नौजवान बाहर काम पर जाने के लिए विवश हैं। हालत इतनी बुरी है कि तमाम गांव में लड़कियां भी काम की तलाश में बाहर जा रही हैं। पलायन रोकने के लिए सरकार यहां की पूंजी से नौजवानों को कम से कम 10 लाख रुपए का अनुदान प्रदान करे। जिससे नौजवान नए उद्योग शुरू कर सकें। यह बातें रासपहरी में रोजगार अधिकार अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में उठी। किसानों ने कहा कि यदि कनहर सिंचाई परियोजना में नहरें बनाकर खेतों को पानी दिया जाए तो बड़े पैमाने पर सब्जी से लेकर अन्य फसलों का उत्पादन होगा और खेती समृद्ध हो जाएगी। यहां अरहर व उड़द की दाल, हल्दी, लहसुन, आलू, अदरक, टमाटर और मिर्च जैसे सब्जियों के उत्पादन पर जोर दिया जाए और इनके संरक्षण के लिए सरकारी कोल्ड स्टोरेज और चटनी के उद्योग स्थापित किए जाएं तो न सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मधुमक्खी पालन के जरिए से शहद भी पैदा किया जा सकता है जिस पर व्यवस्थित रूप से सरकार को ध्यान देना चाहिए। नौजवानों ने कहा कि यहां तापीय परियोजनाओं से बड़े पैमाने पर राख निकल रही है। एनजीटी का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी तापीय परियोजना के 100 किलोमीटर के दायरे के अंदर इस राख से बनी हुई ईट का ही निर्माण कार्यों में उपयोग किया जाएगा। ऐसे में जिला प्रशासन को सभी सरकारी कामों में इन ईंटों के ही उपयोग का निर्देश देना चाहिए। गोष्ठी में कहा गया कि सरकारी आईटीआई और पॉलिटेक्निक के जरिए बड़े पैमाने पर कौशल विकास का काम भी होना चाहिए। ताकि सार्थक रोजगार के लिए सक्षम नौजवानों को तैयार किया जा सके। इस मौके पर दिनकर कपूर, राजेंद्र प्रसाद गोंड, सविता गोंड़, कृपा शंकर पनिका, रामचंद्र पटेल, मंगरु प्रसाद श्याम, इंद्रदेव खरवार, रूबी सिंह गोंड़, मनोहर गोंड, रामविचार गोंड, महावीर गोंड़ समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### मत्स्य पालन योजना लाभ को 28 तक करें आवेदन

**सोनभद्र।** सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तीकरण परियोजना के लाभ से जनपद के मत्स्य पालक परिवार की महिलाओं को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल 15 फरवरी से खुल गया है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 28 फरवरी है। योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रकिया के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।

# जीजीआईसी की छात्राओं ने जीता 15 गोल्ड मेडल, हर्ष




मेडल लिये छात्राओं के साथ अतिथिगण

**दुद्धी।** माध्यमिक शिक्षा अभियान लखनऊ के तत्वाधान में जिले में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का राजकीय बालिका इण्टर कालेज का समापन किया गया। प्रधानाचार्या डा. रीतिका श्रीवास्तव और नोडल शिक्षक डा. प्रीति शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के बारे में बताया गया। आत्मरक्षा के लिए ताईक्वांडो एनआईएस कोच रवि सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। प्रशिक्षणार्थियों को आत्मरक्षा के साथ बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, किशोरावस्था में कौशल विकास, साइबर काइम के बारे में भी जानकारी दी गई।

इसके अलावा मार्शल आर्ट, पंचेस ब्लॉकिंग, हैंड मूवमेंट, किक गले का छुड़ाना, हाथ का छुड़ाना, बाल का छुड़ाना, कन्धे का छुड़ाना के दांव-पेंच बताये गये। कालेज की 1450 बालिकाओं ने प्रशिक्षण लिया, जिसमें 15 छात्राओं को प्रभारी प्रधानाचार्या शोभा यादव द्वारा मेडल पहनाया गया। इस मौके पर रिया गुप्ता, शमा खान, पिंकी कुमारी, पूजा गुप्ता, अन्नू यादव, आशू कुमारी, सपना कुमारी, सुमन कुमारी, सोनी सिंह, जोया खान, शाहिन, कुसुम सिंह, वर्षा, अर्चना, गीता, मनीष कुमार, रतना तिवारी, मंजूलता, जितेंद्र तिवारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### नकल कर रहा छात्र रिस्टीकेट

**दुद्धी।** स्थानीय बीआरडी पीजी कालेज में मंगलवार को बीएड की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में नकल कर रहे छात्र को पकड़कर रिस्टीकेट कर दिया गया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक से चार बजे तक के प्रथम चरण के बीएड प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थी को श्योर सीरीज के साथ पकड़ा गया। जिसके बाद तत्काल छात्र को रिस्टीकेट कर दिया गया।

## तुर्तीपार में सरयू नदी पर बनेगा टू-लेन का पुल

**बलिया।** बलिया-देवरिया को जोड़ने के लिए तुर्तीपार सरयू नदी पर टू-लेन का पुल बनेगा। इससे नेपाल तक पहुंच आसान होगी। पुराना पुल जर्जर होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन पूर्णरूप से प्रतिबंधित है। पुल बनने के बाद बलिया-देवरिया समेत इससे जुड़े इलाके की यात्रा सुगम हो जायेगी। पुल की लंबाई 1185 मीटर है। एप्रोच मार्ग और पुल के निर्माण पर लगभग 600 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

तुर्तीपार सरयू नदी पर बनने वाला पुल सिर्फ बलिया, देवरिया, गोरखपुर जिले को ही नहीं, बल्कि नेपाल जाने की राह भी आसान करेगा। हर साल पुल की मरम्मत में खर्च होने वाले करोड़ों रुपये की धनराशि को देखते हुए एनएचएआई ने यहां नया पुल बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। शासन ने मंजूरी मिलने के बाद पुल की डीपीआर तैयार की जा रही है। अगले माह से पुल का निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी चल रही है। पुल निर्माण के साथ ही नवलपुर से सिकंदरपुर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू हो जायेगा। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर कुमार कौशल ने बताया कि तुर्तीपार में सरयू नदी पर 31 पीलरों की सहायता से टू-लेन पुल के अलावा फोर लेन की सड़क के लिए योजना है। 600 करोड़ लागत आयेगी।

# मार्ट का उद्घाटन, किसानों के उत्पाद का मिलेगा उचित मूल्य

**जनसंदेश न्यूज**



फीता काटकर मार्ट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**सोनभद्र।** प्रदेश का पहला तेजस्वी किसान मार्ट का मंगलवार को इमलीपुर में उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी हरे शंकर मिश्रा ने फीता काटकर किसान मार्ट का शुभारंभ किया। इस स्टोर का मुख्य उद्देश्य किसानों के द्वारा उत्पादित सब्जियों को उचित मार्केट उपलब्ध कराना है। इस दौरान किसानों को रसायन मुक्त खेती करने हेतु जागरूक किया गया। शहद उत्पादन, मशरूम उत्पादन, पिपरमिंट की खेती हेतु जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

इं. प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि जनपद के किसान उत्पादक कंपनियों, एफपीओ को इस मुहिम में आगे बढ़कर साथ आने का आवाहन किया। जनपद के औद्योगिक क्षेत्र में जल्द ही आगामी स्टोर प्रारंभ करने की बात कही गई। सुरेंद्र ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के उत्पाद को उचित मूल्य दिलाने हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस दौरान गोपाल सिंह, संतोष कुमार, संजय सिंह, संतोष कुमार मौर्य, प्रदीप पांडेय, बालेंद्र सिंह पटेल ने तेजस्वी संगठन के फार्म हाउस का विजिट किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने फार्म हाउस में उपलब्ध सेव, नारियल, कटहल का निरीक्षण किया। इस मौके पर विशेष पांडेय, प्रभास द्विवेदी, सुरेश कुमार, अशोक सिंह, विनय पटेल, सौरभ कुमार, राकेश सिंह, गुड्डू सिंह, राकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## 50 परिषदीय स्कूलों के नोडल अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

**रामगढ़।** चतरा ब्लाक के 26 और रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के 24 विद्यालयों में स्पेस सोसायटी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट छ्लांग के दो दिवसीय प्रशिक्षण में विद्यालयों के नोडल अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षक संदीप कुमार, कृष्ण कुमार, रिंकू, अनुपम और बृजेश ने शिक्षकों को छलांग परियोजना के उद्देश्य, सेशन संचालन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी का स्पेस सोसाइटी के सचिव राजकुमार शर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय अखाड़ा मोहाल रॉबर्ट्सगंज में चल रहे प्रशिक्षण में नोडल अध्यापकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सर्वांगीण विकास हेतु स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन मस्तिष्क होता है। आकांक्षी ज़िलों में शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने के लिए दानी फाउंडेशन, पिरामल व स्पेस सोसायटी द्वारा कार्य किया जा रहा है। संस्था सचिव राजकुमार शर्मा ने छलांग परियोजना पर जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना द्वारा कल्चर विकसित किया गया है, वह सभी विद्यालयों में नियमित निरन्तर जारी रहे।

# राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**ओबरा।** नगर स्थित मां शीतला धाम मन्दिर में मंगलवार को भगवान लक्ष्मी नारायण व मर्यादा पुरुषोत्तम राम चंद्र सपरिवार की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व चोपन रोड से सुभाष तिराहे होते हुए अंबेडकर चौराहे से सिनेमा रोड से चलते हुए चूड़ी गली होकर मां शीतला मन्दिर तक भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकालकर राम के नारे लगाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। साथ ही चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत 20 फरवरी को मूर्ति स्नान, श्रृंगार के साथ भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंगला आरती आयोजित है। 21 को मन्दिर प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन मां शीतला धाम सेवा समिति द्वारा किया गया है। इस मौके पर चुन्नीलाल बाजपेयी, फौजदार सिंह, गणेश प्रसाद अग्रहरि, विवेकानंद गुप्ता, रिंकू सिंह, सोहन लाल अग्रहरि, अरुण अग्रहरि, पंकज सिंह, आनंद जायसवाल, अरविंद अग्रहरि, अनिल केशरी, राकेश अग्रहरि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सेमरा घाट पर किया गया पवन सिंह का अंतिम संस्कार

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के वैना निवासी लोहिया युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह बंटी का अंतिम संस्कार क्षेत्र के सेमरा घाट पर सोमवार की देर शाम किया गया। बता दें कि पवन सिंह की रविवार को बाइक से रसड़ा जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार रविवार को वैना निवासी लोहिया युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह बंटी अपने बहनोई को बाइक देने के लिए बाइक से रसड़ा जा रहे थे। फेफना-रसड़ा मार्ग पर अमहर चट्टी के समीप ट्रेलर के चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार को लेखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका शव सोमवार की देर शाम उनके पैतृक गांव वैना में पहुंचा तो दरवाजे पर लोगों की भीड़ इकठ्ठी हो गई। वही, परिजन शव से लिपटकर रोने लगे। इससे पूरा माहौल गमगीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार क्षेत्र के सेमरा घाट पर किया गया। मुखाग्नि भाई अभिषेक सिंह ने दी।

# एम्बुलेंस के अंदर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप बरामद






सदर कोतवाली में भारी मात्रा में बरामद अंग्रेजी शराब

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने मंगलवार को कोतवाल के समीप नेशनल हाइवे पर मुखबिर की सूचना पर एक एम्बुलेंस से भारी मात्रा में शराब बरामद किया। इसके अलावा तीन कूटरचित नम्बर प्लेट भी मिला पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी के निर्देश पर शराब तस्करी व गौ तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस आस पास के क्षेत्रों में साथ ही नेशनल हाईवे पर प्रतिदिन चेकिंग अभियान चला रही है। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हरियाणा से एक एम्बुलेंस में भारी मात्रा में शराब बिहार की तरफ जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्काल नेशनल हाईवे पर घेरे बंदी कर एम्बुलेंस को व एक तस्कर को धर दबोचा पड़ताल के दौरान एम्बुलेंस खाली मिली जिसके बाद बारीकी से पड़ताल की गई। तो पुलिस के होश फाख्ता हो गए। एम्बुलेंस में अटेंडेंट के पास से अलग केबिन बनाकर अंग्रेजी शराब की खेप रखी मिली जिसके पकड़कर थाने लाया गया। एम्बुलेंस से अंग्रेजी शराब की 56 पेटी बरामद हुई. इसके अलावा 3 कूटरचित नम्बर प्लेट भी मिला इस बाबत सीओ सदर राजेश राय ने बताया कि चेकिंग के दौरान नेशनल हाईवे से शराब तस्करी में प्रयुक्त एक एम्बुलेंस से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है. जो कि बिहार ले जाई जा रही थी. फिलहाल पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# चक्रधरपुर से एक प्लाटून पहुंची आरपीएफ की स्पेशल फोर्स

**मुस्तैद**

**दिल्ली हादसे के बाद रेलवे प्रशासन एलर्ट**

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद डीडीयू रेलवे स्टेशन के सुरक्षा के लिए आरपीएफ की ब्लैक कमांडो की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जाएगी। मंगलवार की शाम चक्रधरपुर से एक प्लाटून आरपीएफ की स्पेशल फोर्स पहुंच गई जिसमें 85 जवान है। ब्लैक कमांडो टीम स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में आरपीएफ के साथ ड्यूटी करेगी।

स्पेशल फोर्स की तैनाती दस दिनों के लिए की गई है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात हुए हादसे में कई यात्रियों की मौत की घटना के बाद रेलवे प्रशासन लगातार सक्रियता बरत रहा है। वर्तमान में स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रोजाना एक से डेढ़ लाख की भीड़ जुट रही है। यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही कोतवाली पुलिस, होमगार्ड, पीएसी लगाई गई है। यही नहीं आरपीएफ के हाजीपुर जोन से निरीक्षक और एसआई को स्टेशन पर तैनात किया गया है। बावजूद इसके कई बार भीड़ बेकाबू होने लग रही है। इसको देखते हुए वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज ने रेलवे बोर्ड को पत्र भेजकर तत्काल और फोर्स की मांग की थी। इस पर रेलवे बोर्ड के निर्देश पर आरपीएफ के डीजी ने इसे त्वरित संज्ञान लिया। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में तैनात आरपीएसएफ के कोरस बटालियन को डीडीयू स्टेशन के लिए रवाना हुई जो यहां आकर अपने मौजूदगी की रिपोर्ट आरपीएफ के वरीय सुरक्षा आयुक्त को करेंगी। बुधवार से बटालियन स्टेशन के सुरक्षा के लिए उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी।इस संबंध में वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज ने बताया कि स्टेशन पर एक बटालियन ब्लैक कमांडो कोरस के पहुंचने से स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण में आसानी होगी। यह टीम दस दिनों तक स्टेशन पर रहेगी।



स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त ब्लैक कमांडो पहुंचे डीडीयू

## संक्षेप

### ग्राम प्रधान पद के लिए 1936 मतदाता करेंगे मतदान



**नौगढ़।** ग्राम पंचायत विशेषरपुर के रिक्त ग्राम प्रधान पद का चुनाव बुधवार को होगा। जिसके लिए मंगलवार को सायंकाल पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गयी। खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी चंदौली के निर्देश पर ग्राम पंचायत विशेषरपुर के ग्राम प्रधान का रिक्त पद पर चुनाव कराए जाने के लिए पोलिंग पार्टियां बूथों पर भेजी गई हैं। मतदान प्रातः 07 बजे से 05 तक होगा। ग्राम पंचायत विशेषरपुर में कुल 1936 मतदाता बूथ संख्या 49.50.51 व 52 पर मतदान करेंगे। मतगणना 21 फरवरी को ब्लाक मुख्यालय पर किया जाएगा। एडीओ पंचायत मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत विशेषरपुर के रिक्त ग्राम प्रधान पद के लिए 03 उम्मीदवार रोमा, कमलावती व किरन सिंह प्रत्याशी हैं। ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान चंपा देवी का बीमारी से 06 माह पूर्व निधन हो जाने से पद रिक्त हो गया था। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने पोलिंग बूथों पर जाकर के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### लिफ्ट खराब होने से फंसे यात्री

**डीडीयू नगर।** डीडीयू रेलवे स्टेशन पर लगाया गया स्वचालित सीढ़ी और लिफ्ट यात्रियों की भीड़ बढ़ते ही जवाब देने लगे हैं। आए दिन इसके खराब होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को फुटओवर ब्रिज से उतरने के लिए लगा स्वचालित सीढ़ी बंद रहा है। वहीं मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे प्लेटफार्म संख्या दो पर स्थित लिफ्ट श्रद्धालुओं के सवार होते ही खराब हो गया। इस दौरान श्रद्धालु दरवाजा पीटने लगे। वही इसकी जानकारी होने पर लगभग 20 मिनट बाद पहुंचे विभागीय कर्मी दरवाजा खोलकर यात्रियों को निकाले। इसके बाद श्रद्धालु राहत की सांस ली।

### एक दिवसीय जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

**चंदौली।** जिला ग्रामोद्योग विभाग की ओर से बुधवार को शहाबगंज विकास खंड के हरिपुर गांव में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद ने बताया कि शिविर में विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। शिविर में बेरोजगार नवयुवक/नवयुवतियां जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो व कक्षा आठ या उससे अधिक उत्तीर्ण हो जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पशुओं की जांच के लिए लगेगा निःशुल्क शिविर

**चंदौली।** सदर विकास खंड के जगदीशपुर गांव में बुधवार को पशुओं की निशुल्क जांच को शिविर लगाया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा योगेश कुशवाहा ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान दुवासु मथुरा की ओर से पशुधन जागृति अभियान के तहत पशु प्रजनन उर्वरता शिविर व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके तहत जगदीशपुर गांव में पशुओं के स्वास्थ्य व बांझपन की निशुल्क जांच, पशुओं के लिए दवा वितरण किया जाएगा। पशुपालकों पंजीकरण के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। शिविर में पशु प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 1001 रुपये, द्वितीय 501 व तृतीय पुरस्कार 251 रुपये दिया जाएगा। शिविर में पशुपालक अपने पशुओं से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मारूफपुर बिजली उपकेंद्र से जुड़े फीडर आज रहेंगे बन्द

**चहनियां।** क्षेत्र के मारूफपुर बिजलीं उपकेंद्र से जुड़ी जमालपुर, टाण्डाकला और नादी के सभी फीडर बुधवार को बन्द रहेगा। यह जानकारी देते हुए बिजली विभाग के जे ई आशुतोष सिन्हा ने बताया कि बुधवार को उपकेंद्र पर हमेशा ओवरलोड की परेशानी रहती थी। यहां इसकी क्षमता पांच एमबीए से दस एमबीए की क्षमता होने जा रही है। इसे लेकर बुधवार को ट्रांसफार्मर बदला जायेगा। जो पूरे दिन सप्लाई बंद रहेगी।

### अवैध रूप से संचालित अस्पताल को चिकित्सा अधिकारी ने किया सीज



**नियामताबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रविकांत सिंह के नेतृत्व में पांडेपुर स्थित श्री मेघा बाबा हॉस्पिटल में छापेमारी की गई। कुछ दिनों पहले प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो जाने से ग्रामीणों ने अस्पताल संचालक पर गंभीर आरोप लगाया था। महिला के पिता ने चिकित्सक पर आरोप लगाया था कि दर्द का इंजेक्शन देकर उसे गंभीर हालत में छोड़ दिया गया था। बार-बार कहने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे उसकी मौत हो गई थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रविकांत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान कोई चिकित्सक नहीं मिला सिर्फ एक स्टाफ के सहारे अस्पताल चल रहा था मामले को गंभीरता लेते हुए अस्पताल को सील कर दिया गया है और आगे भी अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सीपी सिंह, डॉक्टर महिमा नाथ सम्मिलित रही।

# सिल्वर बेल्स स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**चकिया।** नगर के वार्ड नंबर 9 में स्थित सिल्वर बेल्स स्कूल में मंगलवार की दोपहर स्प्रिंग कार्निवाल का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक सोच रचनात्मक और नवीन प्रयोगों के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी लगाने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी राकेश कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि विज्ञान नवीन और रचनात्मक विचारों से संबंधित और छात्रों को दैनिक जीवन में अपने विज्ञान के ज्ञान को लागू करने में मदद करती है। इस तरह का आयोजन करने से छात्रों को विज्ञान की अवधारणाओं का उपयोग करके विभिन्न वैज्ञानिक सामग्रियों को वस्तु की खोज करने के लिए प्रेरित किया जाता है। चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने से विज्ञान एवं कला के प्रति रुचि जागृत होती है साथ ही उनमें आत्मविश्वास व निर्भरता की भावना भी विकसित होती है। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रमुख आकर्षणों में सोलर एनर्जी मॉडल, रोबोटिक्स प्रोजेक्ट, भूकंप चेतावनी प्रणाली, जल संरक्षण तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित माडल रहे। वहीं स्प्रिंग कार्निवाल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं के माता-पिता ने भी जमकर प्रतिभाग किया और आकर्षक इनाम भी जीते। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए और सभी को विज्ञान की उपयोगिता और नवीन प्रयोगों की ओर प्रेरित किया। इस दौरान सुषमा जायसवाल, प्रभात जायसवाल, अनुपमा अग्रवाल अरविंद पाल साधना श्रीवास्तव, सुनील द्विवेदी सहित विद्यालय प्रबंधन टीम मौजूद रही।




विज्ञान प्रदर्शनी देखते डीआईजी, चेयरमैन सहित अन्य

### डेढ़ लाख से अधिक यात्रियों को किया गया रवाना

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज महाकुंभ समाप्त होने में दस दिन से भी कम का समय बचा है। बावजूद स्नान करने जाने वालों की संख्या कम नहीं हो रही है। रेलवे की ओर से लगातार स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। मंगलवार को भी डीडीयू से होकर सौ स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। बावजूद स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हुई। मंगलवार को भी स्टेशन पर डेढ़ लाख से अधिक स्नानार्थी रहे। सोमवार की रात और मंगलवार की शाम छह बजे तक यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से लगातार स्पेशल ट्रेनें चलाई है। रेलवे सूत्रों की मानें तो मंगलवार की शाम तक प्रयागराज से डीडीयू स्टेशन तक 32 ट्रेनें आई। जबकि डीडीयू से 23 ट्रेनें प्रयागराज की भेजी गई। इसमें नौ ट्रेन गया से प्रयागराज तक गई। इसी तरह डीडीयू स्टेशन से गया के लिए 13, पटना के लिए 16, बनारस के लिए दो स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन, आरपीएफ के वरीय कमांडेंट जेथिन बी राज,स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह,आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप रावत, सीएसजी एनके मिश्र,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अभिषेक यादव,अक्षय के साथ स्काउट गाइड की टीम लगी रही।

# बीएड की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 21 रिस्टीकेट

**बीएड परीक्षा**

**सकलडीहा पीजी कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर एवं बीएड का बनाया गया है परीक्षा केन्द्र**

**सकलडीहा।** महात्मा गांधी काशी विश्वविद्यालय विद्यापीठ की ओर से स्नातक और स्नातकोत्तर एवं बीएड की परीक्षा शुरू कराया गया है। सकलडीहा पीजी कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर एवं बीएड का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। मंगलवार को बीएड प्रथम समेस्टर की परीक्षा में विभिन्न महाविद्यालयों के कुल 21 नकलची को आंतरिक उड़ाकादल की टीम ने पकड़ा। टीम की रिपोर्ट पर प्राचार्य ने सभी को रिस्टीकेट कर दिया।

प्राचार्य और कॉलेज प्रशासन की इस कार्रवाई से परीक्षार्थियों में खलबली मची हुई है। सकलडीहा पीजी कॉलेज में बी एड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में जमुना देवी महाविद्यालय बलुआ और जमुना देवी महिला महाविद्यालय बढ़वलडीह, स्वामी स्वामी शरण महाविद्यालय कमालपुर और सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल थे। महाविद्यालय के आंतरिक उड़ाकादल की टीम की गहन जांच में कुल 21 नकलची को नकल करते हुए पकड़ा गया। जिसमें यमुना देवी महाविद्यालय के 19 परीक्षार्थी और स्वामी शरण महाविद्यालय कमालपुर के 2 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। टीम की रिपोर्ट पर प्राचार्य ने सभी को रिस्टीकेट कर दिया।

प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी कीमत पर परीक्षा की सुचिता एवं पवित्रता भंग नहीं होने दी जाएगी। महाविद्यालय अपने गरिमा के अनुरूप एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप और विश्वविद्यालय परीक्षा नियमावली के अनुसार ही परीक्षा कराने के लिए कटिबद्ध है।

# नियमित संतुलित पोषक आहार माइग्रेन की समस्या से दिलाएगा निजात



**सकलडीहा।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन की ओर से मंगलवार को योग एवं स्वस्थ जीवन शैली पर स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन कस्बा स्थित कैंप कार्यालय पर किया गया। इस दौरान लोगों को तनावपूर्ण जीवन से निजात दिलाने के लिए विस्तार से कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ अरुण स्वामी ने कहा कि प्रतिदिन के तनाव जिंदगी को खतरनाक स्थिति में ले जाने वाली एक गंभीर बीमारी है। भाग दौड़ भरी जीवन शैली में सबसे बड़ी समस्या मानसिक तनाव है ।

तनाव के कारण जीवन शैली में मानसिक विमारी बढ़ती जा रही हैं। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बताया कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। मोबाइल देखने की लत और सोशल मिडिया पर एक्टविटी तनाव के प्रमुख कारण है। तनाव से अत्यधिक सर दर्द ,माइग्रेन, उच्च रक्तचाप ,निम्न रक्तचाप ,दिल से जुड़ी समस्यायें होती है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का प्रमुख कारण मानसिक तनाव ही है । नियमित संतुलित पोषक आहार व योग प्राणायाम प्रसन्नचित मन व संगीत के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सौरभ, अजय भारती रोहित कुमार मनीष, किशन जी, प्रदीप, सोनू ,अजीत कुमार आदि रहे।

## चोरी की दो बाइक बरामद,पुलिस के हत्थे चढ़े चोर

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर कि सूचना पर दो बाइक चोरों की सुभाषनगर गुरु?द्वारा के पीछे से गिरफ्तार किया। जिनके पास से चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई की।

मुगलसराय कोतवाली पुलिस को सूचना मिला कि मोटरसाइकिल चोरी कर उनके नम्बर में बदलाव करके ग्राहकों को बेचने वाले 02 शातिर सुभाष नगर गुरुद्वारा के पीछे मौजूद हैं।इस सूचना पर पुलिस ने पुलिस ने सुभाष नगर गुरुद्वारा के पीछे घेराबंदी किया गया। जहां पर 02 व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ दिखाई दिये। पुलिस टीम को सामने देखकर दोनों व्यक्ति भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। इस दौरान दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। जो काफी खोजबीन से पकड़ में नही आया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संदीप गुप्ता उर्फ बहादुर पुत्र कुन्जू गुप्ता निवासी कैलाशपुरी कोतवाली क्षेत्र का निवासी बताया गया।

# भारतीय शिक्षा पद्धति तनाव मुक्त और बुद्धि के विकास योग्यः डॉ. धनंजय

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर मंगलवार को डायट प्राचार्य विकायल भारती की अध्यक्षता में शिक्षा में नवाचारी प्रयोग पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारतीय मूल के अमेरिकी अर्थशास्त्री, योगाचार्य एवं साहित्यकार डॉ० धनंजय राय ने भारतीय शिक्षा पद्धति पर विस्तार से चर्चा किया।

इस मौके पर डायट प्रशासन की ओर से अमेरिकी अर्थशास्त्री का समय देने के लिये आभार प्रकट करते हुए स्वागत किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डा. धनंजय राय अमेरिकी अर्थशास्त्री ने कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति बुद्धि के विकास, तनाव मुक्त एवं चिंतन पूर्ण शिक्षा है। नई शिक्षा नीति में नवाचारी शिक्षा के साथ ही अर्थव्यवस्था एवं उद्यम पर आधारित विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने जीवन के व्यावहारिक अनुभवों को प्रतिभागियों के सम्मुख साझा किया । हार्वर्ड विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं विश्व बैंक से सेवानिवृत्त डॉ धनंजय राय कैली चंदौली के निवासी हैं। इनकी नवाचारी शिक्षा एवं योग पर कई पुस्तके प्रकाशित हैं । सोशल मीडिया एवं विभिन्न प्लेटफार्म पर कई शिक्षाप्रद सामग्री उपलब्ध है। कार्यशाला के नोडल डॉ बैजनाथ पांडेय ने मुख्य अतिथि के द्वारा विभिन्न प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन हेतु मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गयी। अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यशाला का समापन हुआ। इस दौरान डायट प्रवक्ता डॉ रोशन कुमार सिंह, लिली श्रीवास्तव, डॉ जितेन्द्र सिंह, डॉ अजहर सईद, डॉ मंजु कुमारी, जयंत कुमार यादव, देवेन्द्र उपाध्याय, प्रधानाध्यापक संजय सिंह, हिमांशु पाण्डेय, चन्द्रधर दीक्षित, शिक्षक प्रशांत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




अमेरिकी अर्थशास्त्री डा.धनजंय राय का स्वागत करते हुए डायट प्रशासन के प्रवक्ता और नोडल

# गर्मी के दिनों में उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

**मिलेगी राहत**

**सकलडीहा में जगह जगह ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि और अलग से लगाये जायेगे ट्रांसफॉर्मर**

**सकलडीहा।** इस बार गर्मी में सकलडीहा कस्बा सहित आसपास गांव के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिये विभाग की ओर से तैयार तेज कर दिया गया है। मंगलवार को एक्सईन विपिन कुमार के निर्देश पर एसडीओ सतीश कुमार और जेई मनीष कुमार टीम के साथ सकलडीहा कस्बा में सर्वे कर नये ट्रांसफार्मर लगाने का स्थल का सर्वे किया। इसके साथ ही जगह जगह ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि करने की बात कही। सकलडीहा, नागेपुर, टिमिलपुर, तेन्दुई, ईटवा, सिरोहुपुर और दुगार्पुर सहित आसपास गांव के बिजली उपभोक्ताओं को इस बार गर्मी में बिजली की ओवरलोडिंग और ब्रेक डाउन की समस्या से निजात दिलाने की कवायद तेज कर दिया गया है। इस क्रम में सकलडीहा सधन तिराहे पर सौ केवीए का एक ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। इसके साथ ही टिमिलपुर रंगवर्षा मार्ग पर 250 का ट्रांसफार्मर अतिरिक्त लगाया जायेगा। इसके अलावा कोतवाली के पास लगी ट्रांसफार्मर की क्षमता 400 केवीए किया जायेगा। इसके अलावा तेन्दुई में भी अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये जाने के लिए सर्वे किया गया। एसडीओ सतीश कुमार ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली गर्मी में मिले इसके लिये विभाग की ओर से सर्वे किया जा रहा है। जगह जगह डबल पोल और चबुतरा का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर अवर अभियंता मनीष कुमार, ठेकेदार गुड्डू सिंह, अजय कुमार, नितिन, प्रवीण, पंकज सहित अन्य मौजूद रहे।



सकलडीहा में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर सर्वे करते हुए एसडीओ सतीश कुमार और जेई मनीष

### किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**डीडीयू नगर।** न्यू प्रीपवेल क्लासेस के तत्वावधान में मंगलवार को शिक्षाविद रहे स्मृतिशेष विश्वनाथ कुंवर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर का आयोजन पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला रक्तकोष की टीम की देखरेख में किया गया। शिविर में 30 लोगों ने पंजीकरण करवाया। जिसमें 15 लोगों ने रक्तदान किया। वही विश्वनाथ कुंवर के पौत्र प्रभाकर सिंह ने 29 वीं बार रक्तदान करके महादानी बने। कार्यक्रम की शुरूआत एसपी ने दीप प्रज्वलित करके और फीता काटकर किया। रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए एसपी आदित्य ने कहा कि रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। विश्वनाथ कुंवर के पौत्र और शिक्षक प्रभाकर सिंह ने कहां कि बाबा की हर पुण्यतिथि पर सेवा का संकल्प के साथ निरंतर यह शिविर हर वर्ष आयोजित होती रहेगी। कोचिंग के निदेशक सुरेश यादव ने स्मृति चिन्ह भेंट कर पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। इस मौके पर प्रभाकर सिंह ने 29वीं बार, आयुष सिंह और प्रियंका सिन्हा ने पहली बार, सिद्धार्थ यादव 10वीं बार, हरेंद्र सिंह 8वी बार समेत अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रदीप जायसवाल,लाल बहादुर, कमलेश कुमार,विपिन त्रिपाठी, प्रज्वल कुमार, दिलीप यादव, एडवोकेट डिंपल सिंह, सुनील यादव आदि लोग रहे है।

# बंदरों के आतंक से सहमे दर्जनों गांव के ग्रामीण



**नियामताबाद।** क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में लगभग दो महीने से बंदरों के आतंक से ग्रामीण पूरी तरह सहमे हुए हैं। इसकी शिकायत भी वन विभाग से किया। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ताराजीवनपुर चौराहे,कोरी, चंदौली खुर्द, धमिना, सदलपुरा, ककरही खुर्द, संघति सहित अन्य गांवों में पिछले दो महीने से लगभग 6 दर्जन बंदर डेरा डाल रखे हैं। आए दिन गांव में उत्पात मचा रहे हैं। अब तक लगभग दो दर्जन लोगों को काट कर चोटिल भी कर चुके हैं। स्थानीय चौराहे स्थित संचालित दुकानों पर बंदर खूब उत्पात मचा रहे हैं ।इसकी शिकायत भी कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई। लेकिन इस पर कोई पहल नहीं की गई। लेकिन इस पर कोई ठोस पहल नहीं किया गया। जिसको लेकर बंदरों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शहर से बंदरों को पड़कर पिछले महीना ककरही गांव के समीप रिंग रोड पर रात के समय छोड़ दिया गया। अब यह बंदर गांव में आकर उत्पात मचाए हुए हैं। यहां तक की दुकानदारों के साथ-साथ गांव में घरों के छतों पर झुंड के झुंड पहुंच जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों का छतो पर जाना दुश्वार कर दिया है। छतो के रास्ते घरों में भी पहुंच कर खूब उत्पाद मचा रहे हैं।

# स्पोर्ट्स




दोहा में स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज राउंड 32 मैच में खेलते हुए।

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज आज से, आठ टीमें ले रहीं हिस्सा

## पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा

**कराची।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला मैच बुधवार को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ शुरूआत करने उतरेंगी। न्यूजीलैंड ने हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाक को हराया था , ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। वहीं पाक को मेजबान होने के कारण घरलू हालातों का लाभ मिलेगा। शुरूआत मैच होने के कारण दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें इसपर रहेंगी। कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रहती है, ऐसे में इस मैच में बड़े स्कोर बनने की पूरी उम्मीद है। इस मैदान पर खेले गए 78 एकदिवसीय मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 36 बार जीती है जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम 39 बार जीती है। दूसरी पारी में इस विकेट पर स्पिनर्स को कुछ सहायता मिली सकती है।

कराची में दिन के कुछ समय के लिए बादल छाए रहने के साथ धूप रहने का अनुमान है लेकिन मौसम खेल के लिए अनुकूल रहेगा। वहीं 2017 के बाद हो रहे इस टूनामेंट की मेजबानी पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कर रहा है। ऐसे में भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। भारत ने सुरक्षा कारणों से टूनामेंट के लिए पाक जाने से इंकार कर दिया था। इसमें विश्व की आठ टीम भाग ले रही हैं। सभी 4-4 टीमों को दो समूहों



में बंटा गया है और सभी को आपस में तीन-तीन लीग मैच खेलने होंगे। टूनार्मेंट का पहला मुकाबला गत विजेता पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। वहीं भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से खेलेगी। टूनार्मेंट में भारत और पाक का मुकाबला भी 23 फरवरी को दुबई में ही होगा।

**ग्रुप ए**

**पाकिस्तान :** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), बाबर आजम, फखर जमान, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, सलमान अली आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

**न्यूजीलैंड :** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग।

**बांग्लादेशः** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), सौम्य सरकार, तन्जीद हसन, तौहीद हृदोय, मुशिफकुर रहीम, मोहम्मद महमुदुल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तन्जीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**ग्रुप बी**

**दक्षिण अफ्रीका :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

### न्यूजीलैंड के फर्ग्यूसन चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए , जैमीसन शामिल



**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट शुरु होने से एक दिन पहले ही न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा है। उसके एक प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट से बहार हो गये है। न्यूजीलैंड को इस टूनार्मेंट में अपना पहला मुकाबला बुधवार को मेजबान पाकिस्तान से खेलना है। फर्ग्यूसन की जगह अब तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को कीवी टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में गेंदबाजी के दौरान फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ जिसकी जांच में पता चला कि वह टूनार्मेंट ही नहीं खेल पायेंगे। बोर्ड के अनुसार फर्ग्यूसन को रिहैब शुरू करने के लिए घर भेजा जाएगा। वहीं जैमीसन टीम में उनकी जगह लेंगे पर वह पाकिस्तान के खिलाफ 19 फरवरी को होने वाले मैच में नहीं खेलेंगे। जैमीसन ने गत वर्ष दिसंबर में सुपर स्मैश में कैंटरबरी किंग्स की ओर से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह अपनी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के रिहैब के लिए 10 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। फर्ग्यूसन से पहले बेन सियर्स भी भी हाल ही में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई ट्राई सीरीज के दौरान चोटिल होकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह जैकब डफी को शामिल किया गया है।

### मंधाना के अर्धशतक से आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यपीएल) क्रिकेट के अपने दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 141 रन बनाये। इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 142 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने दो विकट के नुकसान पर ही 17 ओवरों के अंदर ही हासिल कर लिया। आरसीबी की ओर से मंधाना ने सबसे ज्यादा 81 रन रन बनाये जबकि डेनिएल वायट ने 42 ऋचा घोष ने नाबाद 11 और एलिस पेरी ने नाबाद 7 रन बनाये। इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी की गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी ने कैपिटल्स को 141 रन पर ही आउट कर दिया। रेणुका और जॉर्जिया के अलावा किम गार्थ और एकता बिष्ट दो-दो विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे अधिक 34 रन बनाए। इसके अलावा केवल सारा ब्राइस 23 ही 20 रन तक पहुंच पायी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दूसरी ही गेंद पर शेफाली वर्मा एक भी रन बनाये बिना पेवेलियन लौट गयीं।

## भारतीय क्रिकेटरों ने दूसरे अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया

**दुबई।** भारतीय टीम आजकल यहां चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए अभ्यास में जुटी है। इसी के तहत ही दूसरे अभ्यास सत्र में कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित सभी भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया।

भारतीय टीम का पहला मैच बांग्लादेश से गुरुवार को है। इसमें विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर केएल राहुल को अवसर मिलने की संभावना है। इसी को देखते हुए राहुल टीम के नेट सत्र में बड़े शॉट लगाने का अभ्यास किया। पहले मैच में ऋषभ पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अवसर मिलने की संभावना कम है। इसी को देखते हुए राहुल पावर हिटिंग करते दिखे। इस टूनार्मेंट में राहुल की भूमिका अंतिम ओवरों में अहम होगी जहां उन्हें तेज से रन बटोरने होंगे। इसी को देखते हुए उन्हें ह्यरेंज हिटिंग का अभ्यास करते हुए देखा जा सकता था। राहुल के अलावा मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी आक्रामक बल्लेबाजी करते दिखे। वहीं बल्लेबाज शुभमन गिल भी अभ्यास के दौरान अच्छे फार्म में नजर आये और उन्होंने कई अच्छे शॉट लगाये। रोहित ने भी लेट कट सहित अपने सभी पसंदीदा स्ट्रोक खेले। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट ने भी काफी अभ्यास किया। वहीं इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान हार्दिक पंड्या के शॉट के कारण ऋषभ के घुटने में गेंद लग गयी थी पर अब वह ठीक हैं। इसी कारण उन्होंने विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण का अभ्यास नहीं किया और केवल बल्लेबाजी करते दिखे।

### कल होगी भारत-बांग्लादेश की दुबई में भिड़ंत

**मुम्बई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत गुरुवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय



स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी हर क्षेत्र में बांग्लादेश से कहीं आगे है पर उसे इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भारतीय टीम के बल्लेबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। टीम के कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली तक फार्म में आ गये हैं। भारतीय टीम को इसके बाद भी बांग्लादेश के दो अनुभवी खिलाड़ी मुशफीकुर रहीम और महमूद उल्लाह से सतर्क रहना होगा। 2017 के सेमीफाइनल में बांग्लादेश की टीम की ओर से इन दोनो ने अहम भूमिका निभाई थी। तब भारत के खिलाफ मुश्फीकुर ने 61 रन बनाये थे। अब एक बार फिर मुशफीकुर रहीम और महमूद उल्लाह बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। दोनों हीं बल्लेबाज बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल है. मुशफिकुर रहीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश के लिए 15194 रन बनाए हैं जो सबसे ज्यादा हैं। 272 एकदिवसी में उन्होंने 36.75 की औसत से 7793 रन बनाए हैं।

## पिता के निधन के कारण दक्षिण अफ्रीका लौटे भारतीय क्रिकेट टीम के कोच मॉर्कल



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच कोच मोर्ने मॉर्कल पिता के निधन के कारण दक्षिण अफ्रीका लौट गये हैं। इस प्रकार चैम्पियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले ही भारतीय टीम को एक झटका लग गया है।

भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। पिछले साल सितंबर में गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद ही मॉर्कल को गेंदबाजी कोच बनाया गया था। उनके आने के बाद भारतीय टीम की गेंदबाजी बेहतर हुई है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम में नहीं होने से कोच के तौर पर उनकी भूमिका और भी अहम हो गयी है। वह टीम के पहले अभ्यास सत्र में भी शामिल हुए थे।

भारतीय टीम जब अपने दूसरे अभ्यास सत्र में भाग ले रही थी तब तक वह स्वदेश वापस लौट गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार पिता के निधन की खबर मिलते ही वह अपने घर दक्षिण अफ्रीका रवाना हो गए, वह कब वापस आयेंगे कहा नहीं जा सकता। ऐसे में भारतीय टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी कोच रहेगा या नहीं ये अभी पता नहीं चला है।

## बॉलीवुड न्यूज

### खुशी दुबे का कामाख्या देवी में गहरा विश्वास

**मुंबई।** स्टार प्लस जो अपने मजेदार और इमोशनल शोज के लिए जाना जाता है, एक बार फिर "जादू तेरी नजर–डायन का मौसम" के साथ नया स्टैंडर्ड सेट कर रहा है। ये शो जादू, रहस्य और तकदीर की एक दिलचस्प कहानी है, जिसमें दो लीड



करेक्टर की ज़िंदगी एक–दूसरे से ऐसे जुड़ती है, जैसा कोई सोच भी नहीं सकता। जैन इबाद खान ने विहान का रोल किया है, जो कि एक दवांश है, और खुशी दुबे ने गौरी का किरदार निभाया है, जो रीवावंशी कबीले से है। गौरी अपनी रहस्यमयी शक्तियों से बुरी ताकतों से लड़ते हुए साहस और ताकत का उदाहरण बनती है। साथ में, विहान और गौरी एक ऐसी दुनिया में सभी को लेकर जाने वाले हैं, जो रहस्य और जादू से भरी हुई है। खुशी दुबे, जो स्टार प्लस के शो "जादू तेरी नजर–डायन का मौसम" में गौरी का शक्तिशाली किरदार निभा रही हैं, असल जिंदगी में देवी कामाख्या की अडिग भक्त हैं। खुशी का मानना है कि अपने इस मिस्टिकल शो की शुरूआत से पहले कामाख्या देवी के आशीर्वाद से उनका मार्गदर्शन मिलेगा। उनका इरादा है कि वह कामाख्या मंदिर जाएं और वहां देवी का आशीर्वाद लें। शो में उनका किरदार गौरी, जो दिव्य शक्ति और ताकत का प्रतीक है, वही शक्ति उन्हें देवी कामाख्या से पाने की उम्मीद है। जैसे ही खुशी दुबे "जादू तेरी नजर–डायन का मौसम" की रहस्यमयी दुनिया में कदम रखती हैं, उनके मन में एक अलग ही भाव उमड़ रहा है। उन्हें पूरी आस्था है कि देवी कामाख्या का आशीर्वाद उनके इस नए सफर को और भी खास बना देगा।

### मैनचेस्टर में होगा 'कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल' का प्रीमियर




**मुंबई ।** भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक दिलवाले दुल्हनिया ले जाएँगे (डीडीएलजे) पर आधारित नई म्यूजिकल कॉमेडी कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल में थिएटर के मशहूर कलाकार जेना पंड्या और एशली डे मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस म्यूजिकल शो में जेना पंड्या सिमरन और एशली डे रॉग (रॉजर) की भूमिका निभाएंगे। डीडीएलजे भारतीय सिनेमा की सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है, जो 1995 से मुंबई में लगातार सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। इसी ऐतिहासिक प्रेम कहानी पर आधारित कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल का निर्देशन आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। इस भव्य शो का यूके प्रीमियर 29 मई, 2025 को मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में होगा और इसका मंचन 21 जून, 2025 तक चलेगा। जेना पंड्या (भांगड़ा नेशन, मम्मा मिया) ने अपनी भूमिका पर उत्साह जाहिर करते हुए कहा, "कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल में सिमरन का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसी कहानी है, जो अनगिनत लोगों के दिलों से जुड़ी हुई है। मूल फिल्म भारत की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बन चुकी है और इस कहानी को मंच पर जीवंत करना मेरे लिए गर्व की बात है।

### सलमान खान स्टारर 'सिकंदर' का जबरदस्त पोस्टर रिलीज




**मुंबई।** फिल्म सिकंदर की घोषणा होते ही फैंस हर नए अपडेट का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि ये फिल्म एक्शन से भरी होने वाली है। साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रोड्यूस की हुई 'सिकंदर' सुपरस्टार सलमान खान और जाने–माने प्रोड्यूसर की साथ की जाने वाली एक और शानदार कोलैबोरेशन है। और इस बार, अपने जन्मदिन पर साजिद नाडियाडवाला ने फैंस को एक खास सरप्राइज दियासिकंदर का नया पोस्टर लॉन्च किया, जिससे फिल्म की रिलीज से पहले और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई है। प्रोडक्शन हाउस ने फैंस की दीवानगी को समझते हुए कहा, "हमारे सभी प्यारे फैंस, आपका धैर्य हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बर्थडे पर, सिकंदर को जो प्यार मिला है, उसके बाद हम आपके लिए एक छोटा सा तोहफा लाए हैं!

## बिहार में अगले माह होगा सेपक टाकरा विश्वकप

**पटना।** बिहार पहली बार ह्यसेपक टाकरा विश्वकप की मेजबानी करने जा रहा है। ये विश्वकप अगले माह 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 24 देशों की टीमें लेंगी। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगाहै। इस आयोजन को लेकर सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच एक करार भी हुआ है।



हार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन बिहार में पहली बार हो रहा है यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है और यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बिहार को इस प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर देने के लिए सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया का हम आभार जताते हैं। साथ ही इसके सफल आयोजन का भरोसा देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेपक टकरा वॉलीबॉल, जिम्नास्ट, फुटबॉल और बैडमिंटन का मिलाजुला रुप है। इसे जब खेलते हैं तब गेंद को पैरों से मारते हैं। हाथों का इस्तेमाल नहीं करना होता है। साथ ही जिम्नास्ट की तरह जम्प मारना होता है।

सेपक टाकरा विश्व कप में शामिल होने वाले संभावित देश जापान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, ईरान, वियतनाम, भारत, ब्राजील, पोलैंड, फ्रांस, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, अमेरिका, सिंगापुर, चीन, स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, चीनी ताइपे, इटली और लाओस शामिल हैं। इनमें से श्रीलंका, अमेरिका, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई तथा इटली केवल पुरुष प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। वहीं बाकी देश महिला और पुरुष दोनों वर्ग में भाग लेंगे।

## बीसीसीआई ने दी राहत, अब चैम्पियंस ट्रॉफी में एक मैच के लिए अपने परिवार को बुला सकेंगे खिलाड़ी

**मुम्बई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का एक मैच देखने के लिए भारतीय खिलाड़ियों का परिवार दुबई जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कहा था कि लंबे दौरे में ही खिलाड़ियों का परिवार कुछ समय के लिए ही उनके साथ रह सकता है। बीसीसीसी ने ये नियम इसलिए बनाया था ताकि खिलाड़ी खेल पर ही ध्यान केन्द्रित कर सकें। इसी कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दुबई गयी भारतीय टीम के किसी भी खिलाड़ी के साथ परिवार नहीं था। वहीं अब बीसीसीआई ने लचीला रुख अपनाते हुए कहा है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को अपने साथ रख सकेंगे।

अभी तक कहा जा रहा था कि चैम्पियंस ट्रॉफी छोटा टूनार्मेंट है। ऐसे में परिवार को खिलाड़ियों के साथ रहने और वीवीआईपी बॉक्स से मैच देखने की अनुमति नहीं होगी! वहीं अब एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई ने केवल एक मैच के लिए परिवार को साथ रखने और मैच देखने की अनुमति दी है। हाल ही में टीम मैनेजमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया से मुलाकात की थी और उस बैठक के बाद ही ये तय हुआ था कि है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को दुबई बुला सकते हैं।

हालांकि, बीसीसीआई ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि खिलाड़ी को बोर्ड को बताना होगा कि किस मैच के लिए वे अपने परिवार को बुला रहे हैं, क्योंकि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। बोर्ड की अनुमति के बाद ही खिलाड़ियों को परिवार को साथ रखने की अनुमति दी जाएगी।

### आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के लिए तैयार की गयीं नई पिचें

**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के दुबई पहुंचते ही पिचें बदल दी गयी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत को खराब पिचें नहीं मिलेंगी। भारतीय टीम अपने तीनो लीग मैच दुबई में ही खेलेगी। इसी को देते हुए भारत के लीग मैचों के लिए दो नई पिचें तैयार रखी गई हैं। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को उसका मुकाबला पाकिस्तान से होगा। वहीं 2 मार्च को उसे न्यूजीलैंड से ग्रुप स्तर का मुकाबला खेलना है। तीनों मुकाबले दुबई में होंगे। यहां पिछले एक महीने में पुरुष अंडर–19 एशिया कप और जनवरी–फरवरी में आईएलटी 20 लीग हुआ है। इसी को देखते हुए आशंका जाहिर की जा रही थी कि भारत को खराब पिचें मिलेंगी पर ऐसा नहीं है। आईएलटी 20 0 के दौरान इस मैदान पर दो नॉकआउट खेलों सहित 15 मैच हुए। वहीं कहा जा रहा है कि स्टेडियम की दस पिचों में से दो को लीग के दौरान इस्तेमाल नहीं किया गया। ताकि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहे। नई पिचें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार साबित होंगी। दुबई की पिच ऐतिहासिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल रही है। तेज गेंदबाजों को यहां मूवमेंट और बाउंस मिलता रहा है। नई पिच पर तेज गति से गेंदबाजी करने वाले स्पिनर मैच में अंतर ला सकते हैं। स्थितियां बल्ले और गेंद के बीच उचित संतुलन प्रदान करने की उम्मीद है। इससे प्रतिस्पर्धी मुकाबले सुनिश्चित होंगे।

## सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे पांड्या

### आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से

**मुम्बई।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकत हैं।

मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए



30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे।

सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं।

सीसीआई ने रविवार आईपीएल के 18वें सीजन का शेड्यूल जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबले से होगा।

### बुमराह के नहीं होने से बांग्लादेश के पास जीत हासिल करने का अवसर : कायेस

**दुबई।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरूल कायेस को उम्मीद है कि इस बार भारतीय टीम में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। कायेस का मानना है कि ऐसे में उनकी टीम के पास 20 फरवरी को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी मैच में जीत हासिल करने का अच्छा मौका है।

### डब्ल्यूपीएल : लैनिंग ने बताया हार का कारण

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मिली हार से बेहद निराश नजर आयीं। लैनिंग ने कहा कि अच्छी शुरूआत के बाद भी हमारी टीम लय बरकरार नहीं रख पायी। भाग्य ने हमारा साथ नहीं दिया। इस मैच में उनकी टीम ने पहले खेलते हुए 141 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को आरसीबी ने कप्तान स्मृति मंधाना के 81 रन की सहायता से जल्दी ही हासिल कर लिया। लैनिंग ने कहा कि आरसीबी ने बीच के दौर में अच्छी गेंदबाजी करके मैच से हमें बाहर कर दिया।

# कैमरे की निगरानी में होगी परीक्षा, नकल माफिया पर रहेगी पैनी नजरः जिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

भदोही। यूपी बोर्ड की तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी विशाल सिंह ने मौजूद केन्द्र व्यवस्थापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 24 फरवरी से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रारम्भ हो रही है, जो 12 मार्च तक चलेगी।

बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी ने जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि अपने-अपने तहसील वाइज सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर रणनीति बना लें, बोर्ड परीक्षा जिले मे 94 परीक्षा केंद्रों पर होगी, जिसमें 03 जोनल,12 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 06 सचल दस्ते, 94 स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं 94 केंद्र व्यवस्थापक तैनात किए गए हैं।

जनपद में परीक्षा केंद्रों के प्रभावी निरीक्षण हेतु इसे 12 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इस बार की माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट में 26912 परीक्षार्थी व हाई स्कूल में 28295 परीक्षार्थी परीक्षा सम्मलित होगें। हाई स्कूल व इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल छात्रों की संख्या 55207 है। परीक्षा सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में करायी जायेगी।

**बैठक**

**3 जोनल, 12 सेक्टर, 94 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा**

**जनपद की यूपी बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल में 26912, इंटर में 28295 कुल 55207 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**



## मकान के दूसरे तल पर लगी आग, लाखों की क्षति

गोपीगंज। नगरीय क्षेत्र के अंजही मोहाल में मंगलवार को दुर्गा प्रसाद जायसवाल के मकान के दूसरे तल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से परिवार के महिलाओं में खलबली मच गई।बताया जाता है कि मंगलवार को नगर में साप्ताहिक बंदी होने की वजह से परिवार के सदस्य बाहर निकले थे, घर में सिर्फ महिलाएं ही थी। अचानक मकान के दूसरे तल पर आग लगने से घर में खलबली मच गई। सब अपनी जान बचाने को भागने लगी और फोन से दुर्गा प्रसाद जायसवाल को फोन कर बुलाया गया। तब तक मोहल्ले के लोग इकट्ठा होकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग अन्य कमरों तक नही फैल सकी अन्यथा काफी क्षति हो सकती थी। दुर्गा प्रसाद जायसवाल ने बताया की कंपनी के द्वारा मिले दो लैप टॉप और एक घर का लैपटॉप और एक एसी सहित घर के अन्य सामान जलकर खाक हो गए, जिसकी कीमत उन्होंने लाखों में बताई है। आग के कारणों के बारे में बताया की शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

# निजीकरण के विरोध में समस्त कर्मचारी प्रबंधन एक साथः अभिषेक प्रजापति

जनसंदेश न्यूज




भदोही। निजीकरण के विरोध में संघर्ष के दूसरे चरण में राज्य विधुत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के केंद्रीय आवाहन पर भदोही जनपद में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के समस्त अवर अभियंता एवं प्रोन्नत सहायक अभियंताओं व कर्मचारियों द्वारा हरियांव स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर शाम पांच बजे से छह बजे तक ध्यानाकर्षण कार्यक्रम किया गया।

प्रदर्शन के दौरान इंजीनियर अभिषेक प्रजापति व इंजीनियर मनोज यादव ने बताया कि प्रबंधन ऊर्जा क्षेत्र में सुधार पीपीपी मॉडल के नाम पर अरबों की संपत्ति को कौड़ियों के दाम में पूंजी पतियों के हवाले करने का कुचक्र रचा हुआ है। प्रबंधन की इस मंसूबे को हम किसी भी हालत में सफल नहीं होने देंगे। बताया कि आंदोलन और तेज किया जायेगा। केंद्र के निदेर्शानुसार समस्त अवर अभियंता एवं प्रोन्नत सहायक अभियंता सुबह दस से शाम पांच बजे तक हाथ मे काली पट्टी बाँध कर नियमानुसार कार्य करेंगे एवं कार्यालय अवधि के बाद आकस्मिक कार्य को छोड़कर कोई कार्य नही किया जाएगा। इस मौके पर इं प्रमोद चौहान, ज्योति प्रकाश, सुजीत पटेल, मनोज कुमार, अरशद अंसारी, ब्रम्दत्त पटेल, रामनयन यादव, मनोज यादव, अमित वैश्य, कमलेश मौर्या, राजेश जायसवाल, लल्लन मेहता, मनीष सिंह, माधव द्विवेदी, आंनद प्रकाश, राजवंश ,पंचम राम सहित संगठन के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क क्रास करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

गोपीगंज। थाना गोपीगंज अंतर्गत जंगीगंज चौकी के सामने हाइवे पर रोड क्रास करते समय अंजही मोहाल निवासी गुलाब चंद जायसवाल 65 पुत्र गेंदा लाल जायसवाल की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि गुलाब चंद जायसवाल उर्फ चटरु पुत्र गेंदा लाल जायसवाल निवासी अंजहि मोहाल जंगीगंज अपनी रिश्तेदारी में गए हुए थे, वापस घर गोपीगंज आने के लिए रोड क्रास कर रहे थे, इसी बीच तेज रफ्तार आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। बताते चले कि मृतक गुलाब चंद जायसवाल के परिजन चौकी जंगीगंज पहुंच गए थे। मृतक के तीन पुत्रियां है जिनकी शादी कर चुके है। मौत की सूचना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

## धर्मात्मा निषाद को न्याय दिलाने को कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




भदोही। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ बिन्द के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया व धर्मात्मा निषाद को न्याय दिलाने हेतु राजपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर को सौंपा। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बिन्द ने कहा कि समाज का वोट लेकर सत्ता में आसीन हो जाते हैं, परंतु समाज का भला न कर केवल अपने परिवार का भला करते हैं। और तानाशाही प्रवृत्ति अपनाने का काम करते हैं। इन्हीं सबके कारण समाज के एक युवा नेता धर्मात्मा निषाद जी को अपना जीवन खोना पड़ा। उन्होंने बताया कि धर्मात्मा निषाद ने अपना जीवन त्यागने से पहले एक सुसाइड पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने साफ-साफ कैबिनेट मंत्री संजय निषाद व उनके दोनों पुत्र को जिम्मेदार ठहराया, परंतु अभी तक इन सब के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने पत्रक के माध्यसे राज्यपाल से मांग किया कि संजय निषाद की गिरफ्तारी के साथ ही मृतक के परिवार को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से वसीम अंसारी, पंडित दीनानाथ दुबे, राजेश्वर दुबे, रमाशंकर बिंद, नाजिम अली, अवधेश पाठक, सुबुकतगीन अंसारी, अवधेश बिन्द, गुरुजी बिन्द, लगनधारी बिन्द, जोगजीत बिन्द, सीता देवी, राजेंद्र मौर्य, महेश चंद्र मिश्रा, धीरज मिश्रा, बालाजी मिश्रा, राकेश बिंद, शमशेर अहमद, लक्ष्मी नारायण, सर्वेश बिन्द, सरफराज अहमद, शक्ति मिश्रा, मोहन बिंद, राकेश कुमार, वारिस, मोनिश अंसारी इत्यादि लोग रहे।

# लेखपाल ने कानूनगो दफ्तर में मेरे साथ की अभद्रता

**आरोप**

**तहसीलदार के समक्ष पेश होकर फफक कर रो पड़ा फरियादी**



केराकत। क्षेत्र के मुर्तजाबाद गांव निवासी सुनील कुमार माली के साथ मंगलवार को दोपहर एक बजे कानूनगो कार्यालय में लेखपाल रामेश्वर द्वारा किये गये दुर्व्यवहार और अभद्रता पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही। लेखपाल रामेश्वर के दुर्व्यवहार से आहत फरियादी तहसीलदार महेन्द्र बहादुर के समक्ष पेश होकर फफक फफक का रोकर अपनी फरियाद सुनायी।

पीड़ित ने बताया कि उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती से मिल प्रार्थना पत्र देने आए हुए थे। एसडीएम के नहीं रहने पर कानूनगो कार्यालय पहुंच कानूनगो हनुमंत तिवारी से मिल मामले को लेकर बातचीत हो रही थी कि हल्का लेखपाल रामेश्वर आये और लगाई गई आख्या को फाड़कर फेंकते हुए कहा कि जो उखाड़ना है उखाड़ लेना जो करना है कर लेना। इसके बाद तहसीलदार महेन्द्र बहादुर के समक्ष पहुंच आप बीती बताते समय उसकी आंखों से आंसू निकल पड़े। जिस पर तहसीलदार ने पत्थरगड्डी के आधार पर भूमिधरी दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस सन्दर्भ में तहसीदार महेंद्र बहादुर ने बताया कि पीड़ित मेरे पास आया था और रोने व आख्या फाड़ने की कोई ऐसी बात नहीं है युवक को संतुष्ट कर घर भेज दिया गया है साथ जल्द से जल्द पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया गया है।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

रामपुर। थाना क्षेत्र के परानपुर गाँव में घर के अन्दर कुंडी के सहारे एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के परानपुर गाँव निवासी अनिल कुमार यादव उर्फ नन्हकू पुत्र अर्जुन यादव 42 परिवार के साथ बाहर रहता था। एक सप्ताह पूर्व वह गांव आया था और बीबी बच्चे मुंबई में रहते है। मंगलवार की दोपहर उसके घर वाले अचानक घर के अंदर उसे फांसी के फंदे से लटकता देख सन्न रह गए। शोर सुन अगल बगल के लोग जुट गए। किसी ने सूचना 112 नम्बर को दी व स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी गई तो मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई और दरवाजा खोला गया तो अनिल का शव कुंडी के सहारे फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला से उनके निजी नंबर फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं बाहर हूं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# खेल से पैदा होती है आपसी मोहब्बत : आजम खान




खेतासराय। क्षेत्र के ग्राम मनेछा गांव में मनेछा कप सीजन-2 रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुहम्मद आजम खान के हाथों संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था।

फाइनल मुकाबला शिव इलेवन खेतासराय और समीर कंपनी जौनपुर के बीच खेला गया। शिव इलेवन खेतासराय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 7 ओवरों में 36 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में समीर कंपनी जौनपुर ने 20 गेंदों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। फाइनल मैच में वैभव ने अकेले 18 रन बनाकर ₹मैन ऑफ द मैच₹ का खिताब अपने नाम किया। वहीं, समीर एंड कंपनी के पवन ने पूरे मैच में 7 विकेट लेने के साथ-साथ 5 रन बनाकर ₹मैन ऑफ द सीरीज₹ का खिताब जीता। खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए मुहम्मद आजम खान ने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस तरह अपने हुनर का प्रदर्शन किया, वह काबिले तारीफ था। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल खेला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में युवा खेल के क्षेत्र में और सुधार करेंगे और अपने परिवार के साथ देश का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि खेल से लोगों में मोहब्बत पैदा होती है और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। खेल दिलों की दूरियां मिटाकर समाज में एकता और सौहार्द स्थापित करता है। खेल से इंसान शारीरिक रूप से मजबूत बनता है, इसलिए युवाओं को खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए। समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। नौजवान समय को व्यर्थ न गंवाएं बल्कि अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए मेहनत करें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए संघर्ष करें। निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी। विजेता और उपविजेता टीमों को साइकिल, ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैच में तालीब शेख (चौरसंड) और फरदीन खान (भूड़कुड़हां) ने कमेंट्री की। वहीं, अंपायरिंग की जिम्मेदारी अब्दुल रहमान, आरिज और समीउल्लाह ने निभाई। इस अवसर पर सिराज अहमद प्रधान, मुहम्मद आदिल, लुकमान, मुहम्मद आसिफ, नोमान, शहमा, अब्दुल्लाह, सकलैन, इमरान, अहमद, सलमान आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। अंत में मैच के संयोजक मुहम्मद साकिब और हुजैफा ने आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# वीटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में छात्राओं को दी गई विदाई

जनसंदेश टाइम्स




खेतासराय। नगर के वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में सोमवार को बारहवीं कक्षा की छात्राओं के लिए भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रबन्धक अनिल कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। वरिष्ठ छात्राओं ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभवों को साझा किया और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। श्री उपाध्याय ने अपने संबोधन में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी आपके जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बेटी पढ़ती है तो उससे दो कुल शिक्षित होता है। इसीलिए बेटियों को समुचित शिक्षा प्रदान करना चाहिए, जो माता-पिता धर्म और उत्तरदायित्व होता है। कार्यक्रम में प्राचार्य विनय सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के महाविद्यालय में उत्साह के साथ प्रवेश लें महाविद्यालय आप सब के लिए ही है।

कार्यक्रम के अंत में बारहवीं कक्षा की छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी ने मंगलकामनाएँ कीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा ने आंगतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कैप्टन राजेश यादव, विनोद कुमार मिश्र, सुनील कुमार उपाध्याय, किश्वर सुल्ताना, सुधा रानी, पण्डित अखिलेश मिश्र, विभा पाण्डेय, पूनम विश्वकर्मा, दिनेश यादव समेत आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय तिवारी ने किया।

## मरीज रेफर करने को लेकर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि व डॉक्टर में हुई नोकझोंक

खुटहन। सीएचसी पर उपचार हेतु मंगलवार को एक मरीज को लेकर आये पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के वाहन चालक और चिकित्सक से हुई कहासुनी के मामले में अस्पताल पहुंचे प्रतिनिधि और डाक्टर के बीच उक्त मरीज को रेफर करने की बात को लेकर जमकर नोंकझोंक हुई। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि का आरोप था कि मरीज का न तो उपचार किया जा रहा है और न ही उसे रेफर किया गया। वहीं चिकित्सक का आरोप है कि उनके चालक ने उन्हें अस्पताल से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दिया है।बनुआडीह गांव निवासी रवी यादव काफी दिनों से पेट दर्द की समस्या से जूझ रहे हैं। मंगलवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव यादव के वाहन से उसे सीएचसी लाया गया। डाक्टर का आरोप है कि मरीजों की लाइन में खड़े वाहन चालक ने उनसे मरीज को तत्काल राम मनोहर लोहिया लखनऊ के लिए रेफर करने को कहा जिसको लेकर कहासुनी होने पर उसने अस्पताल से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दिया। बाद में अस्पताल पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव यादव से भी चिकित्सक से नोंकझोंक हो गई। उनका आरोप है कि उक्त चिकित्सक के द्वारा मरीज का उपचार न कर उसे परेशान किया जा रहा है। गंभीर मरीज को कहने के बाद भी रेफर नहीं किया।

# जनसुनवाई ऐप पर गलत सूचना देकर निस्तारण करने का आरोप

**अतिक्रमण का मामला**

**पीड़ित की बाउंड्री बिना किसी आदेश के बुलडोजर से गिराया**

खेतासराय। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुम्बुलपुर गांव में एक सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए दिए गए प्रार्थना-पत्र पर कार्रवाई के नाम पर लेखपाल ने प्रार्थी की निजी जमीन पर बिना नोटिस दिए बिना किसी न्यायालय के आदेश पर बुलडोजर चलवा दिया। इससे पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत किया जिस पर लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट लगा कर गुमराह करने का पीड़ित ने आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

उक्त गाँव निवासी जुबेर अहमद ने बताया कि उसने गाटा संख्या 105, व 106 पर सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण हटाने के लिए समाधान दिवस पर प्रार्थना-पत्र देकर अतिक्रमण हटवाना चाह रहा थे, आरोप है कि हलका लेखपाल ने शिकायत की अनदेखी करते हुए क्षणिक लाभ के उसकी निजी जमीन गाटा संख्या 107 को निशाना बना दिया। बिना किसी सूचना या नोटिस के जमीन पर जेसीबी चलवा दिया जिससे भारी नुकसान हुआ। जबकि रास्ते पर समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। पीड़ित ने जब आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, तो लेखपाल ने वहां भी गलत रिपोर्ट प्रेषित कर मामले को गुमराह करने की कोशिश की और मामले को फर्जी ढंग से निस्तारण कर दिया। पीड़ित ने इस अन्याय के खिलाफ जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जिलाधिकारी से जांच के लिए गुहार लगाने के साथ-साथ प्रार्थी ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और नुकसान की भरपाई की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोग प्रशासन से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

## संक्षेप

### संकुल मासिक बैठक में दी गई शैक्षणिक उन्नयन पर धार

सुइथाकला। मंगलवार को बुमकहां न्याय पंचायत स्तर की संकुल मासिक बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र के एकडला स्थित कम्पोजिट विद्यालय पर हुई। इस दौरान गुरुजनों द्वारा शैक्षणिक उन्नयन पर अपनी प्रभावी कार्यशैली से धार दी गई। बैठक का शुभारंभ शिक्षिका शशिबाला द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात गत माह की बैठक में प्रस्तावित क्रियाकलापों के क्रियान्वयन और लक्ष्य संप्राप्ति की एआरपी एजाज अहमद द्वारा विद्यालयवार समीक्षा की गई। इस दौरान संकुल गुरु जन टीएलएम व चार्ट के माध्यम से भाषा, गणित, दीक्षा ऐप, रीड एलांग ऐप, 5 टूल किट व निपुण तालिका ऐप द्वारा शैक्षणिक उन्नयन पर धार दी गई। इस दौरान बृजेश सिंह, कृष्णानंद, अजय कुमार, वन्दना अग्रहरि समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल कृष्णा नन्द ने किया। अन्त में विद्यालय के शिक्षक और ब्लाक मंत्री उमेश चन्द यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भैरोपुर मार्ग की दशा दयनीय, लोगों का चलना हुआ दूभर

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय प्रतापगढ़ मार्ग से निकले भैरोपुर से नौवाड़ाडी तक को जोड़ने वाले मार्ग की दशा दयनीय हो गई है। उक्त मार्ग पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे होने से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। उक्त मार्ग की दशा कई महीनों से खराब है। इस मार्ग पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई स्थानों पर तो गिट्टियां तक उखड़ गई है जो लोगों के चलने में परेशानी का सबब बनी हुई है। आए दिन लोग इस मार्ग पर गिरकर चोटिल भी होते रहते हैं। उक्त मार्ग से लोगों का चलना भी दूभर हो गया है। इस बाबत भैरोपुर निवासी गोपालजी पांडेय ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मत के लिए ग्रामीण कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराए किंतु अभी तक इसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है। श्री पांडेय ने आगे बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों राहगीरो का आवागमन होने के बाद भी इसे अभी तक नही बनाया जा सका है। इस मौके पर कार्तिक पांडेय, रामबली प्रजापति, कृपा शंकर पटेल, देवता पांडेय, भोला, लाल बहादुर, लालजी पांडेय आदि ने संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए अविलंब उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### सीखापुर बाजार में फल की दुकान में लगी आग, दो लाख से अधिक का नुकसान

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के सीखापुर बाजार में सोमवार की देर रात एक फल की दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार घनश्याम सरोज ने बताया कि उनकी दुकान में रखे फल और नकद रुपये भी आग की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। घनश्याम सरोज के मुताबिक, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा, हमारी पूरी दुकान जलकर राख हो गई। लाखों का नुकसान हो चुका है, जिससे अब परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी जोगेंद्र बिंद मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।

### अचेतावस्था में मिले व्यक्ति की अस्पताल पहुँचने पर मौत

भदोही। थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत कस्बा शराब ठेके के पास अचेतावस्था में पाए गए व्यक्ति को पुलिस व परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सको ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई। घटना के सम्बंध में बताया जाता हैं कि सोमवार की रात्रि में भदोही पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत कस्बा भदोही भरत टॉकीज के पास देशी शराब के ठेका के सामने मुरारी लाल गौतम पुत्र स्व. अमरनाथ गौतम निवासी ठकुरा रोड गल्ला मण्डी थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 55 वर्ष अचेतावस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर डायल 112 पुलिसकर्मी व परिजनों द्वारा तत्काल ईलाज हेतु एमबीएस अस्पताल भदोही लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक शराब पीने का आदि था। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र आकाश द्वारा दी गई इत्तेफाकिया तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### माटीकला रोजगार योजना में आवेदन से करें स्वरोजगारः डीआईओ

भदोही। जिला खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खण्ड ज्ञानपुर के मुसीलाटपुर में आयोजित किया गया। अतिथियों ने गॉधी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर की उपादेयता व प्रासंगिकता पर बल देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने बताया कि रोजगार के नये पहल के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ईकाइयों का उत्पादों के लिए विपणन सहायता के रूप में उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी, क्रेता, विक्रेता, सम्मेलन आदि आयोजित किए जाते है। जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए स्वरोजगार से नई उड़ान, युवाओं का कौशल विकास रोजगार का आधार, रोजगार के लिए ऋण लेना हुआ आसान, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार, हर हुनरमंद हाथों को काम मिले, नये-नये स्टार्टअप, उद्यम स्थापित करना, रोजगार के अवसर अपार आदि बिन्दुओं पर उनका मार्गदर्शन किया। आरसेटी के डायरेक्टर कन्हैया प्रसाद चौरसिया एवं ट्रेनिंग कॉडिनेटर देवेन्द्र दूबे द्वारा भी खादी व ग्रामोद्योग विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को जागरूक किया गया।

### परमात्म ज्ञान से हो जाता है जीवन सुख शान्ति से भरपूर



भदोही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रशासक सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यालय संयोजक ब्रह्माकुमार हरीश भाई ने कहा कि आज लोगों के पास धन सम्पत्ति सब कुछ है, लेकिन फिर भी जीवन में शान्ति नही है। ब्रह्माकुमारी संस्थान में परमात्मा का सत्य ज्ञान दिया जाता है। यह ऐसा ज्ञान प्रकाश है जो हमारे जीवन को सुख और शान्ति से भरपूर बना देता है।पटना के मोटिवेशनल स्पीकर डा. राजीव सिंह ने कहा कि अगर आपमें आत्मविश्वास हो तो सब कुछ कर सकते हैं। जीवन में वही लोग उन्नति करते हैं जो कि चुनौतियों का सामना करते हैं। रूरकी से आए इन्जीनियर लक्ष्मी चन्द ने कहा कि हम अपने आत्मिक स्वरूप को भूलकर स्वयं को देह समझने लगे इसलिए शक्तिहीन हो गए हैं। भदोही सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी को शिवरात्रि का निमंत्रण देते हुए कहा कि हरेक त्यौहार पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं। जब समय मिले आकर ज्ञान और योग का लाभ लें। प्रारम्भ में ब्रह्माकुमार ब्रजेश भाई ने ब्रह्माकुमारी संस्थान का परिचय देते हुए बतलाया कि इस संस्थान ने अनेक चुनौतियों का सामना कर आज इस मुकाम तक पहुंची है। नई दिल्ली की ब्रह्माकुमारी निर्मला दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# ब्लैक लिस्टेड फास्टैग को टोल प्लाजा पहुंचने पर रिचार्ज कराने से फायदा नहीं

**हो जाएं अलर्ट**

**एनपीसीआई ने टोल टैक्स और फास्टैग के नियमों में किये कुछ बदलाव**

**नये नियमों की अनदेखी पर वाहन मालिक से वसूला जाएगा दोगुना टोल शुल्क**

**टोल प्लाजा पर वाहनों की लगने वाली कतार को देखते हुए नियम बनाए गए आसान**




जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** यदि आप चार पहिया वाहन के मालिक और लंबे सफर पर होते हैं तो निश्चित रूप से रास्ते में आपको टोल प्लाजा मिलेगा और आपको टोल शुल्क भी अदा करना होगा। ऐसा तो आप निश्चित रूप से करते होंगे। लेकिन इसके नियमों में बदलाव कर दिए हैं तो बीते दिनों से प्रभावी हो गए हैं। ऐसे में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। असावधानी या फिर नियमों की अनदेखी के चलते वाहन मालिक से दोगुना टोल शुल्क वसूला जाएगा।

दरअसल, नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने टोल टैक्स और फास्टैग के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। इन बदलावों का उद्देश्य टोल टैक्स वसूली को आसान बनाना और टोल बूथ पर ट्रैफिक की आवाजाही को और आसान करना है। एनपीसीआई के ये नियम बीते 17 फरवरी से लागू हो गए हैं। यहां यह बताना समाचीन होगा कि फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक स्टिकर है। इसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप लगी होती है।

इसे गाड़ी के विंडस्क्रीन पर चिपकाया जाता है। यह वाहन चालक या वाहन मालिक के बैंक खाते या फास्टैग वॉलेट से जुड़ा होता है। फास्टैग की मदद से टोल प्लाजा पर चंद सेकेंड में टोल शुल्क का भुगतान किया जाता है। इससे समय और ईंधन (फ्यूल) की बचत होती है। टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार नहीं लगती है।

जानकारों की माने तो इन नए नियमों के मुताबिक, अगर फास्टैग रीड होने से एक घंटे पहले तक या रीड होने के 10 मिनट बाद तक ब्लैक लिस्टेड रहता है तो पेमेंट नहीं होगा। इसके अलावा अगर फास्टैग में बैलेंस कम है या फास्टैग किन्हीं कारणों ब्लॉक है तो भी ट्रांजैक्शन रिजेक्ट कर दिया जाएगा। इन नियमों की अनदेखी करने पर वाहन मालिक से जुर्माने के रूप में दोगुना टोल शुल्क लिया जाएगा।

नए नियम के मुताबिक, अगर यूजर का फास्टैग ब्लैक लिस्टेड है और वह टोल प्लाजा पर पहुंचने के बाद रिचार्ज करता है तो उसे कोई फायदा नहीं होगा। तुरंत फास्टैग रिचार्ज करने से भी टोल प्लाजा पर भी भुगतान नहीं होगा। ऐसे में वाहन चालक या वालन मालिक से दोगुना टोल वसूला जाएगा। इसलिए अगर आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट है तो वह रीड होने से 60 मिनट के अंदर या फिर रीड होने के 10 मिनट बाद फास्टैग रिचार्ज करा लें।

**इस कारण से हो जाता है फास्टैग ब्लैक लिस्ट**

जानकारों की माने तो फास्टैग ब्लैक लिस्ट किए जाने के कई कारण हो सकते हैं। कहने का आशय यह कि कम बैलेंस होने पर, टोल शुल्क का भुगतान न करने पर, पेमेंट फेल होने पर, केवाईसी अपडेट न होने पर, गाड़ी के चेसिस नंबर व रजिस्ट्रेशन नंबर में गड़बड़ी होने पर आदि कारणों से फास्टैग ब्लैक लिस्ट या ब्लॉक हो जाता है। लिहाजा, जुर्माने से बचने के लिए वाहन चालक या वाहन मालिक को टोल प्लाजा पर पहुंचने से पहले अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक कर लेना चाहिए। पर्याप्त बैलेंस होने पर आप दोगुना टोल शुल्क अदा करने से बच जायेंगे। यदि आपके खाते में पर्याप्त बैलेंस होने के बावजूद भी फास्टैग ब्लैकलिस्ट हुआ तो इसे सही करवाने के लिए आप नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 1033 पर तत्काल कॉल कर सकते हैं।

ऐसा करने पर उनसे दोगुना चार्ज देने से आप बच जायेंगे।

## जनपद में हुई घटनाओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**कार्रवाई न होने पर पूरे जनपद में धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

**बलिया।** विकासशील इंसान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जनपद में हुई घटनाओं पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। कहा कि उभांव थाना क्षेत्र के तुर्तीपार में कुछ दबंगों ने निषाद परिवार को दो बार मारपीट कर घायल कर दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

फेफना थाना क्षेत्र के सहदेश गांव में दबंगों ने चंद्रशेखर साहनी का हाथ तोड़ दिया। उनकी पत्नी एवं अन्य महिलाओं को घायल कर दिया। दबंगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उल्टे पीड़ित परिवार पर ही मुकदमा दर्ज किया गया। रेवती थाना क्षेत्र के भैंसहा में सरोज साहनी की दो भैंस बंदूक की नोंक पर लूट ली गई।

नामजद तहरीर देने के बाद भी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। रेवती थाना क्षेत्र के लमुही में कई निषादों का घर जला दिया गया। अभियुक्तों ने सुलह का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी। सुलह न करने पर पुनः दो दिन पहले दबंगों ने कुछ घर जला दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के रामपुर महावल में दो सप्ताह पहले मिथुन निषाद पुत्र मदन निषाद को पकड़ कर एसिड से बुरी तरह जला दिया गया। पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

मीडिया एवं राजनैतिक पार्टियों के दखल के बाद एक को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य अभियुक्त फरार चल रहा है। चेताया कि उक्त मांगों पर जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर हरेराम साहनी, अजय साहनी, विनोद कुमार चौधरी, सियाराम बिन्द, दिनेश साहनी, गौतम बिन्द, अर्जुन बिन्द आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय मैच में पीजी कॉलेज ने मारी बाजी

जनसंदेश न्यूज



चहनियां फील्ड पर विजेता को ट्रॉफी देते प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह

**चहनियां।** स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज के फील्ड पर एक दिवसीय सद्भावना क्रिकेट मैच खण्डवारी देवी इंटर कालेज और मां खण्डवारी पीजी कालेज के बीच हुआ। जिसमें मां खण्डवारी पी जी कालेज विजेता रही। टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

खण्डवारी देवी इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर खण्डवारी देवी इंटर कॉलेज और मां खण्डवारी पीजी कॉलेज के बीच एक दिवसीय सद्भावना मैच में संस्था के प्रबंध निदेशक डॉक्टर आशुतोष सिंह कैलाशी ने टॉस कराया। जिसमें टॉस जीतकर खण्डवारी देवी इंटर कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन के 73 रन और छत्रसाल के 36 रनों के बदौलत निर्धारित 10 ओवरों में 138 रन बनाया।

जवाब में मॉ खण्डवारी पीजी कॉलेज ने राहुल 67 और सलाउद्दीन के 44 रनों के बदौलत 9 ओवर मे मैच जीत लिया। राहुल यादव को मैन आफ दी मैच दिया गया।

प्रबन्ध निदेशक डॉक्टर आशुतोष सिंह कैलाशी और निदेशक अवनीश सिंह ने विजेता टीम को ट्राफी दिया तथा कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कोई भी हो छात्र या अध्यापक या किसी भी विभाग के हों कोई भी खेल सबको अवश्य खेलना चाहिए, जिससे मस्तिष्क के साथ साथ शरीर भी स्वस्थ हो।

मैच के दौरान डॉक्टर अश्विनी श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, डॉक्टर अजय कुमार सिंह, बाबू लाल यादव, उपेन्द्र दुबे, अभिषेक सिंह, राहुल यादव, अंकित दूबे, प्रहर्ष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। अंपायरिंग का कार्य संस्था के निदेशक अवनीश सिंह व हसनैन ने किया।

## बाइक सवार सरकारी कर्मियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य

**सख्त आदेश**

**साथ यात्रा करने वाले सहयात्री के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक : एस.राजलिंगम**

**चार पहिया वाहन सवारों को सीट बेल्ट लगाना जरूरी, उल्लंघन पर सख्त होगी कार्रवाई**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शासन के आदेश के तहत निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी शासकीय और अर्द्धशासकीय कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी, जो दो पहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे सभी हेलमेट अनिर्वाय रूप से पहनें। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन सवार के साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक है। इसी प्रकार, जो अधिकारी और कर्मचारी चार पहिया वाहन से कार्यालय आते है। उन सभी को सीट बेल्ट अनिर्वाय रूप से पहनना है। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नही करना है। चार पहिया वाहन में अन्य सभी सहयात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है। कार्यालयों में प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मी की तरफ से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जांच करने पर यदि दिये गये निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है, तो कार्यालय में उनके प्रवेश पर रोक लगायी जाएंगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

## सीएचसी में डायलिसिस यूनिट के संचालन की तैयारी

**पहल**

**किडनी के मरीजों को मिलने लगेगी डायलिसिस की सुविधा**

**बांसडीह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल पर डायलिसिस यूनिट के संचालन की तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे मरीज जिनकी किडनी में दिक्कत है या किडनी खराब होती है, उन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है। अस्पतालों में डायलिसिस नहीं होने के कारण मरीजों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब बांसडीह सीएचसी में भी यह सुविधा होगी, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी।

चिकित्सा अधीक्षक डा. विंकटेश मौआर ने बताया कि अस्पताल में आगामी दिनों में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होगी। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। जल्द ही अस्पताल में डायलिसिस यूनिट उपलब्ध होगी। क्योंकि यहां किडनी के भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में इन मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है और उन्हें रेफर कर दिया जाता है। फिलहाल डायलिसिस यूनिट के संचालन को लेकर कक्ष की तैयारियां एवं अन्य जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जैसे ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी, संबंधित कंपनी के तकनीशियन आकर मशीन इंस्टाल करवा देंगे। इसके बाद सीएचसी प्रांगण में किडनी के मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। संभावना है कि फरवरी माह के अंत तक डायलिसिस यूनिट काम करना शुरू कर देगा।

## पानी के भाव बिक रहे टमाटर, नहीं मिल रहा किसानों को तोड़ाई की लागत

जनसंदेश न्यूज



मीरजापुर। राजगढ़ व कर्मा क्षेत्र के किसानों को इस वर्ष खेती से बड़ा घाटा हुआ। किसानों की जमा पूंजी तो दूर मजदूरों की तोड़ाई तक नहीं निकल रही। किसान मजबूरन टमाटर को खेत मे छोड़ दे रहे हैं। किसानों की मांग है कि सरकार को कोल्ड स्टोरेज व केचप आदि की फैक्ट्री लगानी चाहिए। जिससे फसलों की उचित मूल्य मिल सके। किसानों को बैंक व साहूकारों से मुक्ति मिलती।

किसानों का मानना है कि राजगढ़ व कर्मा क्षेत्र की मिट्टी टमाटर के लिए उपजाऊ है। टमाटर पैदा करने वाले किसान बताते हैं कि पानी कम लेकिन लागत अधिक पड़ता है। व्यापारी बिहारी सोनकर ने बताया कि किसानों को लागत देकर टमाटर लगवाया गया था। फायदा तो दूर जमा पूंजी तक वापस नहीं नही हुआ। टमाटर व्यापारी अहमद मियां का कहना है कि इस वर्ष महाकुंभ में जाम की वजह से बाहनो बाहर नही भेजा जा रहा। जब कि कर्मा क्षेत्र से भदोही, जौनपुर आदि जनपद के अलावा नेपाल पाकिस्तान तक टमाटर भेजे जाते थे।

## जलभराव की समस्या से खेल ग्राउंड को मिलेगी निजात

जनसंदेश न्यूज



इंटर कॉलेज गेट के समीप ग्राम सभा की ओर से जर्जर नाले का निर्माण

**सकलडीहा।** सकलडीहा इंटर कॉलेज और पीजी कॉलेज मार्ग पर स्थित नाला जर्जर हो जाने के कारण खेल ग्राउंड में जलभराव की समस्या बनी रहती है। जिसके कारण खेल प्रेमियों के साथ इंटर कॉलेज के छात्र और एनसीसी स्काउट गाइड के बच्चों को अभ्यास करने में काफी परेशानी होती है। विधायक प्रभुनारायण सिंह के पहल पर ग्राम सभा नागेपुर की ओर से जर्जर नाला का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। इससे काफी सहुलियत मिलेगी।

सकलडीहा इंटर कॉलेज का खेल ग्राउंड ब्लॉक स्तर पर सबसे बड़ा ग्राउंड है। यहां पर चुनाव के दौरान विभिन्न पार्टियों की जनसभा का आयोजन होता है। इस खेल ग्राउंड पर सुबह शाम सैकड़ों ग्रामीण वॉकिंग करते है। इसके अलावा क्रिकेट खेल का आयोजन आयेदिन होता है। विद्यालय के छात्रों से लेकर एनसीसी, स्काउट गाइड के छात्र अभ्यास करते है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतना बड़ा खेल ग्राउंड होने के बाद भी अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि खेल ग्राउंड के सुंदरीकरण तो दूर बाउंड्री तक नहीं कराये जाने से खेल ग्राउंड में जलभरॉव की स्थिती उत्पन्न हो जाता है। जबकि हर गांवों में शासन की ओर से ओपेन जिम भी लाखों की लागत से लगाया जा रहा है। बीते कई माह से कॉलेज मार्ग की जर्जर नाला के कारण नाबदान का पानी खेल ग्राउंड में भर जा रहा था। जिसे लेकर काफी आक्रोश था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक प्रभुनारायण सिंह के पहल पर ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने ग्राम सभा की ओर से नाला निर्माण कार्य शुरू कराया है। इस बाबत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव ने बताया की जर्जर नाला की मरम्मत और उंचाई बढ़ाया जा रहा है। जिससे नाबदान के पानी से खेल ग्राउंड को निजात मिल सके।

## बिना साइलेंसर के फर्राटा भर रहे बुलेट सवार

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा समेत आसपास बुलेट से साइलेंसर निकाल कर फरार्टा भर रहे हैं। इनके शोर से जहां नागरिकों को परेशानी हो रही है वहीं इन पर कार्रवाई भी नहीं हो रही है। बुलेट का शौक जहां सर चढ़ कर बोल रहा है वहीं बाइक में साइलेंसर बदलवा कर पटाखे की आवाज में फरार्टे भरना शौक हो गया है। बीच में तत्कालीन पुलिस कप्तान द्वारा पूरे जनपद में अभियान चला कर सीज करने की कार्रवाई हुई थी। जिसका प्रभाव रहा कि पटाखा आवाज में साइलेंसर लोगों ने बंद कर दिया था। इधर फिर यह शौक धड़ल्ले से चल रहा है। सड़कों पर तेज आवाज पटाखे सरीखे साइलेंसर लगाकर कहीं भी बुलेट सहित अन्य बाइक सवार भी दिख जायेंगे। नागरिकों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नागरिकों ने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

## पटरियों पर बालू गिट्टी गिराए जाने से हो रही दुर्घटनाएं

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के प्रमुख मार्ग लखनऊ बलिया मार्ग हो या मुख्य मार्ग से गांव तक जाने वाली पक्की सड़क हो, हर सड़क मार्ग के किनारे मकान दुकान का निर्माण कराने वाले गिट्टी बालू आदि सड़क की पटरी सहित सड़क तक गिराकर छोड़ दे रहे हैं जिससे आयेदिन दुर्घटना हो रही है। इसके कारण सड़क मार्ग से चलने वाले बालू गिट्टी में फंसकर फिसल कर गिरकर घायल हो रहे हैं। क्षेत्रवासी बहादुर यादव, बतीस यादव, चन्द्रभान, नदीम अहमद, मो. आशिफ, हसीब अहमद आदि ने स्थानीय प्रशासन से सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

# वाराणसी में बेहद डरावनी हो गई है श्रद्धालुओं की भीड़...

## 24 से बोर्ड की परीक्षाओं में कैसे जायेंगे छात्र, भीड़ के चलते एम्बुलेंस भी ले जाना संभव नहीं

**महाकुंभ से वापसी**

**गंगा तट पर जहां कभी शांति थी आज कोलाहल है**

**जाम को लेकर महिलाओं से बातचीत**


राधेश्याम कमल



प्रो. रचना शर्मा



अन्नपूर्णा पांडेय



सरला नारायन सिंह



प्रतिमा मिश्रा



डॉ. ममता टंडन



ज्योति यादव



भारती गणेशन



कंचनलता चतुर्वेदी



डॉ. शुभा श्रीवास्तव



शोभा मिश्रा

**वाराणसी।** महाकुंभ को लेकर काशी आयी भीड़ अब बेहद डरावनी हो गई है। 24 से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली है। इतनी भीड़ ये परीक्षार्थी कैसे जायेंगे।इतनी भीड़ में एम्बुलेंस भी चलना मुश्किल है। गंगा तट पर जहां शांति रहती थी आज वहां कोलाहल है। चारों तरफ जाम ही जाम है। लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल है। भीड़ को लेकर हर कोई परेशान है।

इस संदर्भ में महिलाओं की राय ली गई। प्रो. रचना शर्मा का कहना है कि भारतीय जनमानस में अपनी गहरी पैठ रखने वाली काशी इस समय तीर्थयात्रियों के सैलाब में डूब गई है। विशेषकर काशी विश्वनाथ के निकट के क्षेत्र गदौलिया, दशाश्वमेध, चौक, ज्ञानवापी में कुम्भ नगरी प्रयागराज जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। यह भीड़ बेहद डरावनी है। दिन हो या रात हर हर महादेव का उद्घोष निरन्तर चल रहा है। एक साथ इतने तीर्थयात्रियों के नगर में प्रवेश ने निश्चित रूप से यहां के वाशिंदों के रोजमर्रा के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

शहर के निवासियों को अपने घर पहुंचने के लिए सीधा रास्ता छोड़कर गलियों की परिक्रमा करनी पड़ रही है पर काशी भोलेनाथ के मस्तमौलाओं का शहर है इसलिए यहां के नागरिक अपनी परेशानियों के बीच भी मुस्करा कर लोगों की मदद कर रहे हैं और उन्हें रास्ता बता रहे हैं। उनका कहना है कि अरे थोड़े दिन क बात हो, सब ठीक हो जाई' यही है औघड़दानी की काशी जो सबका स्वागत करती है और यहां यात्रियों से लोग कहते मिल जाते हैं घबरा मत यहां क राजा भोलेबाबा हउअन, यहां सबके दर्शन मिली।

शिक्षिका अन्नपूर्णा पाण्डेय कहती हैं कि काशी में महाकुम्भ के पलट प्रवाह के चलते काशी में घर से निकलना कठिन हो गया है। मैं विद्यालय में शिक्षिका हूं। विद्यालय तो बन्द है किन्तु हमें विद्यालय जाकर आन-लाइन कक्षा लेना पड़ता है। भारी भीड़ के कारण साधन मिलना कठिन हो गया है। मनमाना भाड़ा देकर आना-जाना पड़ रहा है। प्रतिदिन का गृहस्थी सम्बन्धित कार्य भी बुरी तरह बाधित हो रहा है। सर्वाधिक समस्या गम्भीर रोगियों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को हो रही है, वहीं खाने-पीने की दुकानें एवं ठेला-रेहड़ी वालों का धन्धा अच्छा-खासा हो जा रहा है। इनकी एवं श्रद्धालु जनों की प्रसन्नता देखकर यह भी प्रतीत हो रहा है कि यह आकस्मिक व्यवधान ठीक है।

काशीवासी होने के नाते श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान है। हिन्दू बहुत लम्बे अन्तराल के बाद हीनता बोध से मुक्त हो कर मुखरता से सनातन एवं हिंदुत्व के प्रति जो गर्व का प्रदर्शन कर रहा है इस झुकाव-जुड़ाव का स्वागत है। नृत्यांगना सरला नारायन सिंह कहती हैं कि प्राचीन काल से ही काशी नगरी धर्म और आध्यात्म की नगरी रही है। यहां शुरू से ही तीर्थ यात्री आते रहे है परंतु वर्तमान समय में जो स्थिति है इस कदर भीड़ हो रही है जो बेहद डरावनी है। बाबा विश्वनाथ एवं काल भैरव का दर्शन अब काशी वालों के लिए दुर्लभ हो गया है। सड़क क्या गली में भी भीड़ बढ़ गई है घर से निकलना मुश्किल हो गया है।सारे कार्य जैसे ठप हो गए है। स्कूल बंद है।

किसी को हॉस्पिटल ले जाना हो तो एम्बुलेंस का निकालना असंभव है। 24 से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है इस स्थिति में बच्चे स्कूल कैसे जायेंगे। जिन बच्चों से हमारे देश का भविष्य है उनके बारे में भी कोई सोच रहा है ये अत्यंत विचारणीय प्रश्न है। शिक्षिका प्रतिभा मिश्रा काशी की प्राचीन गलियों में उमड़ती भीड़ संग, काशीवासिनियों का धैर्य हर दिन नए संघर्षों से गुजर रहा है।मंदिरों की सीढ़ियों पर उमड़ी भीड़ में, श्रद्धा तो दिखती है, पर स्थानीय जन और विशेषकर नारियों के लिए सहजता कहीं खो जाती है। गंगा के घाटों पर जहां कभी शांति थी, अब वहां हर क्षण कोलाहल और भीड़ का साम्राज्य है। गंगा किनारे की शामें अब भी सुनहरी हैं, पर वहां की भीड़ में खो जाने का डर हर मन में समाया है। नृत्यांगना डा. ममता टंडन बताती हैं कि बाजारों में रौनक तो बढ़ी है, पर महंगाई की लहर ने गृहिणियों की चिंताओं को गहरा कर दिया है। यातायात में बढ़ते धक्कों के बीच, घर से बाहर निकलना अब एक संघर्ष बन चुका है।

धर्म और आस्था की इस नगरी में, काशी की बेटियां खुद को असहज महसूस करने लगी हैं। भीड़ के बीच अपने की छवि बनाए रखने का कर्तव्य कठिन हो गया है। काशी में बढ़ती तीर्थयात्रा एक आशीर्वाद भी है, पर इसकी छाया में आम जन एवं महिलाओं की शांति, सुरक्षा और स्वतंत्रता भी एक विचारणीय विषय बन गया है। कंचनलता चतुर्वेदी कहती है कि कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अहम हिस्सा है। यह मेला आस्था का केंद्र है। हम इस पर नकारात्मक टिप्पणी नहीं कर सकते लेकिन प्रयागराज से काशी आने वाले तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण काशीवासियों पर जरूर प्रभाव पड़ा है। अत्यधिक भीड़ की वजह से आवागमन में स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी हो रही है और घर से निकलना दुर्लभ हो गया है। बच्चों के स्कूल जाने पर रोक लग गई है और दफ्तर, दुकान आदि अपने काम पर जाने वाले लोग बड़ी मुश्किल से और देर से पहुंच पा रहे हैं। पूरे शहर में जाम की स्थिति है, काशीवासियों का जीवन जैसे अस्त व्यस्त हो गया है।

शिक्षिका डा. शुभा श्रीवास्तव काशी अपने धार्मिक स्वरूप के कारण चिरकाल से ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही है। बाबा विश्वनाथ की नगरी में आकर हर तीर्थ यात्री अपने को धन्य मानता है। पर्यटन का यह विस्तार आर्थिक रूप से तो अवश्य लाभप्रद है परंतु इधर कुछ वर्षों में तीर्थ यात्रियों की इतनी संख्या बढ़ गई है कि बाबा विश्वनाथ तथा कालभैरव आदि का दर्शन स्वयं काशीवासियों को दर्शन पूजन से वंचित कर रहा है। सड़कों पर बढ़ती भीड़ लगातार परेशानी का सबब बन रही है। काशी में सड़कों का जाम एक आम बात हो गई है।

वर्तमान समय की बात मैं करूं तो महाकुंभ मेले के कारण बढ़ी हुई भीड़ ने स्कूलों को बंद करवा दिया। ऑफिस आदि कार्य को जाने वाले लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसी स्थिति में विचारणीय यह है कि बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन विद्यार्थियों की मुश्किलों को बढ़ाएगा। पर्यटन की यह भीड़ काशीवासी की समस्याओं को लगातार बढ़ा रही है। अब देखना यह है कि काशी वासियों को इन समस्याओं से निजात कब मिलेगी ताकि उनका जन जीवन सामान्य हो सके। शोभा मिश्रा कहती हैं कि काशी में जो भीड़ उमड़ी है उससे पूरा जीवन शहर का थोड़ा अस्त व्यस्त तो हो गया है। जैसे सड़कों पर जाम है। स्कूल बंद है और छोटे बड़े सभी लोग कहीं ना कहीं परेशान हैं क्योंकि काशी तीर्थ है श्रेष्ठ है तो वहां लोग आ रहे हैं लेकिन मेरा यहीं मनाना है कि ईश्वर तो हर जगह है प्रेम हो तो' हमें ऐसा लगता है कि जो जहां है वहां ईश्वर की आराधना करें ईश्वर हर जगह हर जीव में है जहां प्रेम है वहां ईश्वर है'।

अध्यापिका भारती गणेशन का कहना है कि बनारस में दिन प्रतिदिन तीर्थयात्रियों, पर्यटकों के अनवरत आवागमन से नित्य ही भीड़ का सामना सभी को करना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां होने वाले उत्सवों, गंगा आरती, नाव की सैर आदि से यहां का दैनन्दिन जीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, अध्यापक सही समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में टोटो, कार, मोटर आदि वाहनों ने पूरे शहर को जाम कर रखा है। इनकी अंधाधुन्ध गति से भगवान ही बचाये। मेरी हाथ की हड्डी तेज गति से आ रही स्कार्पियो की वजह से टूट गई। आखिर कब तक हम इस जाम से मुक्त होंगे।